e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 66

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
07.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

कल आपने जैसा किया था, अगर आज उससे ज्यादा कर रहे हैं, तो आप सफलता की ओर बढ़ रहे हैं।

# राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

## यहां होगी नियुक्ति

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

## यहां होगी नियुक्ति

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

# 2,454

अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

## श्री चम्पाई सोरेन

मानीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा



**दिनांक: 07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**

**समय: 12:00 बजे मध्याह्न**

**स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची**

## विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

PR NO-321791 (IPRD) 23-24

# 28 सेविका व 28 सहायिका को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पोषण पखवाड़ा एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह तथा सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत नये लाभुकों का प्रथम भुगतान का उत्सव से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल में किया गया.उपायुक्त शशि रंजन,जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया.इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के नये पेंशनधारियों के 4451 लाभुकों के बीच कुल 8902000 रुपये प्रथम क़िस्त के रूप में उनके खाते में ट्रांसफर की गयी.इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने टाउन हॉल में कुछ लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया.इसी तरह आज राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना अंतर्गत 86 लाभुकों के बीच 20 हज़ार रुपये की दर से कुल 1720000 रूपये का भुगतान किया गया.

**टाउन हॉल में विभिन्न योजनाओं से विभिन्न लाभुकों को किया गया लाभान्वित**

टाउन हॉल में 10 नवचयनित सेविका एवं सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया.वहीं राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दो लाभुकों का चयन किया गया.इसी तरह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पांच लाभार्थियों को लाभ दिया गया.सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 बच्चियों को लाभ दिया गया.वहीं कुल 28 सेविका व 28 सहायिका को सम्मानित किया गया.इसके अलावे गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम कराया गया वहीं बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया.उपायुक्त श्री रंजन ने खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया.

**सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की अहम भूमिका : उपायुक्त**

इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की अहम भूमिका है.उन्होंने कहा कि ग्राउंड ज़ीरो पर कुल सेविका 28 सहायिका तैनात रहती है वो अपने परिवार का ध्यान रखते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने में अपना योगदान देती है यह प्रशंसनीय है.उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने जाते है वहां उनका ख्याल आंगनबाड़ी सेविका रखती हैं बच्चे के भविष्य को संवारने में अपना योगदान देती है.उन्होंने कहा कि युहीं नहीं कहा गया है कि एक महिला साक्षर हो जाती हैं तो अगले कई जेनरेशन भी साक्षर हो जाते हैं.उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की बैकबोन है.उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन कार्यो में भी आपकी सहभागिता आवश्यक है उन्होंने सभी से अपने मोबाइल में वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया.इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि इस मॉडर्न युग में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है जिसका उदाहरण आप मंच पर भी देख सकते हैं जहां जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु,व जेएसएलपीएस की डीपीएम शांति मार्डी बैठीं हैं.

**समाज कल्याण से जुड़ी योजनाओं के लगाये गये थे स्टॉल, ये रहे उपस्थित**

टाउन हॉल में समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाये गये थे सभी स्टॉल का उपायुक्त ने अवलोकन किया.मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, समेत बड़ी संख्या में सेविका व सहायिका उपस्थित थे.ज्ञातव्य है कि उपरोक्त विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ रांची में मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने किया जिसके पश्चात मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# विधायक चंदा के पैसो से विवाह कराते है, गरीबों के पैसे से नाच गाना कराते है : पूर्व विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा गरबाँध पंचायत में न्याय यात्रा का आयोजन किया गया। पंचायत के सैकड़ो लोग पंचायत के पाटगढ़ से राजा तालाब तक मार्च में भाग लिया। इस दौरान केंद्रीय एजेंसी के विरोध में और हेमंत सोरेन के समर्थन में जमकर नारेबाजी किया गया। राजा तालाब के समीप जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी पार्टी के नेताओं को परेशान कर रहे हैं। झूठे केस में फंसा कर विपक्ष के नेताओं को दबाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या किया जा रहा है। जबकि सबसे अधिक भ्रष्टाचार में सबसे अधिक भाजपा के लोग लिप्त हैं। भाजपा के भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है। हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसा कर भाजपा के लोग जेल में डालने का काम कर रहे हैं। यहां की जनता और जेएमएम के लोग बर्दाश्त नहीं करेगे। जब तक न्याय नहीं मिल जाता जेएमएम का आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक ने विधायक भानु प्रताप साहब पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह के नाम पर क्षेत्र में चंदा उगाई की गई है। चंदा उगाही कर नाच गाना करना शर्म की बात है। कार्यक्रम के दौरान 21 लोग जेएमएम में शामिल हुए। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम को अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे,सोहन उरांव, कामता प्रसाद, अमरनाथ पांडे, दिनेश यादव, जितेंद्र गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, रंजीत यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, जितेंद्र राम सहित कई लोगों को संबोधित किया। मौके पर नीतीश चंद्रवंशी,राम जन्म चंद्रवंशी, किरण देवी, झारो देवी, प्रभु राम,नीतीश चंद्रवंशी, अशोक यादव, नंदू ठाकुर, कुटिया देवी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ सम्पन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण को सुना गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने किया। संचालन मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी ने किया। वह कार्यक्रम का समापन मंडल महामंत्री कन्हाई प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम प्रभारी महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्रीमती शिला देवी मुख्य रूप से उपस्थित हुई। शीला जी ने कार्यक्रम में बताया कि महिलाओं हक अधिकार एवं आत्म निर्भर नारी शक्ति को जगने की जरूरत है नारी हर दृष्टिकोण से देखा जाय तो वो आगे बढ़ चढ़कर हिसा ले रही है आज भाजपा में दर्जनों महिलाओं को भाजपा में शामिल किया गया और सदस्यता दिलाया गया मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री जी किए जन कल्याण कारी उपलब्धि के बारे में बताया मौके पर इस कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य विजय प्रसाद गुप्ता कोसाध्यक्ष मनोज यादव युवा अध्यक्ष अवधेश यादव उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन पिंटू यादव रितुराज कुमार अखलेश यादव भोला यादव जसमतिया कुँवर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षा चिंतामनी देवी सुनीता देवी राखी देवी आसा देवी आरती देवी सुधा देवी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला आयुष्य समिति के सौजन्य से प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया कर आयुष पद्धति के माध्यम से निःशुल्क इलाज किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने महिला चिकित्सक डॉ0 शबाना परवीन से स्वास्थ्य संबंधी जांच कराया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस तरह का शिविर लगाकर लोगों को लाभ देना सराहनीय प्रयास है।उन्होंने आमलोगों से भी शिविर से लाभ उठाने की अपील की। मौके पर उपस्थित हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. पीएन सिंह ने कहा कि यह शिविर राज्य सरकार के निर्देश पर जिला आयुष समिति द्वारा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आर्थो आर्थराइटिस व मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द आदि का इलाज आयुष्मान पद्धति द्वारा किया जा रहा है। जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है। उन्होंने बताया कि यह शिविर 7 मार्च तक लगाया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से योग शिक्षक हंसराज मौर्या, लैब टेक्नीशियन रवि पाठक, सहिया हमीदा खातून, उर्मिला देवी सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में लिया गया साक्षात्कार



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं के नियोजन हेतु एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में रिक्त शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें साक्षात्कार समिति में विशेष रूप से वी के द्विवेदी, विजय कुमार दुबे, मुकेश सिंह, बरुचि राकेश, डॉ.जगदम्बा सिंह के सामने अलग-अलग विषयों के लिए जिसमे - हिंदीं, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित के लिए 40 छात्र-छात्राये सम्मिलित हुए। जिसमें चयन समिति ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लेकर योग्य छात्र-छात्राओं को चयन किया। इस चयन प्रक्रिया का नेतृत्व डा .जगदंबा सिंह प्राचार्य (E.P.B.C) एवं सहयोग में सभी प्राध्यापक ने भाग लिया इस साक्षात्कार में बहुत से छात्र पहली बार साक्षात्कार पैनल का सामना किया और उन्हें अपने अंदर जो असहजता दिखाई दिया साक्षात्कार समिति ने दूर करने का सुझाव दिया।

# नए थाना प्रभारी बने अनिमेष शांतिकारी



**खरौन्धी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के नए थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि मेरा पहली प्राथमिकता निष्पक्ष तरीके सेवा करना एवं अपराध तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना होगा। उन्होंने खरौन्धी थाना क्षेत्र वासियों जनप्रतिनिधियों से तथा गनमान्य व्यक्तियों से अपील किया है कि आप सभी का किसी तरह का कोई समस्या हो आप हमसे सीधे संपर्क करें। आपका समस्या का मैं जल्द से जल्द निस्वार्थ भाव से निपटारा करूंगा। आप सभी खरौन्धी पुलिस को सहयोग करें आपकी सेवा के लिए हमेशा 24 घंटे तैयार रहेंगे। मौके पर छोटा बाबू रवि कुमार केसरी, निरंजन कुमार सहित सभी पुलिस के जवान मौजूद थे।

# शिवशक्ति धाम कजरी सजकर तैयार



**पड़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कजरी कोयल अमानत संगम तट स्थित प्राचीन शिवशक्ति धाम जीर्णोद्धार के बाद सज कर तैयार है. शिवरात्रि से एक दिन पूर्व गुरुवार को मंदिर परिसर में हनुमान जी की मूर्ति का प्राणप्रतिष्ठा और भंडारे का आयोजन होगा. शुक्रवार शिवरात्रि के दिन बाहर से आए कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण में गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा. वहीं भव्य मेला का आयोजन भी किया जाएगा। उक्त जानकारी शिवशक्ति धाम ट्रस्ट के लोगों ने दी.बताया की शिव मंदिर बहुत प्राचीन मंदिर है. यहां आनेवाले वाले भक्तो को भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है और उनका मनोकामना पूर्ण होता है। गांव के पुरोहित शालिग्राम पाठक ने बताया की शिव की कृपा ही है की 1976 में आए प्रलय कारी बाढ़ में पूरा मंदिर डूब गया था। लेकिन मंदिर को कोई क्षति नही हुआ. तब से लोगों की आस्था और बढ़ गया। कहा की मंदिर का निर्माण जन्म से पहले हुआ है.मंदिर परिसर में आए दिन शादी विवाह भी होता है. इधर मेला की तैयारी को ले मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।

# टिकट मिलने के बाद सांसद वीडी राम का किया जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** भाजपा का लगातार तीसरी बार लोस टिकट मिलने के बाद पलामू सांसद विष्णु दयाल राम बुधवार को झारखंड पहुंचे.जहां रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पलामू सांसद वीडी राम का भाजपाइयों व समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया.श्री राम को पुष्पगुच्छ देकर उन्हें बधाई दी.बी डी राम ने पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया.कहा कि पार्टी नेतृत्व का भरोसे पर खरा उतरते हुए पलामू लोक सभा सीट को भारी अंतर से जीत कर प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में अहम भूमिका निभाऊंगा.सांसद के विश्रामपुर प्रतिनिधि सह युवा भाजपा नेता अनुज कुमार पांडेय ने बी डी राम को उम्मीदवार घोषित किए जाने हेतु प्रधानमंत्री सहित सभी आला नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, सतबरवा प्रतिनिधि मनीष प्रसाद, बिश्रामपुर प्रतिनिधि अनुज पांडेय, जिला सामनयक संजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जय जमुहरी मईया क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। यह मैच जपला-छत्तरपुर रॉड के नाग बाबा मंदिर के समीप खेल मैदान पर खेला गया। इसकी शुरुआत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी मुन्ना कुमार देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। यह मैच कबरा व रामबिगहा की टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामबीघा की टीम 6 विकेट खोकर 134 रन बनाने में सफल रहा। जबाबी पारी खेलते हुए कबरा की टीम 7 विकेट खोकर निर्धारित 12 ओवर में सिमट गई। और रामबीघा कि टीम टूर्नामेंट का विजेता बन कप को अपने नाम कर लिया। मैन आफ द सीरीज का खिताब शशि पासवान व मैन ऑफ द मैच शुभम कुमार को दिया गया। रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि खेल में असीम संभावनाएं है। उन्हीने राज्य क्रिकेट एसोसिएशन से बात कर स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर उपेंद्र यादव, अनीश पटेल, प्रदीप पटेल, अभिषेक पटेल सत्या पटेल, कृष्णा गुप्ता, दीपक पटेल आदि सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को सफलता हेतु भाजपा की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सेमिनार हॉल में भाजपा की एक बैठक हुई बैठक में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की सफलता पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा व संचालन महामंत्री अर्चना देवी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवाशी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की महिलाओं को अभूतपूर्व सम्मान दिया है। महिलाओं के उत्थान और उन्हें स्वाल्मबी बनाने हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। जिससे देश की महिलाएं सशक्त हुई हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी का ऑनलाइन कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया.मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी, संतोष कुमार सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अबुआ आवास में काफी अनियमितता बरती गई है, जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ नही मिल रहा है : पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अबुआ आवास में काफी अनियमितता बरती गई है.जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ नही मिल रहा है.उक्त बातें पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने बुधवार को चेचरिया स्थित आवास पर प्रेसवार्ता के दौरान कही.उन्होंने कहा कि अबुआ आवास में हुई गड़बड़ी की कई सूचनाएं मिल रही है.उन्होंने कहा कि भवनाथपुर प्रखंड के सरैया ग्राम निवासी कंचन कुँवर व राजकुमारी देवी ने उन्हें आवेदन देकर बताया कि उन्हें अबुआ आवास योजना का लाभ नही मिला.कंचन कुँवर ने आवेदन में बताया है कि एक ही कच्चा मकान में चार पटीदार कांति देवी पति रवि साव,मनरावती देवी पति राजू प्रसाद,लक्ष्मी देवी पति सुनील साव रहते हैं. उसी घर मे कंचन कुँवर घर के कुछ भाग में प्लास्टिक डालकर अपने दो बेटों के साथ रहती है.मकान की स्थिति काफी जर्जर है.वहीं राजकुमारी देवी ने बताया है कि एक ही मकान में दो परिवार रहती है.श्री केशरी ने कहा कि उक्त व्यक्तियों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिलना चाहिये. उक्त महिलाओं ने बीडीओ को भी आवेदन दिया है। श्री केशरी ने कहा कि सूचना का अधिकार कानून 2005 के तहत जन सूचना पदाधिकारी सह बीडीओ भवनाथपुर को आवेदन देकर उक्त महिलाओं द्वारा दिये गये आवेदन पर की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी की मांग किया है साथ ही उन्होंने पंडरिया पंचायत में अबुआ आवास योजना कब से शुरू किया गया तथा कितने लाभुकों का आवास स्वीकृत किया गया.ग्रामवार किसका किसका आवास स्वीकृत किया गया?, मुख्यमंत्री द्वारा गढवा में पंडरिया पंचायत के लाभुकों को अबुआ आवास दिया गया है.यदि दिया गया तो देने की तिथि सहित लाभुकों का नाम,गाँव व पूरा पता सहित सूचना उपलब्ध कराने तथा कंचन कुँवर के पति के मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर इसके आश्रित परिवार कंचन कुँवर को पारिवारिक लाभ योजना की के तहत लाभ उपलब्ध कराया गया है?यदि नही कराया गया है तो योजना की 20 हजार रुपये की राशि,विधवा पेंशन व दोनों नाबालिक बच्चों के पढ़ाई की व्यवस्था एवं पेंशन कितने दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जायेगा, इसकी पूर्ण सूचना उपलब्ध कराने की मांग किया है। प्रेसवार्ता में अनिल गुप्ता, सलीम अंसारी, अरुण कुमार उपस्थित थे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच में सुशीगंज ने ईटबांध को पराजित किया

# विजेता को 9 हजार नकद और उपविजेता को 45 सौ नकद और ट्रॉफी प्रदान किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** पलामू के अतिनक्सल प्रभावित सुशीगंज इलाके में बदलाव की बयार बह रही है। इलाके के युवक अपने हाथों में क्रिकेट का बल्ला लिए बदलाव की एक बड़ी लकीर खींच रहे हैं। कभी छतरपुर प्रखंड के सुशीगंज का इलाका नक्सल मामले में बेहद कुख्यात रहा है जहां यह इलाका नक्सलियों का पनाहगाह में तब्दील था तो कभी इलाके में पुलिस के बूटों की ठाप गूंजा करती थी। इलाके के युवाओं ने युवा क्रिकेट क्लब के तत्वाधन में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जिसका फाइनल मैच सुशीगंज और इटबांध गांव के बीच खेला गया। सुषीगंज की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में कुल 179 रन बनाए वहीं इटबंध की टीम 154 रन पर ही ऑल आउट हो गई। 93 रन और दो विकेट लेने पर बाबू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पंकज पासवान ने दिया। प्रतियोगिता के फर्स्ट इनिंग में मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद भाजपा नेता संजय सिंह कर्नल, डॉ रामरेश यादव, समाजसेवी सह छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, पंकज पासवान और अरुण ठाकुर शामिल हुए। मैच समाप्ति के बाद हुसैनाबाद के बीजेपी नेता कर्नल संजय सिंह और समाजसेवी लाल बिहारी यादव भी पुरस्कार वितरण के लिए समारोह में शामिल हुए और विजेता, उपविजेता टीम और मैन ऑफ़ द मैच का ट्रॉफी प्रदान किया। विजेता टीम को 9 हजार नकद और उपविजेता को 45 सौ नकद और ट्रॉफी प्रदान किया गया। टूर्नामेंट में पुरस्कार की व्यवस्था परिवहन विभाग में अधिकारी सुशीगंज निवासी समाजसेवी लाल बिहारी यादव के सौजन्य से कराया गया था। वहीं क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान का टूर्नामेंट के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुरस्कार वितरण के बाद हुसैनाबाद के समाजसेवी कर्नल संजय सिंह ने कहा की ग्रामीण इलाकों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बस उन्हें अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। टूर्नामेंट को सफल बनाने में सुशीगंज युवा क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, पूर्व मुखिया पंकज पासवान, दीपराज, छोटू, जितेंद्र यादव, सोनल गुप्ता, मिथलेश पासवान, अशोक कुमार राम सहित कई युवाओं ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 66

गुरुवार

07.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

कल आपने जैसा किया था, अगर आज उससे ज्यादा कर रहे हैं, तो आप सफलता की ओर बढ़ रहे हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### एनआईए ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट हमलावर पर 10 लाख का इनाम किया घोषित

**नई दिल्ली :** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने हमलावर के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।एक मार्च को बेंगलुरू के रामेश्वर कैफे में हुए ब्लास्ट मामले की जांच मंगलवार को गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। एनआईए ने हमलावार का फोटो पोस्टर रूप में जारी किया है।कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर का कहना है कि शहर की पुलिस को मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और वह इसे सुलझाने के करीब पहुंच रही है।उल्लेखनीय है कि एक मार्च को व्यस्ततम समय में हुए ब्लास्ट में 10 लोग घायल हो गए थे।

### सवा दो करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**शाहपुरा :** शाहपुरा जिले की रायला थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।शाहपुरा एसपी राजेश कुमार कांवट ने बुधवार को एसपी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्रवाई की जानकारी दी है। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि सुबह नाकाबंदी में बड़ी कार्रवाई करते हुए फलों की आड़ में एक ट्रक में लगभग दो करोड रुपये मूल्य के अफीम डोडा पोस्त ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रायला पुलिस ने नाकाबंदी कर आयशर ट्रक को पकड़ा है। उसकी जांच में 1359 किलोग्राम डोडा पोस्त पाया गया, जिसे जब्त किया है। तस्करी के मामले में एक आरोपित ट्रक के चालक संदीप कुमार पुत्र चंदू राम जाति औड निवासी हमामगड़ मोहल्ला थाना सिटी पटियाला को गिरफ्तार किया गया है।

### नौसेना ने मिनिकॉय द्वीप पर शुरू किया नया नेवल बेस आईएनएस जटायु



**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीपों में अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए मिनिकॉय द्वीप पर बुधवार को आईएनएस जटायु तैनात कर दिया है। इससे भारत को क्षेत्र में विरोधियों की सैन्य और वाणिज्यिक गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। हिंद महासागर क्षेत्र में नजर बनाए रखने के लिए बनाया गया यह नया बेस अरब सागर में मालदीव से सिर्फ 507 किलोमीटर दूर है, इसलिए न केवल भारतीय समुद्री वाणिज्य सुरक्षित होगा बल्कि बुनियादी ढांचे का उन्नयन भी होगा। इस कदम से केरल के पश्चिम में 400 किमी दूर स्थित द्वीप श्रृंखला में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने एक समारोह में लक्षद्वीप के सबसे दक्षिणी द्वीप मिनिकॉय में नए बेस की शुरुआत की। कमीशनिंग समारोह में नौसेना प्रमुख को 50 पुरुषों का गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जटायु को कमांडेंट व्रत बघेल की कमान के तहत कमीशन किया गया है।

### शाहजहां शेख सीबीआई हिरासत में, पश्चिम बंगाल पुलिस ने मेडिकल जांच के बाद केंद्रीय टीम को सौंपा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल का संदेशखाली मामला लगातार चर्चा में है। ताजा घटनाक्रम निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख को सीबीआई हिरासत में भेजे जाने का है। पश्चिम बंगाल पुलिस की अपराध अनुसंधान शाखा ने संदेशखाली मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की कस्टडी सीबीआई को सौंपी। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुई इस कार्रवाई में अदालत ने साफ किया है कि संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई करेगी। इस मामले में सीबीआई ने तीन प्राथमिकी दर्ज की है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद देर शाम लगभग शाहजहां शेख को केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम पश्चिम बंगाल पुलिस मुख्यालय से लेकर रवाना हुई।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो रेल सेवा शुरू

*** पीएम मोदी ने भारत के पहले अंडरवाटर मेट्रो का किया उद्घाटन**



**उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने अंडरवॉटर मेट्रो रेल की सवारी भी की।अंडरवाटर मेट्रो रेल ईस्ट-वेस्ट मेट्रो गलियारा का हिस्सा है। कोलकोता में इस गलियारे का काम 2009 में शुरू हुआ। मार्च 2024 में भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल सेवा शुरू हो गई।**

एजेंसी

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहे। इस दौरान पीएम ने राजधानी कोलकाता में 15,400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने दौरे में पीएम मोदी ने छह नई मेट्रो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल परियोजना भी शामिल है। इसके साथ भारत में नदी के नीचे पहली सुरंग भी यातायात के लिए खुल जाएगी। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने अंडरवॉटर मेट्रो रेल की सवारी भी की।अंडरवाटर मेट्रो रेल ईस्ट-वेस्ट मेट्रो गलियारा का हिस्सा है। कोलकोता में इस गलियारे का काम 2009 में शुरू हुआ। मार्च 2024 में भारत की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल सेवा शुरू हो गई। अंडरवाटर मेट्रो में यात्रियों को कई सुविधाएं मिलेंगी। टिकट के दाम 5 रुपये से लेकर 50 रुपये तक होंगे।वेस्ट मेट्रो गलियारा परियोजना के तहत हुगली नदी के नीचे हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन बना है। स्टेशन सतह से 33 मीटर नीचे बना हावड़ा मैदान भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। बता दें कि नदी के नीच सुरंग बनाना एक इंजीनियरिंग चमत्कार है। यह भारत में पहली बार हुआ है। जबकि दुनिया भर में यह दुर्लभ है। इधर एक जनसभा को संबोधित करते हुए संदेशखाली हिंसा पर पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार महिला विरोधी है और बहन-बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकती. टीएमसी गुनहगारों को बचाने में लगी है. इस सरकार में राज्य में नारी शक्ति पर अत्याचार हो रहा है. टीएमसी राज में जगह-जगह अत्याचार हो रहे हैं. पीएम मोदी ने आज कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाएं गुस्से में हैं. पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के काम को देखकर पूरा देश, पश्चिम बंगाल और हर माता-बहन कह रही है कि अबकी बार 400 पार।

### सर्वजन पेंशन योजना के राशि हस्तांतरण व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में शामिल हुए सीएम

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को अब हर महीने मिलेगा मानदेय : चंपाई

**1 लाख 58 हजार 218 नए लाभुकों को मुख्यमंत्री ने दिया स्वीकृति पत्र, राशि का किया हस्तांतरण**

**समारोह की खास बातें**

- सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 50 से 60 आयु वर्ग के 1 लाख 58 हजार 218 नए लाभुकों को पहली किस्त हस्तांतरित।
- 76 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला तोहफा। सेविकाओं को अब 9500 और सहायिका को 4750 रुपए प्रति माह मिलेगा मानदेय।
- 896 सेविका और सहायिका को उत्कृष्ट कार्य के लिए नगद राशि देकर किया गया सम्मानित।
- नव चयनित सेविका और सहायिका को मिला नियुक्ति पत्र।
- सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत 42 हजार 489 बच्चियों के खाते में डीबीटी के माध्यम 26 करोड़ 56 लाख 64 हजार रुपए किए गए हस्तांतरित।
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण।
- सक्षम आंगनबाड़ी बुकलेट एवं पोषक धारा पत्रिका का विमोचन।



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपए और सहायिकाओं को 4750 रुपए हर महीने मानदेय मिलेगा।मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव रांची में आयोजित सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच पहली किस्त की राशि के हस्तांतरण और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में राज्य के बहन-बेटियों को कई सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 50 से 60 वर्ष के 1 लाख 58 हजार 218 आदिवासी, दलित और महिला लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पेंशन की पहली किस्त की राशि का हस्तांतरण किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड को संवारने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जल-जंगल -जमीन के रक्षकों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में बलिदान देने वाले अपने पूर्वजों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं।

यहां के आदिवासियों-मूलवासियों की अस्मिता को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। झारखंड का नवनिर्माण एक ऐसे राज्य के रूप में करेंगे, जहां सभी समुदाय और वर्ग का मान-सम्मान होगा।

**राज्य के हालात और जरूरत को ध्यान में रखकर बन रही है नीतियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हालात और यहां के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां और कार्य योजनाएं बनाई जा रही हैं। आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार卐 कार्यक्रम के माध्यम से हमने राज्य के हालात और यहां के लोगों की आवश्यकताओं को जानने का प्रयास किया, ताकि उनके हित में उनके अनुरूप योजनाएं बनाकर उसे धरातल पर उतार सकें। आपकी योजना -आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का असर है कि अधिकारी द्वार द्वार जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ भी पहुंचा रहे हैं।

**कुपोषण मुक्त झारखंड बनाने की दिशा में बढ़ रहे आगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बच्चे शारीरिक और आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, तभी उनकी सोच भी बेहतर होगी। ऐसे में झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। हमारा संकल्प कुपोषण मुक्त झारखंड बनाना है।

**बच्चियों का बेहतर भविष्य हो, इसे कर रहे सुनिश्चित:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक तंगी की वजह से बच्चियां पढ़ाई से वंचित नहीं रहें, इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से बच्चियों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। राज्य में वर्ष 2023-24 तक 6 लाख 96 हजार से ज्यादा बच्चियों को 336 करोड़ 38 लाख रुपए इस योजना के तहत दिए जा चुके हैं। बच्चियां पढ़- लिखकर इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है।

**आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करा रहे हैं सारी सुविधाएं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों को ऐसा स्वरूप देने जा रहे हैं जहां महिलाओं और बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री बेबी देवी, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## समन का पालन न करने पर केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा



एजेंसी

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा समन का पालन न करने पर कोर्ट में बुधवार को एक और शिकायत दर्ज कराई. इस मामले में एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा 7 मार्च को सुनवाई करेंगी. ईडी ने पहले भी केजरीवाल के खिलाफ जारी किए गए पहले 3 समन का पालन न करने को लेकर अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी, उस मामले में 16 मार्च को सुनवाई है.यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जबकि अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय के आठवें समन के बाद भी बीते 4 मार्च को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे और 12 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेशी की इच्छा जताई थी.प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने यह बताया गया कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है. उन्होंने कहा था कि एजेंसी केजरीवाल को डिजिटल माध्यम से पेश होने की अनुमति नहीं दे सकती और पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है. केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा था कि कानून में लिखा है कि ईडी की कार्यवाही न्यायिक कार्यवाही की तरह है.उन्होंने कहा था,इसका मतलब है कि एजेंसी एक अदालत की तरह है. अदालत में, किसी भी पक्ष को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति है.

## सोच-समझकर बयान दें राहुल गांधी : चुनाव आयोग

*** पीएम मोदी पर टिप्पणियों के बीच चुनाव आयोग की हिदायत**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चुनाव आयोग ने एडवाइजरी जारी की है. इसमें राहुल गांधी को बयानबाजी करने पर अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी गई है. चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री पर की गई बयानबाजी पर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश और राहुल गांधी के जवाब सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद कांग्रेस नेता को भविष्य में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है.सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग ने राहुल गांधी द्वारा पिछले पीएम मोदी के लिए पनौती और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने को लेकर ये एडवाइजरी जारी की है. इसको लेकर बीजेपी ने चुनाव आयोग को शिकायत भेजी थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए 23 नवंबर 2023 को आयोग ने राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था. इस पर राहुल गांधी के जवाब के बाद ये एडवाइजरी जारी की गई है.इसके साथ ही चुनाव आयोग ने पिछले साल दिसंबर के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशों का



पालन करते हुए राहुल गांधी से चुनाव प्रचार के दौरान स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया एडवाइजरी का भी सही ढंग से पालन करने के लिए भी कहा है. इसी साल 1 मार्च को जारी एडवाइजरी में चुनाव आयोग ने चेतावनी दी थी कि आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए पार्टियों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को केवल नैतिक निंदा के बजाय कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा. इसमें यह भी कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें दोबारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा.

## बिरसा मुंडा से जुड़े सभी स्थलों को टूरिस्ट सर्किट के रूप में किया जायेगा विकसित : अर्जुन मुंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** भगवान बिरसा मुंडा के के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों उलिहातू, डोंबारी, चलकद, एटकेडीह आदि गांवा को टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित किया जायेगा। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहीं। अर्जुन मुंडा ने खूंटी परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जंगलों के बीच जन्म लेकर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को देश-दुनिया के लोग यहां आकर अच्छी से जान सकें, उनकी गाथा को समझ सकें और यह महसूस कर सके कि समुचित संसाधनों एवं सुविधाओं के अभाव के बावजूद कैसे एक वीर योद्धा ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें दिला दी थी। इसे लेकर बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों को टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। इसके लिए प्रथम फेज में 40 करोड़ से अधिक की राशि उपलब्ध करा दी गई है।योजना के क्रियान्वयन के लिए कंसल्टेंट भी नियुक्त कर दिया गया है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही खूंटी



जिला के सभी प्रखंडों में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इन विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसे लेकर झारखंड में ढाई सौ शिक्षकों की नियुक्ति भी कर ली गई है। जनजातीय बहुल इलाकों के लिए यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। खूंटी में पांच वर्ष बाद भी शहरी जलापूर्ति योजना का काम पूरा ना होने के सवाल पर अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार के पाले में गेंद डालते हुए कहा कि योजना के लिए समय पर केंद्र से राशि उपलब्ध करा दी जाती है, लेकिन धरातल पर योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार को ही करना पड़ता है।

## कैबिनेट का फैसला : डीआरडीए का जिला परिषद में होगा विलय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार को हुई. बैठक की अध्यक्षता सीएम चंपाई सोरेन ने की। बैठक में कई प्रस्ताओं पर मुहर लगी। सेवा संवर्ग प्रोन्नति में आरक्षण रोस्टर की मिली स्वीकृति. बैठक में कहा गया कि आवासीय विद्यालयों का संचालन निजी संस्थान द्वारा किया जाएगा. ऐसे कुल 41 ऐसे विद्यालय हैं.

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके को कृषि विज्ञान केंद्र सुजनी देवघर की कुल भूमि 43.87 एकड़ निश्शुल्क हस्तांतरित करने के स्वीकृति उच्च न्यायालय में आईटी सेल के लिए पांच पदों पर अनुबंध आधार पर नियुक्ति होगी. झारखंड राज्य अभिलेखागार संवर्ग के समूह की भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त संशोधन नियमावली स्वीकृति के संबंध में.कृषि कार्य के लिए मशीन एवं यांत्रिक सामान खरीदने के लिए सब्सिडी 40 से बढ़ाकर 50त्त कर दिया गया.शिशु की देखभाल के लिए महिला कर्मचारियों को 730 दिन का अतिरिक्त अवकाश दिया जाएगा. इसके साथ ही एकल पुरुष जिनके बच्चे हैं, उन्हें भी यह सुविधा दी जाएगी. सरायकेला-खरसावां जिला





अंतर्गत दक्षिणी विभाग में राजनगर प्रखंड में अवस्थित ऊंचे क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर भिमखंडा माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना के लिए 76 करोड़ 65 लाख 54 000 हजार की स्वीकृति मिली.कारखाना लाइसेंस नियम में परिवर्तन, अब लाइसेंस 1 वर्ष लेकर 15 वर्ष तक का मिलेगा. गोड्डा जिला अंतर्गत सोनपुर बराज योजना के मुख्य नहर का लाइनिंग सहित पुनरुद्धार के लिए 45 करोड़ 74 लाख 41000 की स्वीकृति. डीआरडीए का जिला परिषद में होगा विलय, 380 कर्मचारियों को भी किया जाएगा विलय. विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन एवं प्रचार-प्रसार के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद आईसीसीआर एवं झारखंड सरकार के बीच एमओयू. झारखंड फूड एंड फीड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2024 को स्वीकृति.आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका ही अब खरीदेगीअंडा.6 रुपये के हिसाब से सरकार देगी.

### नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ एमएच-60आर हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली (एजेंसी):** भारतीय नौसेना ने बुधवार को पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है।

दिल का हाल सुने दिल वाला....

रोग नहीं, रोकथाम जरूरी

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।

यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

## करकारी पंचायत भवन का हुआ उद्घाटन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के आदेश अनुसार नरकोपी स्थित थाना परिसर में करकारी पंचायत के लिए भवन का उद्घाटन पंचायत की मुखिया सरिता एक्का और पंचायत समिति सदस्य मकबूल अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पंचायत की मुखिया ने कहा की पंचायत सचिवालय व्यवस्थित हो जाने से अब लोगों को काफी सुविधा होगी। पंचायत के कर्मियों को भी स्थाई रूप से कार्य करने व्यवस्थित जगह मिल जाएगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मकबूल अंसारी ने बताया कि पंचायत भवन नहीं होने के कारण काफी दिनों से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था अभी समस्या का समाधान हो गया है। इस अवसर पर सुदर्शन प्रसाद, कंचन सिंह, ग्राम प्रधान बिहारी उरांव, लाभुक समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सचिन चारों उरांव , समाजसेवी एक राम अंसारी, वाहिद अंसारी, राबुल अंसारी, अमिता लाल, फूलों कच्छाप, मंजुला कुमारी, ज्योति कुमारी, सावित्री कुमारी, ए एन एम सहित अन्य उपस्थित थे।

## 26वीं वाहिनी ने लगाया पशु चिकित्सा शिविर

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26वीं वाहिनी एस. एस. बी. के कमान्डेंट एस. डी. शेरखाने के दिशा निर्देश पर एफ कम्पनी हूंट के कार्य क्षेत्र के सोसोकुटी पंचायत के खेसारी बेड़ा गांव में पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें 26वीं बटालियन स्स्क्ररांची के डा. जेके शर्मा कमान्डेंट (पशु चिकित्साक) के द्वारा बिमार पशुओं का इलाज किया गया। व मुफ्त में दवा बितरन किया गया। जिससे गांव के सैकड़ों लोगों लाभान्वित हुए। यह शिविर से गांव के लोगों में काफी खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर सोसोकुटी पंचायत के मुख्यिया चितरंजन सिंह मुंडा मौजूदा रहे साथ ही स्स्क्र हूंट के प्रभारी इंस्पेक्टर नकुल चन्द्र मंडल उप निरीक्षक नागेन कुमार ककाती समान्य आरक्षी अमन दर्जी, कृषणा कुमार, दिग्विजय नाथ कुंडू सन्तोष आर प्रदीप कुमार व अन्य बल कर्मी मौजूद रहे।

## तैमारा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने ऑनलाइन खतियान सुधार के मामले को लेकर की बैठक

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुंडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे - 33 के तैमारा स्थित भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा के समीप स्थानीय सांसद केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा ने पांच पंचायत के प्रतिनिधियों एवं बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य एवं क्षेत्र के मुखिया से मुलाकात की और ऑनलाइन खतियान में जाति कॉलम में सुधार के संबंध में चर्चा की। ज्ञात हो कि बुंडू प्रखंड क्षेत्र के तैमारा,गभड़ेया,चुरगी, बारूहातु और हुमटा पंचायत क्षेत्र में ऑनलाइन खतियान में जारी कॉलम में मुंडा (अनुसूचित जनजाति)या अन्य जाति के स्थान पर स्वांशी (अनूसूचित जाति) दर्ज हो गया है जिसके संबंध में विगत एक सप्ताह पुर्व बुंडू के जिला परिषद सदस्या परमेश्वरी शांडिल्य ने स्थानीय सांसद और केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा के दिल्ली स्थित कार्यालय में जाकर उनसे मुलाकात कर इस गंभीर समस्या से अवगत कराया कि किस तरह से खतियान में के ऑनलाइन गड़बड़ी के कारण लोगों को शैक्षणिक नियोजन सहित अन्य सरकारी कार्यो के लिए आवश्यक जाति प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है और ग्रामीण परेशान हैं।इस मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को बुंडू प्रखंड क्षेत्र के तैमारा में भुक्तभोगी ग्रामीणों के साथ मुलाकात की और त्वरित रूप से बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग तोपनो और अंचलाधिकारी पवन कुमार को तलब किया और आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि उन्होंने इस संबंध में रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अधिकारियों से, राज्य मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर बात की है साथ ही साथ नेटवर्क समस्या को देखते हुए बीएसएनएल के जीएम से बात कर नेटवर्क स्थापित करने लिए कहा है उन्होंने मौके पर बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को कहा कि इस समस्या का समाधान और नेशनल डेटा सेंटर से डेटा संशोधन कर वास्तविक डेटा दर्ज करने के लिए प्रत्येक गांव में एक कर्मचारी नियुक्त करें जो युद्धस्तर में कार्य करें चुंकि अभी दस दिनों के लिए पोर्टल खुला हुआ है इसी दौरान अगर सभी ध्यान केंद्रित करते कार्य करें तो समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य मुखिया पंचायत समिति सदस्य भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं और ग्रामीणों के ऑनलाइन खतियान सुधार में मदद करें।पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा की जम्मू कश्मीर हमारे देश का मस्तक है धारा 370 के है जाने से अब भारत कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत दिखता है।मौके पर जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मामले संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करने के लिए धन्यवाद दिया साथ ही पोर्टल का मात्र दस दिनों तक खुले रहने की बात को देखते हुए लोगों को जल्द से जल्द ऑनलाइन खतियान में सुधार कराने का आग्रह किया।

## सम्मान समारोह का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाज कल्याण शाखा, खूंटी के तत्वावधान में आदर्श बालिका विद्यालय, खूंटी के सभागार में सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष आयु वर्ग के लाभुकों को प्रथम किस्त एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने हेतु समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा, जिप, खूंटी अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपध्यक्ष मंजू देवी व अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु पूर्व में जिले में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया था। शिविर में प्राप्त आवेदनों के आलोक में जिला प्रशासन की कार्रवाई आरंभ है। आज से जिले में पोषण माह का शुरुआत किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिले की सहायिका एवं सेविकाएं अच्छा काम कर रही है। अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं एवं सहायिकाओं को राज्य एवं जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों को मिले, यह सुनिश्चित करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि जिले के जर्जर हो गये आंगनबाड़ी केंदों के लिए पक्का भवन का निर्माण कराया जाएगा। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों के पोषण से संबंधित सभी आयामों पर कार्य करने की योजना बना रही है। आगे उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टेली मेडीसीन की शुरुआत की गई है। गांव के कुपोषित बच्चों एवं बुजूर्गो की पहचान कर कुपोषण को कैसे दूर किया जाय, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेविका एवं सहायिका के सहयोग के बैगर कुपोषण मुक्त गांव की कल्पना संभव नहीं है। सेविका एवं सहायिका की कार्य क्षमता को बेहतर बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।*कार्यक्रम के दौरान नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया।* उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहायिका एवं सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयां। सामाजिक सुरक्षा के तहत पारिवारिक हित योजना अंतर्गत लाभुकों को 20,000 रुपये का चेक दिया गया। सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। दिव्यांगजनों को ट्राइसाईकिल एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया।

# खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने पांच किमी रोड निर्माण का आधारशिला रखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** वर्षों की मांगों को पूरा करते हुए खिजरी विधायक राजेश कच्छप जी के अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार से स्वीकृत योजना नामकुम प्रखण्ड के हुड़वा पंचायत में पंचायत भवन भण्डार टोली से दो सिमाना एवं राईटोली भाया हुड़वा रिची पहाड़ तक (5.175 कि.मी.) (कुल लागत 5,51,99,700/- रुपये) पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप जी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। मौके विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हमने चुनाव में आप सभी ग्रामीणों से वादा करके गये थे कि इस पथ बना देंगे। आपको बता दें कि 1988 में ग्रेड 1 हुआ था उसके बाद आज 35 साल बाद खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर स्वीकृत होकर बन रहा है। ग्रामीण हर बार रोड नहीं तो वोट नहीं की नारा लगाते थे जो राजेश कच्छप ने ग्रामीण की मांगों को पूरा किया। इस रोड बनने से ग्रामीण काफी खुश दिखें। सभी का कहा था कि विधायक राजेश कच्छप हमलोगों के लिए भगवान है जिन्होंने आज रोड बना दे रहे हैं। चुनाव के समय सभी पार्टी के उम्मीदवार आते हैं और इस रोड को बनाने की आश्वासन देते थे लेकिन आज कांग्रेस पार्टी के विधान सभा चुनाव 2019 के उम्मीदवार राजेश कच्छप ने जो वादा किया था उससे आज पूरा करके दिखाया। मौके पर आशा कच्छप प्रमुख, रीता होरो, जिला परिषद सदस्य, शिवचरण कच्छप, मुखिया, कल्याण लिण्डा पंचायत समिति सदस्य, जीता कच्छप मुखिया डुगरी, मंगरा कच्छप, पंचायत समिति सदस्य, सतीश पंडा, विधायक प्रतिनिधि, चम्पा टोप्पो ग्राम प्रधान, करण मुण्डा, पंचायत समिति सदस्य, अन्ना ज्योति होरो, उप मुखिया, माधो कच्छप, सुनील उरांव, प्रदीप तिर्की, चमरा भोगता, पालहो देवी, सुचिता टोप्पो, संजू टोपनो, माईकल लिण्डा, भीम पहान, सिरका पहान, सोमरा पहान, मंजू लिण्डा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय सी सी टी वी कैमरा इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया , मुख्य अतिथि श्री सुब्रतो नायक शाखा प्रबंधक केनरा बैंक सिल्ली के द्वारा किया।

मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते हुए, कहा की आने वाले समय में हर घर में सीसीटीवी कैमरा का उपयोग होगा इस क्षेत्र में बेहतर अवसर है । आत्म विश्वाश के साथ कार्य करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार स्वयं का रोजगार कर दूसरो को भी रोजगार देने का मार्गदर्शन और बैंक से लोन लेकर भी अपने रोजगार को आगे बढ़ाने की बात कही । वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया । मौके पर सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

## आजसू पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** बुधवार को इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय भवन में आजसू पार्टी की लोकसभा और विधानसभा की तैयारी को लेकर प्रखंड अध्यक्ष शमीम आलम के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया. बैठक को मुख्य रूप से इटकी प्रखंड प्रभारी आजम अंसारी और आजसू पार्टी के जिला सचिव मुर्तजा आलम ने संबोधित कर आजसू पार्टी का नीति सिद्धांत को लेकर कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर प्रखंड तक कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया. साथ ही साथ पंचायत प्रभारी बनाया गया. और पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी अपनी पूरी दम खम के साथ चुनाव लड़ेगी. इस अभियान को सफल बनाने के लिए आगामी 11 मार्च को रांची में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है. इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के अंदर हुंकार भरा गया और सभी पंचायत प्रतिनिधियों को माला पहनकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी का जिला उपाध्यक्ष कमलू साहू, प्रखंड अध्यक्ष शमीम आलम, रवि कुमार साहू, विरु उरांव, मोहसिन मुमताज, मो नफीस, मो साजिद, सरफुल अंसारी, रेहान सहित अन्य लोग शामिल थे ।

## झारखंड बंगाल की सीमा पर चला पुलिस चेकिंग अभियान



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी ओपी के द्वारा झारखंड बंगाल की सीमा पर बुधवार को चेकिंग चलाया गया। जिसमें छोटी बड़ी सभी गाड़ियों को चेक किया गया। गाड़ी में रखे सामानों को भी चेक किया गया ।बिना हेलमेट वालों को हेलमेट पहनने के लिए निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि बिते मंगलवार के दिन बड़ा मुरी यूनियन बैंक के समीप किसी उच्चके ने चकमा देकर पांच लाख रुपए ले उड़ा था इसीलिए पुलिस चारों तरफ सतर्कता के साथ अपने काम को कर रही है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

### संशोधित निलामी सूचना

पूर्व में प्रकाशित सूचना PR 321513(Police)23-24(D) में आवश्यक संशोधनोपरांत आप सभी को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला पुलिस विभाग से संबंधित रद्दीकृत कुल पैसठ(65) सरकार वाहनों में से चौसठ(64) वाहनों "जहॉ है, जैसे है एवं टैक्स जिस स्थिति में है" की सार्वजनिक निलामी दिनांक 14.03.2024 को पुलिस केन्द्र, हजारीबाग में प्रातः 10:30 बजे से की जानी है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | पंजीयन संख्या | प्रकार | मेक | मॉडल | फ्लोर प्राईस | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH02M-2749 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 2 | JH02M-2754 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 3 | JH02M-2748 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 4 | JH02M-2747 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 5 | JH02M-2753 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 6 | JH02M-2712 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 7 | JH02M-2707 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 8 | JH02M-2755 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 9 | JH02M-2648 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 10 | JH02M-2652 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 11 | JH02M-2704 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 12 | JH02M-2650 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 13 | JH02M-2653 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 14 | JHO2M-2654 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 15 | JH02M-2705 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 16 | JH02M-2706 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 17 | JH02M-2649 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 18 | JH02M-2752 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 19 | JH02M-2756 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 20 | JH02M-2757 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 21 | JH02M-2758 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 22 | JH02P-5739 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 23 | JH02P-5744 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 24 | JH02P-5740 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 25 | JH02P-5746 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 26 | JH02P-5737 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 27 | JH02P-5741 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 28 | JH02P-5738 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 29 | JH02P-5747 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 30 | JH02P-5743 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 31 | JH02M-2710 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5200/- | |
| 32 | JH02A-5174 | BAJRA | - | 2001 | - | Not For Sell |
| 33 | JH02A-9178 | WATER TANK | TATA | 2002 | 59000/- | |
| 34 | JH02K-3315 | INVEDAR | MAHINDRA | 2008 | 53000/- | |
| 35 | JH02K-3318 | INVEDAR | MAHINDRA | 2008 | 56400/- | |
| 36 | JH02M-3050 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 56000/- | |
| 37 | JH02M-3051 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 38 | JH02M-3049 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 39 | JH02M-3045 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 40 | JH02M-3048 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 41 | JH01N-7844 | JEEP | MAHINDRA | 2006 | 51000/- | |
| 42 | JH02V-2813 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 30000/- | |
| 43 | JH02V-2814 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 44 | JH02V-2810 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 45 | JH02V-2812 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 46 | JH02V-2815 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 47 | JH02V-2822 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 48 | JH02H-6529 | SAFARI | TATA | 2005 | 48000/- | |
| 49 | JH02K-3320 | TATA 407 | TATA | 2007 | 102000/- | |
| 50 | JH02M- 3386 | TATA 407 | TATA | 2009 | 102000/- | |
| 51 | JH02Q-5510 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 52 | JH02Q- 5499 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 53 | JH02Q- 5506 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 54 | JH02Q-5509 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 55 | JH02V-2561 | TATA 407 | TATA | 2011 | 104000/- | |
| 56 | JH02V-2564 | TATA 407 | TATA | 2011 | 104000/- | |
| 57 | JH02H-6525 | SWRAJ MAZDA | TATA | 2004 | 111000/- | |
| 58 | JH02S-6870 | TATA 407 | TATA | 2011 | 121000/- | |
| 59 | JH02S-6871 | TATA 407 | TATA | 2010 | 121000/- | |
| 60 | JH02V-2560 | TATA 407 | TATA | 2011 | 121000/- | |
| 61 | JH02V-2562 | TATA 407 | TATA | 2011 | 121000/- | |
| 62 | JH02Y-8084 | SUMO VICTA | TATA | 2013 | 61000/- | |
| 63 | JH02X-3604 | MINI BUS | TATA | 2012 | 160000/- | |
| 64 | JH02M-3046 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 56500/- | |
| 65 | JH02K-3314 | MINI BUS | TATA | 2007 | 155000/- | |

निलामी में शामिल होने वाले इच्छुक व्यक्ति मोटरसाईकिल हेतु 10,000 रू0 एवं अन्य वाहन के लिए 20,000 रू0 अग्रिम के रूप में जमा करने के पश्चात् ही निलामी में भाग लेने के हकदार होगें। इच्छुक सभी व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर पुलिस केन्द्र परिसर हजारीबाग में उपस्थित होकर निलामी की कार्रवाई में सम्मिलित हो सकते है।

अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी समय किसी वाहन की निलामी या पूरी निलामी प्रक्रिया के स्थगित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

निलामी के क्रम में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा क्रय किये गये वाहनों के अनुरूप अग्रिम राशि को समायोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वैसे व्यक्ति जो निलामी के क्रम में वाहन क्रय नहीं करते है उनकी अग्रिम राशि निलामी के पश्चात् वापस कर दी जायेगी।

निलामी में क्रय किये गये वाहनों को संबंधित क्रेता को दो दिनों के अंदर शेष राशि का भुगतान कर सभी प्रकार के पुलिस से संबंधित चिन्हों को विलोपित कर ले जाना होगा। ऐसा नहीं करने पर संबंधित क्रेता की अग्रिम राशि जप्त कर ली जायेगी एवं अन्य इच्छुक क्रेता को नियमानुसार गाडी उपलब्ध करा दी जायेगी।

निलामी की पूरी किसी भी स्थिति में न्यायायिक परीधी के अन्तर्गत नहीं रहेगा।

निलामी की तिथि एवं समय में अपरिहार्य करणों से फेर बदल या निलामी प्रक्रिया स्थगित की जा सकती है, जिसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

निलामी में शामिल होने से पूर्व इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस पर परिचारी प्रवर, पु0के0 हजारीबाग से सम्पर्क स्थापित कर निलाम होने वाले वाहनों को देख सकते है।

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 321687 Police(23-24).D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

### अति अल्पकालिन निविदा सूचना –34/2023–24

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 12.3.2024 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 13.3.2024 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 13.3.2024 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।
2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, रॉची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing and replacement of old and damaged sanitary fittings at Judge Guest House No.-132 Doranda under D.W. & S. Division Ranchi East Ranchi | 1441023.00 | 28900.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 2. | Construction of water sump, replacement of old sanitary fittings and 25 & 35 litres capacity Gyser at New J/Bunglow No.-3 , Judge Quarter No. -12 and other High court pool quartes Doranda under D.W. & S. Division , Ranchi East, Ranchi | 948546.00 | 19000.00 | 1250.00 | 30 Days |
| 3. | Repairing and rewinding and replacement of 5HP, 1.5H.P, 1H.P Subersible motor, 1H.P. water pressure motor and allied electric work at Judges Bunglow Doranda, Behind Indira palce and other high court pool quarter under D.W. & S. Division , Ranchi East, Ranchi | 1181998.00 | 23700.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 4. | Supply & Installation of Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon filtration Plant with Multiport Valve & necessary water supply pipe line and its allied work at Qtr. No.-A5 Mascot Ground Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 611735.00 | 12300.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 5. | Repairing and overhauling of 2000 LPH Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon and Softener Filter Plant with multiple valve, & necessary water supply pipe line and its allied work at Residence of Secretary Doranda, Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 712668.00 | 14300.00 | 1250.00 | 07 Days |
| 6. | Renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S, S/I & sewerage work Hon'ble residence Qtr No. F-Type (different quarters ) of sector –III, E-223 Sector-II and others Jharkhand Government pool quarter H.E.C. campus. Dhurwa Ranchi. | 1491842.00 | 29900.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 7. | Seepage repair and renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S, S/I & sewerage work at Vidhan Sabha Room No. 24 & 69 and others H.E.C. campus under Jharkhand Vidhan Sabha, Dhurwa, Ranchi. | 669844.00 | 13400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 8. | Seepage repair and Renovation of 4 Nos Toilets, 4nos. bathroom (General)& urinal and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Shahid Ajay Kujur Barrack, (Ground floor)STF, JAGUAR, Ranchi, Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-B) | 1698175.00 | 34000.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 9. | Seepage repair and Renovation of 4 Nos Toilets, 4nos. bathroom (General)& urinal and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Shahid Ajay Kujur Barrack, (Second floor)STF, JAGUAR, Ranchi, Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-A) | 1569980.00 | 31400.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 10. | Improvement of Water Supply by replacement of UPVC Pipe and fittings at FFP Building, Project Building, MDI Building, Engineering Hostel and other Govt. office places under D.W. and S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 788494.00 | 15800.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 11. | Repairing, rewinding and servicing of 7.50 H.P, 3.00 H.P & 2.00 H.P open well submersible motor & pump and starter, 20.00H.P., 7.50HP, 5.00 H.P. Centrifugal Motor Pump and Starter, 7.5 HP & 3.00 HP V.T. Motor pump at Jharkhand Vidhan Sabha (New & Old), Project Building, Engineering Hostel, and others under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 616927.00 | 12400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 12. | Renovation of toilet cum bathroom replacement of sanitary fittings, improvement of severage work and other allied work at Staff Quarter No.-B-25 , B- 29 , A-7, 48set, Near seth sitaram school, C-13, B-2, behind indira palace, M.O-79, 124 Set, Doranda and others High court pool quarter under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 1074682.00 | 21500.00 | 2500.00 | 15 Days |
| 13. | Renovation of Toilet and bath room, and kitchen, Improvement of W/S, sanitary fittings & Sewerage Work at Quarterno. B/2, B-6, 30 set, near Nepal house, A/23-24, Near seth sitaram school, Officers flat no. 21/28 Nepal house D-11 Behind indira palace and other Jharkhand high court pool quartes, Ranchi Under D W&S.Division Ranchi East Ranchi. | 851945.00 | 17100.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 14. | Seepage repair and Renovation of 4 Nos Toilets, 4nos. bathroom (General)& urinal and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Shahid Ajay Kujur Barrack, (Second floor)STF, JAGUAR, Ranchi, Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. (Part-B) | 1569980.00 | 31400.00 | 5000.00 | 15 Days |
| 15. | Seepage repair and Renovation of 8 Nos Toilet and Improvement of W/S and sanitary fittings & Sewerage Work at Behind GP Office, STF, JAGUAR , Ranchi, Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 2168906.00 | 43400.00 | 5000.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

PR 321700 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## शादी समारोह से लौट रहे दंपत्ति को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी ठोकर, गंभीर रूप से घायल

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर थाना क्षेत्र के मगरकेला चौक के समीप बुधवार की सुबह करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार लाईन ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को जोरदार ठोकर मार दी, जिसमे पति बुरी तरह से घायल अवस्था मे पड़ा रहा वहीं पत्नी दूर फेका गई लेकिन उन्हें हल्की खरोंचे आई। घटनास्थल पर घायल पति की हालत देख पत्नी रोती रही।इस दौरान स्थानीय लोंगो ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल व्यक्ति को राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया।जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार ले बाद उन्हें एमजीएम रेफर कर दिया।दुर्घटना में व्यक्ति का दाहिना आँख निकल कर बाहर आ गया,और दाहिना पैर भी टूट गया।वहीं दुर्घटना में घायल व्यक्ति खरसावां पदमपुर का रहने वाला बताया जा रहा है,जिसका नाम लखिन्द्र नापित है।पिछले दिनों खरसावां से राजनगर शादी समारोह में आया हुआ था।और बुधवार की सुबह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से खरसावां लौट रहा था।इसी क्रम में मगरकेला चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार लाईन ट्रक ने ठोकर मार दी।

## समाज सेवी अहमद रजा खान हुए सुपुर्दे खाक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को समाजसेवी अहमद रज़ा खान का देहांत लंबी बीमारी के बाद उनके घर पर हो गया था और उनके जनाज़े की नमाज़ आज़ादनगर ईदगाह में ज़ोहर के बाद पढ़ाई गई और सुपुरते ख़ाक ज़ाकिरनगर कब्रिस्तान में किया गया। इनके जनाज़े में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, हाजी नाजी रोशाद, अल कबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज के एक प्रिंसिपल कैसर जमील, आजाद नगर थाना शांति समिति के सक्रिय सदस्य शाहिद परवेज़, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, इमाम फरीद शिवानी, इमाम अब्दुल मलिक मिस्बाही, ज़ाकिर नगर कब्रिस्तान कमेटी के सेक्रेटरी नूर उल हक, असिन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर आसिफ मेहमूद, खालिद इकबाल, आलम फाउंडेशन के सैयद तारिक, डॉ अफरोज शकील, मुजाहिद खान, इमाम आफताब कादरी, मोइनुद्दीन अंसारी, मोहम्मद अंसार, करीम सिटी कॉलेज के प्रोफेसर खुर्शीद खान, मास्टर जावेद, समाजसेवी समूह खान उनके जनाज़े में शामिल हुए और मिट्टी देने के बाद उनके मकफेरत की दुआ की।

## करीम सिटी कॉलेज में युवा रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर के वाणिज्य विभाग में टाटा पावर कम्युनिटी डेवलपमेंट ट्रस्ट (टीपीसीडीटी) और ए लिटरेसी इनिशिएटिव ग्रुप (एएलआईजी) द्वारा ÷युवा रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम÷ का एक सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 2023 और 2024 के उत्तीर्ण स्नातकों (विज्ञान धारा) के लिए था।यह सत्र छात्रों को बैंकिंग संस्थानों में रोजगार पाने के लिए दक्ष बनाने हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगा। प्रशिक्षण के बाद, चयनित छात्रों को बैंकिंग संस्थानों में प्लेसमेंट की सहायता भी प्रदान की जाएगी।प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने वाणिज्य विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि करीम सिटी कॉलेज अपने वाणिज्य विभाग और इसके छात्रों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि छात्र हमेशा करीम सिटी कॉलेज के वाणिज्य विभाग का नाम रोशन करेंगे।वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद मुअज्जम नाजरी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होने के लाभों के बारे में बताया तथा यह उनके करियर के लिए कैसे फायदेमंद होगा।इस सत्र के दौरान विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित थे, जिनमें डॉ. जी. विजयलक्ष्मी ने भी कार्यक्रम के लाभों के बारे में बताया और उल्लेख किया कि ये रोजगार प्रशिक्षण छात्रों के लाभ के लिए किए जाते हैं। डॉ. अफताब आलम ने टाटा पावर के सम्मानित वक्ताओं, जोजोबेरा का स्वागत किया और सत्र का परिचय दिया।

## मुख्यमंत्री वृद्धवस्था पेंशन योजना के लाभुकों का प्रथम किस्त का हुआ भुगतान

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्कलमणी गोप बंधु दास आदर्श टाउनहाल सरायकेला में जिला दण्डधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री वृद्धवस्था पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों का प्रथम किस्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बातरियार, सरायकेला विधायक प्रतिनिधि सानंद आचार्य, जिला परिषद उपाध्यक्ष के द्वारा सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम मे राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा योजनाओं के सम्बन्धित में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरायकेला विधायक प्रतिनिधि सानंद आचार्य नें कहा कि राज्य सरकार महिलाओ के उत्थान, उन्हें सशक्त बनाने, उनकी आय मे वृद्धि तथा किशोरियों के उच्च शिक्षा में सहयोग प्रदान करने को लेकर विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विधवा पुनर्विवाह योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है साथ ही सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी वर्ग की महिलाओ (50-60 वर्ष) को पहली किस्त की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत राज्य के विधवा बहनों को दो लाख रूपए का लाभ प्रदान किया जायेगा ताकि एक बार पुनः नए जीवन की शुरुआत कर समाज के मुख्यधारा में आकर वह अपने परिवार एवं समाज के विकास मे अपना सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार किशोरियों के उच्च शिक्षा तथा विवाह मे सहयोग हेतु विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है ताकि वह सशक्त हो सके अपने परिवार पर बोझ ना बनकर समाज के विकास मे सहायक बन सकें। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने राज्य सरकार द्वारा महिलाओ के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम मे सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से संचालित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत (50 से 60 वर्ष) के 2000 लाभुकों को पहली किस्त की राशि का लाभ, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत एक लाभुक को विधवा पुनर्विवाह योजना का लाभ, 3 दिव्यांग लाभुकों के बीच ट्रासाइकिल, दो लाभुकों के बीच कन्यादान योजना, 2 लाभुकों के बीच फूल बाई किशोरी समृद्धि योजना, 2 शिशुओ का अन्नप्राशन, पांच गर्भवती महिलाओ का गोद भराई किया गया।

## पटमदा में झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के स्टडी सेंटर का हुआ उद्घाटन

# मील का पत्थर साबित होगा स्टडी सेंटर : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बुधवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के स्टडी सेंटर का उद्घाटन दोपहर करीब 2 बजे जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्वलित एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि यहां के जमींदाताओं ने जिस सोच के साथ कॉलेज के लिए जमीन दान में दी थी आज उन्हें जरूर गर्व महसूस हो रहा होगा कि इस जगह पर एक महत्वपूर्ण काम शुरू होने जा रहा है। यह स्टडी सेंटर क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। क्योंकि इस क्षेत्र के वैसे लोग जो समय के अभाव में बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी थी उनके लिए खुला विश्वविद्यालय का यह प्लेटफॉर्म एक बड़ा तोहफा है। उन्होंने कहा कि वे शुरू से ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करते हुए जनता के सपनों को साकार करने में लगे हैं। उन्होंने 2021 में हेमंत सोरेन द्वारा खुला विश्वविद्यालय की शुरुआत




करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पिछले दो सालों की उपलब्धियों को रखते हुए अब तक का सबसे बेहतर मुख्यमंत्री बताया। मौके पर कोल्हान विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य सह यूआर डॉ. पुरुषोत्तम प्रसाद, श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति गुरुदेव महतो, डिग्री कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू, प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, समाजसेवी महाबीर मुर्मू, प्रो. पंचानन दास, प्रो. वीणापाणी महतो, सुनील वरण महतो, अनिल वरण महतो, अरुण कुमार, बुद्धेश्वर महतो, विभूति भूषण महतो, ईशान चंद्र मुर्मू, सुभाष कर्मकार, कर्मु गोप,मृत्युंजय महतो, दिवाकर टुडू, सिजेन हेंब्रम के अलावा कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर महतो व शालीग्राम मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन भवानी विनायक ने किया।

## बिटापुर पंचायत के रोजगार सेवक को हटाने की मांग की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसवां :** खरसवां प्रखंड के बिटापुर पंचायत पंचायत में पदस्थापित रोजगार सेवक तारामणि कांडेयांग को हटाने की मांग तो लेकर मेठ व मजदूर बीडीओ से मिले। बिटापुर पंचायत के मेट-मजदूरों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन बीडीओ को सौंपकर बिटापुर पंचायत के रोजगार सेवक को हटाने की मांग की। बिटापुर पंचायत के मेट-मजदूरों को कई ग्राम प्रधानों का भी समर्थन प्राप्त है। ज्ञापन में कई ग्राम प्रधानों के भी हस्ताक्षर है। ज्ञापन में कहा गया है कि रोजगार सेवक के कार्यशैली से बिटापुर पंचायत के मेट-मजदूर संतुष्ट नहीं है। पंचायत में मनरेगा से जुड़े योजनाओं का क्रियांवयन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। मनरेगा से संचालित योजनाओं का काम ठप सा हो गया है। ऐसे में मजदूरों को सही ढंग से काम नहीं मिल पा रहा है और क्षेत्र से लोगों का पलायन हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान पदस्थापित रोजगार सेवक को हटाया जाये, अन्यथा मेट कार्य नहीं करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रुप से मंगला उरांव, दूर्योधन प्रमाणिक समेत कई लोग उपस्थित थे.ज्ञापन में 31 मेट व 13 ग्राम प्रधानों के हस्ताक्षर है।

## विभिन्न राजनीतिक दलों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक राजनगर स्थित पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष सालखन टुडू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, बुथ प्रभारी को मजबूती प्रदान करने पर विचार विमर्श किया गया। जिन जगहों पर पंचायत, ग्राम व बुथ प्रभारी का गठन नहीं हुआ है,उन स्थानों पर जल्द से जल्द गठन करने का निर्णय लिया गया।इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा लिया।जिसमें मुख्य रूप से सिंघु राम मुर्मू, जीतेन महतो, अनन्त गौड़, जीतु तांती समेत दर्जनों ने पार्टी का दामन थामा।वहीं आजसू पार्टी के पदाधिकारी चुनका मार्डी, अंगुर महतो, दिलीप महतो, सालखन टुडू ने पार्टी में शामिल कार्यकर्तओं को फुल माला पहनाकर व आजसू पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।आजसू पार्टी केन्द्रीय सदस्य चुनका मार्डी ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है. कार्यकर्ता पार्टी



की रीढ़ होती है. उन्होंने कहा कि चुनाव में बुथ जीता तो चुनाव जीता. इस लिए बुथ कमेटी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।बैठक में ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अंगुर महतो, अनुमंडल अध्यक्ष दिलीप महतो, नील कमल महतो, सुखराम महतो, सहदेव महतो, सिंघु राम मुर्मू, सुनाराम टुडू, निरंजन महतो, दीनबंधु महतो,मदन मुर्मू सुसेन महतो,सुराज गौड़, रामेश्वर गोप, आनन्द गौड़ आदि उपस्थित थे।

## नवचयनित 19719 पेंशनधारियों को डीबीटी की गई 3 करोड़ 94 लाख 38 हजार की पेंशन राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविन्द्र भवन सभागार, साकची में जिला स्तरीय सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक संजीव सरदार विशिष्ट, डीसी अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, प्रखंड प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हित में कई कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रही है। सर्वजन पेंशन में परिवर्तन करते हुए अब 50 से 60 आयु वर्ष की सभी महिलाओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पुरूषों का लाभ दिया जा रहा है । बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना हो या



मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छात्राओं, महिलाओं को सबल, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार प्रयासरत है। इस मौके पर मंत्री द्वारा बटन दबाकर ऑनलाइन 19719 नवचयनित पेंशनधारियों के बैंक खाते में फरवरी एवं मार्च महीने की पेंशन राशि 3 करोड़ 94 लाख 38 हजार रू. डीबीटी की गई। साथ ही सांकेतिक रूप से 5 पेंशनधारियों को मंच पर स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के 1 लाभुक, 3 दिव्यांगजनों श्रवण यंत्र एवं 3 को ट्राईसाइकिल, 2 को बैशाखी, 2 लोगों को ब्लाइंड स्टीक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 3 लाभुक छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

## बोंटा नाला पर 98 लाख की लागत से बनेगी पुलिया, विधायक ने रखी आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड की बोंटा गांव के नाला पर जिला अनाबद्ध निधि से 98 लाख रुपये से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने नारियल फोड़कर किया। विधायक ने बताया कि नाला में पुलिया नही होने के कारण बारिश के मौसम में बोंटा पहाड़िया टोला के लोगों को करीब एक किमी घूमकर मुख्य सड़क तक निकलना पड़ता था। लेकिन पुलिया के निर्माण हो जाने से अब घूमकर नही सीधे मुख्य सड़क तक निकल पाएंगे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, मुखिया सुकांति किस्कु, हरिपद किस्कु, विनोद सिंह, लव किशोर हांसदा, ईशान मुर्मू, सुरेंद्र प्रमाणिक, फनीभूषण महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## गढ़वा से लौटे मंत्री बन्ना गुप्ता देर रात जगकर करवा रहे स्वर्णरेखा छठ घाट पर सीढ़ियों का निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मां स्वर्णरेखा के प्रति अपनी श्रद्धा और कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए गढ़वा में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन करने के बाद सड़क मार्ग से लौटने के पश्चात मंगलवार की देर रात जमशेदपुर के सोनारी स्थित दोमुहानी में चल रहे स्वर्णरेखा छठ घाट निर्माण कार्य को देखने पहुंचे।हर कार्य का वे स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं, उन्होंने आगामी 8 मार्च को होने वाले स्वर्णरेखा आरती कार्यक्रम की तैयारियों का भी जायजा लिया, वो



कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं इसलिए अपने टीम के साथ स्वयं निर्माण कार्य में लगे हुए हैं और अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं।

## बेस्ट टीचर ऑफ झारखंड अवार्ड से सम्मानित किए गए पूर्व प्रधानाध्यापक अमित कुमार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीआईबी एजुकेशन इंडस्ट्री की ओर से पटना में आयोजित एक समारोह के अवसर पर संस्कारोदय अकादमी गम्हरिया के पूर्व प्रधानाध्यापक सह एसटीआर उवि संजय, सरायकेला के शिक्षक अमित कुमार को बेस्ट टीचर ऑफ़ झारखण्ड अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बॉलीवुड फ़िल्म अभिनेत्री भाग्यश्री द्वारा उन्हें शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उंक्त समारोह में बिहार व झारखंड से करीब 200 लोगो ने भाग लिया था। इस मौके पर उपस्थित व्यवस्थापक श्रीकांत सिंह, को-ऑर्डिनेटर अंजली कुमारी भी मौजूद थे।

## झामुमो में सभी जाति, धर्म को मिलता है मान-सम्मान : झूलन कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** बुधवार को कुकड़ू प्रखंड के सिरुम पुनर्वास स्थल के सामुदायिक भवन के सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह के पुराने कार्यकर्ता रहे झूलन कुमार के नेतृत्व में विभिन्न पार्टियों के एक दर्जन सक्रिय कार्यकर्ताओं ने ईचागढ़ विधायक सविता महतो के विकास के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो का दामन थामा। विधायक सविता महतो ने सभी लोगों को माला एवं पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो ने सभी के शामिल होने की घोषणा की। झामुमो के वरिष्ठ नेता निरंजन महतो ने सभी को पार्टी के नीति और सिद्धांतों से अवगत कराया एवं सरकार की कल्याणकारी नीतिओं को गांव-गांव तक अगला पहुंचाने की जिम्मेवारी सौंपी। इस दौरान झूलन कुमार ने कहा कि झामुमो गरीब-गुरबों की पार्टी है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में राधानाथ सिंह मुंडा, झूलन कुमार, निमाई सिंह बाबू, पापुन महतो, दिलीप महतो, बिनोद सिंह सरदार, मंयक सिंह, तपन महतो, रहिन चन्द्र महतो व लक्ष्मण सिंह आदि के नाम शामिल है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना फ्लैट के संवेदक को काली सूची में डालने की अनुशंसा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत मिरूडीह में जनहित के लिए प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत निर्माणधीन फ्लैट के संवेदक अविनाश इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी रायपुर, छत्तीसगढ़ को काली सूची में डालने की अनुशंसा अपर श्रमायुक्त सह उप श्रमायुक्त जमशेदपुर ने किया है। इस बाबत उन्होंने जुडको के महानिदेशक, सरायकेला-खरसावां के उप विकास आयुक्त तथा आदित्यपुर ननि के नगर विकास आयुक्त को फाइल भेज दिया है। साथ ही, पेटीदार द्वारा मजदूरों के बकाए मजदूरी का भुगतान अविलंब करने का निर्देश भी दिया गया है। गौरतलब है कि उक्त प्रधानमंत्री आवासीय योजना फ्लैट में कार्यरत पेटीदार हेमन्त वर्मा ने संवेदक द्वारा चार माह से मजदूरों का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत विगत दिनों सरायकेला के श्रम अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर किया गया था। उसके उपरांत जांच में सत्यता पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही, अविनाश इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी के कॉर्डिनेटर अमित त्रिपाठी एवं कंपनी के अधिकारियों के कारण श्रम नियोजन अधिनियम कानून के तहत धारा - 1948,1970,1972,1975 के तहत उलंघन करने में दोषी पाए जाने पर श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर द्वारा सरायकेला न्यायालय में मुकदमा भी दायर किया गया है।

## दलमा ने कालीमाटी को हराकर मीडिया कप क्रिकेट का खिताब किया अपने नाम

### - टेनिस बॉल के फाइनल में कॉपर धमाल ने धारागिरी डायमंड को हराकर विजेता बना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दलमा एकादश ने कालीमाटी एकादश को एक बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में छह रनों से हराकर मीडिया कप क्रिकेट का खिताब अपने नाम कर लिया. आज कीनन स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में दलमा एकादश ने 20 ओवरों में पांच विकेट पर 151 रन बनाये, जवाब में कालीमाटी एकादश ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाये. इसके पहले आर्मरी ग्राउंड में खेले गये टेनिस बॉल के फाइनल में कॉपर धमाल ने धारागिरी डायमंड को हरा दिया. कीनन स्टेडियम में ड्यूज बॉल प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज दलमा के अभिषेक सिंह रहे. वे फाइनल के मैन आफ द मैच भी घोषित किये गये. जुबिली एकादश के निसार अहमद (8 विकेट) को बेस्ट बॉलर, रोहित सिंह (141 रन) को बेस्ट बैट्समैन, जुबिली एकादश के ही कार्तिक श्याम को बेस्ट फील्डर और कालीमाटी के कप्तान जय प्रकाश राय को मोस्ट इमेंजिंग प्लेयर





(139 रन एवं 1 विकेट) का एवार्ड प्रदान किया गया.टेनिस बॉल के मैन आफ द सीरीज का खिताब हाथीखेदा के आदित्य को मिला. फाइनल के मैन ऑफ द मैच कॉपर धमाल के हिमांशु, प्रतियोगिता के बेस्ट बॉलर धारागिरी के प्रतीक, बेस्ट बैट्समैन धारागिरी के रुपेश दूबे और बेस्ट फील्डर कॉपर धमाल के मंतोष घोषित किये गये.कीनन स्टेडियम में खेले गये फाइनल में टॉस जीतकर दलमा के कप्तान संदीप सावर्ण ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. दलमा एकादश की ओर से अभिषेक ने 26 गेंदों पर 42, अमजद ने 21, ललित ने 28 और प्रसेनजीत ने 18 रन बनाये. दलमा एकादश की ओर से वकील, श्याम, अमित और अनिल राम ने एक-एक विकेट लिये. जवाब में कालीमाटी के दोनों ओपनर केवल 9 रन के योग पर पैवेलियन लौट गये. मगर अमित 47 रन और वकील 16 रन ने 71 रनों की साझेदारी निभाकर मैच को रोमांचक बना दिया. रंजन गुप्ता ने 18 और दिनेश ने नाबाद 20 रन बनाये. दलमा की ओर से अमजद खान ने दो, अभिषेक, प्रसेनजीत और ललित ने एक-एक विकेट लिया. समापन समारोह में विधायक सरयू राय, टाटा स्टील के वीपी (आरएम) वीडी सुंदररमम, श्रीलेदर्स के चेयरमैन शेखर डे, टाटा स्टील कॉरपोरेट कम्युनिकेशन हेड रुमा राजीव कुमार, टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी, हसन इमाम मलिक, केके बिल्डर्स के एमडी विकास सिंह, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी, बीबीपीएल के निदेशक गोपाल रस्तोगी, दैनिक भास्कर के संपादक डा. संजय पांडे, न्यू इस्पात मेल के संपादक ब्रजभूषण सिंह, प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह, महासचिव अंजनी पांडेय आदि ने पुरस्कार वितरित किये. कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के संरक्षक जय प्रकाश राय ने किया।

# बोड़ाम को गुरुजी ने अलग प्रखंड का दर्जा दिया हेमंत सोरेन ने डिग्री कॉलेज : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने बोड़ाम को अलग प्रखंड का दर्जा दिया तो हेमंत सोरेन ने डिग्री कॉलेज। झामुमो ने हमेशा से ही गांवों के लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए काम किया। दो साल के कोरोना काल के बाद दो साल में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विकास का जो काम किया उससे बीजेपी घबरा गई और केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों को पीछे लगाकर परेशान किया। बिना किसी सबूत के एक आदिवासी मुख्यमंत्री को इसलिए जेल भेजा गया क्योंकि उन्हें लगता था कि अगर हेमंत सोरेन



लगातार 5 साल सरकार में रहेंगे तो अगले चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में झामुमो का साथ देने व भाजपा को भगाने का आह्वान किया। इससे पूर्व बोड़ाम प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्याय यात्रा निकाली। कार्यकर्ता हेमंत सोरेन जिंदाबाद व केंद्र सरकार मुर्दाबाद, जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा लगाते हुए चल रहे थे। झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग करते हुए साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आने वाले समय में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, चंद्रशेखर टुडू, स्वपन महतो, सुभाष कर्मकार, छुटुलाल हांसदा, हिमांशु महतो, काजल सिंह, सिजेन हेम्ब्रम, रामू कुंभकार, बेबी महतो, समेत पटमदा-बोड़ाम के झामुमो नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान किसी भी दिन हो सकता है।इसके मद्देनजर तमाम सियासी दलों ने अपना चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पिछले दिनों इंडिया गठबंधन ने बिहार में मेगा रैली की। इस रैली में राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर ऐसी टिप्पणी किया कि विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने इसे मुद्दा बनाते हुए सोशल मीडिया पर मोदी का परिवार नाम से अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपनी एक्स प्रोफइल के आगे मोदी का परिवार जोड़ रहे हैं। ऐसा ही कुछ 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान भी देखा गया था तब भाजपा ने मैं भी चौकीदार नाम से अभियान चलाया था। नतीजे सामने आए तो इसका असर भी दिखा और भाजपा 2014 के मुकाबले 2019 में और भी बड़े अंतर से जीती। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने राफेल का मुद्दा बड़े जोर-शोर से उठाया था। दरअसल, साल 2016 में भारत ने 36 नए राफेल लड़ाकू जेट खरीदने के लिए फ्रांस के साथ सौदा किया गया था। 2017 में कांग्रेस ने राफेल लड़ाकू विमान सौदे में घोटाले का आरोप लगाया। बाद में यशवंत सिन्हा, अरुण शौरी, वकील प्रशांत भूषण और अन्य ने सौदे की जांच करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। 2019 में इन याचिकाओं पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया लेकिन राफेल लड़ाकू सौदे से संबंधित रक्षा मंत्रालय के कुछ आंतरिक दस्तावेज मीडिया में लीक हो गए। इसके बाद कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी ने नैतिक जीत का दावा किया और कहा था कि अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चोरी की है। राहुल गांधी ने अमेठी में अपनी रैली के बाद मीडिया से कहा था, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि चौकीदार जी ने चोरी की है। राहुल के साथ ही अन्य विपक्षी नेताओं ने भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफ यही बयानबाजी की। उधर भाजपा ने राफेल विवाद पर राहुल के खिलाफ दायर अवमानना याचिका दायर कर दी। पार्टी यहीं नहीं रुकी और उसने मैं भी चौकीदार का चुनावी नारा बना दिया। भाजपा के तमाम नेताओं ने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर मैं भी चौकीदार जोड़ लिया। रैलियों में कार्यकर्ता इसी नारे वाली टी शर्ट और टोपी पहने दिखाए देते। इस तरह से 2019 लोकसभा चुनाव प्रचार में पार्टी इस नारे का बखूबी इस्तेमाल किया। बता दें कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने राफेल विमान सौदे से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इसके साथ ही अदालत ने 36 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद में अनियमितता के आरोपों पर मोदी सरकार को क्लीन चिट भी दे दी थी।23 मई 2019 को जब लोकसभा के नतीजे सामने आए तो भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज की। भाजपा ने 2019 में 543 सीटों में से 436 पर उम्मीदवार उतारे थे। बाकी सीटें पार्टी ने सहयोगी दलों को दी थीं। पार्टी को 2014 से भी ज्यादा 303 सीट पर जीत मिली। यह आंकड़ा लोकसभा में बहुमत के आंकड़े 272 से भी ज्यादा था। वहीं कांग्रेस महज 52 सीटों पर ही रह गई। इस तरह से चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 351 जबकि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) को 90 सीटें मिलीं। नतीजों के बाद 30 मई 2019 को नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 2019 में जहां मैं भी चौकीदार नारा चर्चा में आया था तो वहीं अबकी बार मोदी का परिवार सुर्खियों में है। दरअसल, रविवार (3 मार्च) को पटना में विपक्ष की रैली हुई जिसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। लालू ने कहा, नरेंद्र मोदी आज कल परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं, ज्यादा संतान होने वाले लोगों को लेकर प्रधानमंत्री बोलते हैं कि परिवार के लिए लोग लड़ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को लेकर कहा कि आपके पास परिवार नहीं है। लालू यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि आप हिन्दू भी नहीं हैं। जब आपकी माताजी का निधन हुआ तो अपने बाल-दाढ़ी नहीं बनवाई, जबकि हर हिन्दू अपनी मां के शोक में केश-दाढ़ी बनवाता है। लालू यादव के हालिया बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा ने सोशल मीडिया पर नया अभियान शुरू कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल लिया है। भाजपा नेताओं ने अपने बायो में नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा है। पीएम मोदी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ऐसा किया गया है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना दौरे पर रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लालू यादव को परोक्ष रूप से जवाब दिया। मोदी ने कहा,भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।

## वेतनभोगियों की आय तो सीमित होती है, मगर वे भ्रष्ट साधनों से अतिरिक्त आय जुटाने में लगे रहते हैं

# प्रशासनिक भ्रष्टाचार के लिए प्रशासन ही जिम्मेदार

राजेंद्र मोहन शर्मा

> भ्रष्टाचार एक ऐसा नासूर है जिसकी लोक कथाओं के किस्से ऐतिहासिक दस्तावेजों तक चर्चित रहे हैं। वास्तव में राजनीति व राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं तथा उनके ही संरक्षण में पल कर प्रशासनिक अधिकारी अनैतिकता का काम करते हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का जन्म सत्ता के ऊंचे शिखरों से आरम्भ होता है जो धीरे-धीरे पूरे तन्त्र में रिस जाता है तथा इस अमररूपी बेल को राजनीतिज्ञों व उच्च प्रशासनिक अधिकरियों द्वारा पाला व पोसा जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक सुख सुविधाएं स्वयं व परिवार के लिए जुटाना चाहता है।

भारतीय प्रशासन में सच्चरित्रता तथा नैतिकता की स्थापना करना एक विषम समस्या है। ऐसा भ्रष्टाचार परम्परागत व विश्वव्यापी है जिसे समाप्त नहीं किया जा सकता तथा केवल कुछ सीमा तक इसे कम जरूर किया जा सकता है। कौटिल्य ने कहा है कि सार्वजनिक कर्मचारियों द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग न करना उसी तरह से संभव है जिस तरह जीभ पर रखे शहद को न चखना है। भ्रष्टाचार एक ऐसा नासूर है जिसकी लोक कथाओं के किस्से ऐतिहासिक दस्तावेजों तक चर्चित रहे हैं। वास्तव में राजनीति व राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं तथा उनके ही संरक्षण में पल कर प्रशासनिक अधिकारी अनैतिकता का काम करते हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का जन्म सत्ता के ऊंचे शिखरों से आरम्भ होता है जो धीरे-धीरे पूरे तन्त्र में रिस जाता है तथा इस अमररूपी बेल को राजनीतिज्ञों व उच्च प्रशासनिक अधिकरियों द्वारा पाला व पोसा जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक सुख सुविधाएं स्वयं व परिवार के लिए जुटाना चाहता है। ऊंचा ठाठ-बाठ बनाए रखना वस्तुतः प्रतिष्ठा का परिचायक बन चुका है। वेतनभोगियों की आय तो सीमित होती है, मगर वे भ्रष्ट साधनों से अतिरिक्त आय जुटाने में लगे रहते हैं। यद्यपि सरकार ने वेतनभोगियों के भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने के लिए कई नियम व कानून बना रखे हैं, मगर इन सबके बावजूद ऐसे भ्रष्ट लोग कानूनों से बचने में सफल हो जाते हैं। कितनी विडंबना है कि राजनीतिज्ञों ने विभिन्न कार्पोरेट के लोगों से अपनी पार्टियों को चलाने के लिए इलैक्ट्रोल बॉन्ड की खरीदो-फरोख्त करने की न केवल इजाजत दे रखी थी, बल्कि इस धन को आयकर से भी बाहर कर रखा था तथा इसी तरह कोई भी व्यक्ति इस सम्बन्ध में सूचना भी प्राप्त नहीं कर सकता था। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने ही इस मक्कडज़ाल को तोड़ा है तथा भ्रष्टाचार के इस अवैध मार्ग को परास्त किया है। वास्तव में राजनीतिज्ञ प्रशासन को अपने हाथ में लेकर अपनी स्वार्थपूर्ण नीतियों व नियमों को बनाते रहते हैं। उस समय में आरबीआई के गवर्नर रहे अर्जित पटेल ने चुनाव आयोग को आगाह किया था कि यह स्कीम मनी लॉन्डरिंग को बढ़ावा देगी जोकि देश के हित में नहीं होगा। मगर पिंजरे का तोता चुनाव आयोग इस सम्बन्ध में



कुछ न कर सका तथा चुप्पी साधे बैठे रहा। भ्रष्टाचार को तो मानो सामाजिक मान्यता प्राप्त हो चुकी है। पैसा व प्रतिष्ठा तो अब एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। पांच-चार हजार की रिश्वत तो चाय पानी के रूप में ही मानी जाती है। प्रशासन में छोटी छोटी अनियमितताएं अब स्वाभाविक प्रक्रियाएं मान ली जाती हैं। जो व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी करता है उसे असामाजिक व्यक्ति माना जाता है। प्रशासनिक कार्यों में नैतिकता समाहित करने के लिए कई सस्थाएं बनाई गई हैं, मगर वे भी आम तौर पर निष्क्रिय ही पाई जाती हैं। सतर्कता विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक संस्थाएं, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पुलिस का गुप्तचर विभाग, लेखा परीक्षण तथा लोकायुक्त सहित सभी विभाग पूर्णतः क्रियाशील व प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। उधर हमारी न्यायिक व्यवस्था भी इतनी जटिल है कि अपराधी किसी न किसी बहाने छूटने में सफल हो जाते हैं। अधिकतर देखा गया है कि बड़े अधिकारियों को पकडना मुश्किल होता है तथा छोटे मोटे कर्मियों जैसे कि पटवारी, कानूनगो, वन रक्षक या फिर क्लर्क इत्यादि लोगों को पकडक़र ये सारे विभाग अपना टारगेट पूरा करते रहते हैं। वास्तव में प्रशासनिक वेतनभोगियों को बचाने के लिए हमारे कानून ने एक बहुत बड़ा बचाव व संरक्षण का तरीका समाहित कर रखा है। भारतीय दंड प्रक्रिया की धारा 197 के अन्तर्गत किसी भी न्यायाधीश या लोकसेवक द्वारा यदि कोई भ्रष्ट आचरण किया जाता है तथा अमुक व्यक्ति पुलिस द्वारा पकड़ भी लिया जाता है, तब भी पुलिस को ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध चालान को न्यायालय में भेजने से पहले उस व्यक्ति के नियुक्त अधिकारी से अभियोजन की स्वीकृति लेना आवश्यक है। आम तौर पाया गया है कि भ्रष्ट उच्चाधिकारियों की स्वीकृति को टाले रखा जाता है तथा कई वर्षों तक यह खेल चलता रहता है। तदोपरान्त एक समय के बाद उस चालान की न्यायालय में भेजने की समय सीमा समाप्त हो जाती है, हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सम्बन्ध में कई बार निर्णय दे रखे हैं कि भ्रष्टाचार करना किसी कर्मचारी का आधिकारिक कार्य का हिस्सा नहीं है तथा कि ऐसे मामलों में चालान को बिना स्वीकृति के ही न्यायालय में भेजा जा सकता है, मगर फिर भी देखा गया है कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी इस कानूनी धारा का लाभ उठा कर सजा से बचते रहते हैं। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के भ्रष्ट आचरण को रोकने की जिम्मेदारी तो उनके अपने विभाग की ही होनी चाहिए, मगर चोर चोर मौसेरे भाई की उक्ति की पालना करते हुए आम तौर पर अधिकारी चुप्पी साधे रखते हैं तथा यह सारा कार्य पुलिस को ही करना पड़ता है। जब सारा तन्त्र ही भ्रष्ट हो, तब पुलिसमैन भी कोई ऐसा फरिश्ता या अली बाबा नहीं हो सकता जो ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को पकडऩे में सक्षम हो पाए। यह भी देखा गया है कि भ्रष्ट कर्मियों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से बनाई गई सम्पत्ति की जांच नहीं की जाती तथा वे देखने में ईमानदार ही लगते हैं, जबकि उन्होंने न जाने कितने करोड़ों की सम्पत्ति कई स्थानों पर अपने रिश्तेदारों या फिर चहेतों के नाम पर बना रखी होती है। इसी तरह ऐसे भ्रष्ट अधिकारी लाखों करोड़ों रुपए अपने बच्चों की पढ़ाई या उनके विवाह पर खर्च करते पाए जाते हैं तथा अपनी दो नम्बर की कमाई का किसी भी पुलिस तन्त्र को पता ही नहीं लगने देते। आखिर क्या कारण हैं कि एक ही पद तथा एक ही वेतनमान पर कार्यरत एक ईमानदार व एक भ्रष्ट कर्मी का जीवन स्तर न केवल अलग-अलग होता है बल्कि एक कम वेतनमान वाले कर्मी का आलीशान बंगला व उसकी अन्य सुख सुविधाएं दूसरे से कहीं अधिक होती हैं। वास्तव में अधिकांश व्यक्ति नौकरशाही की कार्यप्रणाली, कठोर नियमों तथा जटिल प्रक्रियाओं से घिरी होने के कारण अपना कार्य शीघ्रतापूर्वक सम्पादित करवाने हेतु घूस देना पसन्द करते हैं तथा कर्मचारियों की यह प्रवृत्ति बन गई है कि बिना घूस के कार्यों को आम तौर पर नहीं किया जाता।

दृष्टि कोण

# कांग्रेस में सियासी भगदड़ क्यों?

भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडऩे वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडऩे में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजेपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोडक़र कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाईकमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमलनाथ की वजह से कांग्रेस छोडऩे वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे, फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे हैं, वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडऩा शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बीरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं, वहीं दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोडऩे की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोडऩे का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब बीजेपी के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोहभंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## रामगढ महाविद्यालय में व्याख्यान श्रृंखला का हुआ आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ महाविद्यालय में व्याख्यान श्रृंखला में आज से सेमेस्टर एक के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नए सिलेबस के तहत रामगढ महाविद्यालय में व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इस की शुरुआत प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय के वक्तव्य से हुई। प्राचार्या ने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन हो रहा है। महाविद्यालय का प्रयास हैं कि विद्यार्थी किसी भी पत्र का चुनाव करे तो शिक्षक उनकी तैयारी में



अपने व्याख्यान से मदद कर सके। फिलहाल एम डी सी का एक पत्र जनजातीय आंदोलन जो आगे कंपटीशन की तैयारी में भी सहायक साबित होगा, व्याख्यान की व्यवस्था की गई है। व्याख्यान श्रृंखला के समन्वयक की भूमिका निभा रही डॉ प्रीति कमल ने कहा कि के छात्र अभी परीक्षा का आवेदन भर रहे हैं। उनमें से एम डी सी, एस ई सी और वी ए सी के विषयों को लेकर जो दुविधा की स्थिति बनी हुई है, उसे देखते हुए रामगढ महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं के हित में किया गया प्रयास है। आज एम डी सी अर्थात बहुविषयक अध्ययन से संबंधित भारत में जनजातीय विद्रोह के अन्तर्गत डॉ कामना राय कोल विद्रोह, डॉ शाहनवाज खान भील विद्रोह, डॉ रोज उरांव संथाल विद्रोह, डा. प्रीति कमल पहाड़िया विद्रोह, डा. मालिनी डीन खासी और रामोसी विद्रोह, डा. बलवंती मिंज कोली अपराइजिंग,और प्रो. साजिद हुसैन खोंड विद्रोह आदि विषय पर व्याख्यान दिए। धन्यवाद ज्ञापन प्रो बीरबल महतो ने किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडू :** रामगढ़ बुधवार के दिन आयुष्मान भव ः सेवा पखवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र मांडू में लगाया गया जिसमें आयुर्वेदिक , होम्योपैथिक, एलोपैथिक सहित ब्लड जांच ,शुगर जांच ,बीपी जांच कर मरीज को दवा दिया गया आयुष्मान भाव पखवाड़ा में जांच करने आए ग्रामीणों में शोएब अख्तर एहसान मंजर रामकुमार दीपक कुमार अनिल कुमार गीता देवी शाहित स्कूली बच्चों ने भी अपना जांच करवाया वहीं प्रभारी डॉक्टर रशिम रोमिला सांगा, डॉक्टर पंचम झांसी, डॉक्टर मनीष ,डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ,डॉक्टर मनीतोष, डॉ बि.एन.दुबे ,डॉक्टर जेनी सिंह ,डॉ जावेद, सुषमा कुमारी ,रीता कुमारी ,मेघा कुमारी , सी. एच .ओ .नीतू कुमारी, सपना कुमारी ,मीणा मुर्मू, गीता कुमारी ,रिंकी टोप्पो, आदि आयुष्मान भव ः पखवाड़ा में मौजूद रहे।

## ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मोदी कॉम्पलेक्स में बुधवार को एस्ट्रोलॉजिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का हुआ शुभारंभ। जिसमें बतौर उद्घाटनकर्ता अमित कुमार सिन्हा व अतिथि के रूप में डॉक्टर के चंद्र, नंदकिशोर गुप्ता, राजीव जायसवाल, अजीत जायसवाल, शिव शंकर, साहू विनोद कुमार, खोगेंद्र साव, संतोष कुमार रंजन आदि संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर केंद्र का उद्घाटन किया तथा संचालक ज्योतिषाचार्य संतोष कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि ज्योतिषशास्त्र प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती और न किसी की प्रोत्साहन तथा प्रशंसा का मोहताज़ ही रहता है। विशेषकर भारतवर्ष की भूमि ऐसे प्रतिभावानों के लिए अति उर्वरक रही है। भारत की महानतम भूमि ने ऐसे दिव्य रत्न प्रदान किए हैं। वही ज्योतिषी संतोष कुमार ने कहा कि पूरे भूमंडल के



प्राणी एवं वनस्पतियाँ ब्रह्मांड मे व्याप्त अनेक ग्रहों एवं नक्षत्रों के प्रभाव क्षेत्र में ही संचारित रहा करते हैं। सदियों से ही मनीषियों ने इस बात को सप्रमाण स्वीकार किया है. ग्रहविदो, ज्योतिषियों एवं वैज्ञानिकों के बदौलत ही ये सब संभव हो सका है। ये प्रतिभावान उनपर शोध तथा अनवरत खोज जारी रखते हुए अपनी दशा एवं दिशा का दिग्दर्शन कराकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर रविन्द्र साहू, संतोष कुमार रंजन, जमुना साहू, विनोद कुमार, जीतू अग्रवाल, संजय शाहा, राजेश कुमार गुप्ता, शिव शंकर साहू, चंद्रशेखर सिंह, पूर्णेंदु सिन्हा पुष्पेश आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित मजदूरों ने राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यलय में बुधवार को राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के समक्ष विस्थापित ग्रामीण मजदूरों की बैठक हुई। वहीं विस्थापितों ग्रामीण मजदूरों ने क्षेत्रीय सचिव राजू यादव को अपनी गंभीर समस्याओ से अवगत कराया जिसमें मजदूरों ने बताया कि एमके कंपनी के ठिकेदार में जो भी मजदूर वर्तमान में कार्यरत हैं उसे आगे भी काम पर रखा जाए। जबतक सीएचपी साइलो का निर्माण कार्य पुरा नही होता है। एवं रूद्र कंपनी में कार्यरत मजदूरों का बकाया राशि भुगतान किया जाए व जब भी सीएचपी साइलो चालू हो इसके मेटेनंस में, एमके कंपनी और रूद्र कंपनी में स्थानीय विस्थापित मजदूरों को काम पर रखा जाए। वहीं इस बैठक में महादेव बेसरा,डा जीआर भगत, सीताराम किस्कू, सतीश कुमार,दीपक कुमार यादव,विनोद मांझी,भादो मांझी, संतोष करमाली,अजय करमाली,महेश मांझी,प्रकाश मांझी,राजा मुर्मू, विनोद मांझी ,हरिलाल हेंब्रम ,सुरेश बेसरा ,शाहरुख सोरेन ,राजू करमाली, रमेश मुंडा, राजेंद्र मुंडा, मंटू मुंडा, राजू मुंडा,अनिल कुमार ,महेश कुमार मुंडा, रोशन हंसदा ,राकेश हंसदा, दिलीप टुडू, सिकंदर टुडू, राजेश कुमार,किशन किस्कू ,राजेश मुर्मू, पंचम महतो, सुमित सोरेन, छोटेलाल टुडू ,धनीराम मांझी, महालर सोरेन, बबलू मुंडा, पोत्र मांझी,आकाश मुर्मू ,अरुण तिग्गा,जीवन मिंस,हीरामांझी,निर्मल मुर्मू,पवन मुर्मू इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्वर्गीय काली बाबू की पोती के विवाह समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों पहुंचे, दिया आशीर्वाद

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड अंतर्गत बरियातू गांव में झारखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी नेता स्वर्गीय काली प्रसाद चक्रवर्ती की पोती के शादी समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचे और नव दंपत्ति जोड़ी को शुभ आशीर्वाद दिया इस वैवाहिक समारोह में गोला बरियातू अनुष्का चक्रवर्ती पिता सुनील राज चक्रवर्ती एवं हजारीबाग निवासी कुशाग्र रुद्र पिता दिनेश कुमार की जोडी परिणय सूत्र में बंधे एक दूजे के साथ रहने की कसमें खाई और नव दंपति की जोड़ियां विवाह मंडप में सात फेरे लिए, इस मौके पर परिणय सूत्र में बंधे नव दंपति जुगल जोड़ी को सैकड़ो लोगों द्वारा सुखमय दांपत्य जीवन के लिए वर वधू को शुभ आशीर्वाद दिया, जिसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, रांची के पूर्व सांसद रामपाल चौधरी रामगढ़ पूर्व विधायक अर्जुन राम, पूर्व विधायक ममता देवी, दुलमी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, झमोमो वरिष्ठ नेता महेंद्र मुंडा, शादी समारोह में शामिल सभी आमंत्रित अतिथिगणों ने लजीज और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया,इस मौके पर जिमी चक्रवर्ती, श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, शिवानी चक्रवर्ती, शिबू चक्रवर्ती,गीता रानी चक्रवर्ती, दुर्गा चक्रवर्ती माला चक्रवर्ती, सुजीत बनर्जी कर्नल विवेक गोस्वामी सीमा गोस्वामी शीला चक्रवर्ती,स्नेहा चक्रवर्ती निखिल चक्रवर्ती संजीत चक्रवर्ती आकाश गोस्वामी देवजीत चक्रवर्ती दीनानाथ सिंह सहित पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल रहे।

## भाजपा नगर परिषद द्वारा सांसद अन्नपूर्णा देवी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद के द्वारा भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में बायपास एनएच 33 दिग्वार फोर लाइन के समीप केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री कोडरमा के सांसद अन्नपूर्णा देवी का गुलदस्ता देकर फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। रांची



से कोडरमा जाने के क्रम में कुछ देर के लिए रुकी थी स्वागत करने वालों में जुआ मोर्चा प्रदेश सदस्य नीरज झा महामंत्री सुनील प्रसाद साहू मंत्री विजय गिरी भाजपा नेत्री प्रिया करमाली युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर नरोत्तम सिंह राजेश करमाली रंजीत प्रसाद साहू प्रमोद यादव गणेश प्रसाद वीरेंद्र प्रसाद साहू दुर्योधन यादव देवेंद्र गिरि विनोद प्रसाद राजा सिंधु महतो संतोष शर्मा चंदन कुशवाहा शंभू प्रसाद सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## सीओ ने किया बुथ निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बुधवार को अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने गिद्धौर व बारीसखी पंचायत में एक दर्जन बूथ का निरीक्षण किया।इस दौरान सीओ राकेश सहाय ने उच्च विद्यालय बारिसाखी,ᑭ लस 2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर,मध्य विद्यालय गिद्धौर, कन्या मध्य विद्यालय गिद्धौर के बूथ पर पहुंच निरीक्षण किया। अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया की लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बूथ पर पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, फर्नीचर सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।साथ ही विद्यालय प्रधानाध्यापक को सुविधा से संबंधित कई निर्देश दिए।

## मंत्री सत्यानन्द भोक्ता जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

➲लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों, दिव्यांग लाभुकों के बीच उपकरण व सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों के बीच किया स्वीकृति पत्र का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला खनिज निधि एवं कौशल विकास सह प्रशिक्षण केन्द्र में मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत 50- 60 वर्ष के लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं परिसंपत्तियो का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शामिल हुए। मंत्री श्री भोक्ता के आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। साथ ही उपस्थित सभी माननीय का भी पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में मौके पर समाज कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियो का वितरण किया गया। दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल व व्हील चेयर का वितरण किया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना के लाभुकों के बीच भी परिसंपत्तियो का वितरण किया गया। वहीं उत्कृष्ट सेविका और सहायिका को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे पोषण पखवाडा -02, 2024 का शुभारंभ बच्चों को माननीय मंत्री एवं उपायुक्त द्वारा अन्नप्रासन्न करा कर किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, समाजसेवी नवल किशोर यादव, समाजसेवी पंकज प्रजापति, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, अतीक मंसूरी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## सिमरिया पुलिस ने डुगडुगी बजाकर संजय पांडे के घर चिपकाया इश्तेहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के टुटीलावा गांव निवासी संजय पांडेय के घर में सिमरिया पुलिस ने डुगडुगी बजा कर चिपकाया इश्तेहार। यह इश्तेहार चतरा न्यालय के स्पेशल जज ने वारंट जारी किया है। वारंट को अमल में लाते हुए सिमरिया पुलिस नन्दलाल कुमार ने दलबल के साथ टुटीलावा पहुंच डुगडुगी बजा कर आरोपी संजय पाण्डेय के घर में इश्तेहार चिपकाया है। इश्तेहार में बलात्कार संजय पाण्डेय पिता शिवशंकर पांडेय ग्राम टुटीलावा आईपीसी 376 पोस्को एक्ट के आरोपी है। बता दें कि यह बलात्कार का बारदात बीते जनवरी 19 जनवरी को पीड़िता की माँ ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। किन्तु कुछ उच्चस्तरीय पहुँच के कारण आज तक बलात्कार के आरोपी संजय पांडेय को गिरफ्तारी नहीं सकी है और ना अभी तक आरोपी न्यालय में आत्मसमर्पण किया है। आखिर क्यों यह एक बड़ी सवाल है। इस उलझन से निकल रहे सवालों ने चीख चीख कर कह रहा है कि आरोपी दबंग हैं उसके पास राजनीतिक सरक्षण प्राप्त है जिसके कारण अब तक गिरफ्तारी से बचता रहा है। हाँ यही आरोपी कोई गरीब व मध्यम वर्ग का होता तो उसे पुलिस कब के गिरफ्तार कर जेल के सलाखों में भेज दी होती। चुकी सभी जानते हैं की कानून का हाथ लम्बा होता है। लेकिन इस मामले में हाथ छोटा पड़ता नजर आया है और बता दिया है कि कानून को डुगडुगी बजा कर उसे प्रेरित करना पड़ रहा है कि बाबू तुम सरेंडर कर जाओ न्यालय के चौखट में। अब देखना यह भी है कि यह डुगडुगी का आवाज से तंग आकर क्या आरोपी न्यालय में आत्मसमर्पण करेगा या नहीं। आम जनमानस टकटकी निगाहें लगा कर आशा और इंतजार में है। मौके पर एसआई दिलीप कुमार, रणजीत कुमार के अलावे कई अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत सिमरटोला समीप सड़क में रखे पाइप से अनियंत्रित हो बाइक दुर्घटना में एक व्यकि गम्भीर रूप से बुधवार को घायल हो गया।घायल व्यक्ति गिद्धौर व सिमरातरी गांव निवासी स्वज़ देवलाल महतो का पुत्र चंद्रिका दांगी है। ग्रामीणों के तत्प्रता से इलाज के लिए समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया। जहां इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजरीबाग रेफर कर दिया गया। वही डॉक्टरों ने बताया कि घायल व्यक्ति के माथे में गम्भीर चोट लगी है। जबकि दाहिना पैर टूट गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सलगा से ब्लॉक मोड़ गिद्धौर तक नल जल योजना के तहत पाइप बिछाया जा रहा है। पाइप सड़क में होने के कारण बाइक अनियंत्रित हो खम्भे में टक्कर मार दिया। जिससे एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## युवा संसद का हुआ आयोजन



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय चतरा कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा चुनाव से संबंधित चित्रकला एवं स्लोगन राइटिंग आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिले के स्कूली छात्र छात्राओं ने भाग लिया। स्कूली बच्चों ने अपनी इच्छा शक्ति से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पेंटिंग की।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोक सभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई।समीक्षा बैठक में लोकसभा आम चुनाव-2024 की समीक्षा पावर ऑफ प्रजेंटेशन के माध्यम से की गई। सभी नोडल पदाधिकारी, सहायतार्थ पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 अंतर्गत अपने-अपने कोषांगों के दिए गए कार्यों का निवर्हन करेंगे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कर्मियों को प्रशिक्षण रोस्टर अनुसार समय समय पर बेहतर रूप से दिया जाय। आगे उन्होने सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रियाशील कोषांग जहां गठित की गई है वहां अपने कोषांगों में सभी कार्यो का निष्पादन करेंगे। उन्होंने आगे कहा मतदाताओं को जागरूक करने में स्वीप की गतिविधि अहम है इस लिए स्वीप नोडल पदाधिकारी स्वीप कैलेंडर के अनुसार वैसे क्षेत्र जहां पूर्व के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम देखा गया है वैसे स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए। इसके अलावे मतदान केंद्र क्षेत्र, विद्यालय, संस्थान समेत अन्य जगहों पर भी अलग अलग तरह का गतिविधि कर मतदाताओं को जागरूक करें। जिससे पिछले चुनाव के तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक विकास पांडे, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निदेशक डीआरडीए, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं सहायतार्थ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया 25 वां स्थापना दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा में संचालित एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा ने बड़े ही धूमधाम एवं हर्षो उल्लास के साथ मनाया अपना 25 वा स्थापना दिवस। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम परियोजना प्रबंधक स्वप्नेंदु कुमार पंडा ने परियोजना में कार्यरत सभी पदाधिकारीयों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में एनटीपीसी का ध्वज फहराया। आगे अपने संबोधन में श्री पंडा ने कहा कि भारत के सबसे बड़े ऊर्जा समूह का हिस्सा होना बड़े गर्व की बात है। परियोजना के कार्य के प्रति आपके समर्पण और निष्ठा से, हमने क्रमशः एक मार्च और 04 मार्च 2024 को उत्तरी करणपुरा की 660 मेगावाट की यूनिट एक और यूनिट दो को सफलतापूर्वक समर्पित किया हूं। आगे उन्होंने बताया कि नार्थ करणपुरा परियोजना, जो सबसे प्रभावी सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकियों में से एक पर आधारित है, जल्द ही झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा को वाणिज्यिक बिजली प्रदान करेगी। साथ ही बहुत जल्द यूनिट तीन एनटीपीसी के उत्पादन स्टेशनों के बेड़े में शामिल हो जाएगा। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक ने एनटीपीसी के 25वें वर्ष पूरे करने पर सभी कर्मचारियों को बधाई दी। बिजली उत्पादन में करणपुरा की यात्रा और लेडीज क्लब, स्पोर्ट्स काउंसिल, (एनकेईडब्ल्यूए) नॉर्थ करणपुरा कर्मचारी कल्याण संघ, आसपास के गांवों के लोगों एवम् सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ सहित सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके अलावा सभी विक्रेताओं, जन प्रतिनिधियों, जिला एवं पुलिस प्रशासन, मीडिया और अन्य सभी विभागों को भी निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभार प्रकट किया।

## प्रखंड के लेपो विद्यालय में हॉकी खेल का प्रशिक्षण के लिए बच्चों का किया गया चयन

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के लेपो विद्यालय में हॉकी खेल का डे बोर्डिंग प्रशिक्षण चयन के लिए कई बच्चों को किया गया चयन। यह चयन पर्यटन कला एवं संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में किया गया।जिसमें चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय लेपो में हॉकी डे बोर्डिंग प्रशिक्षण हेतु आए हुए विद्यालय के बच्चों एवं संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को स्वागत किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री जितेंद्र प्रसाद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय सुदूरवर्ती क्षेत्र में होते हुए भी हॉकी डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र का होना हमारा एवं इस क्षेत्र का सौभाग्य है। जिसके लिए मैं उपायुक्त चतरा एवं जिला खेल पदाधिकारी चतरा को तहे दिल से धन्यवाद देता हूँ। इस हॉकी डे बोर्डिंग प्रशिक्षण हेतु लगभग 350 बच्चों का ट्रायल लिया गया जिसमें 155 बालक एवं लगभग 145 बालिकाएं भाग लिया। चयन प्रक्रिया में सर्वप्रथम बैटरी टेस्ट के तहत ऊंचाई की माप, वजन की माप, बॉल थ्रो, फ्लैक्सिबिलिटी टेस्ट, शटल रन, वर्टिकल जंप, स्टैंडिंग जंप, 30 मी दौड़, 800 मीटर की दौड़ किया गया, साथ ही साथ हॉकी स्किल टेस्ट में ट्रैवलिंग बॉल पासिंग एवं बॉल शोर्ट तहत चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में 8 वर्ष से 12 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया जिसके तहत प्रस्तावित डे बोर्डिंग सेंटर से लगभग 5 किलोमीटर के अंदर आने वाले कई सरकारी विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। तकनीकी सहायक के रूप में जिला खेल समन्वयक श्रीमती पूजा उरांव, फुटबॉल कोच श्री वासुदेव उरांव, शारीरिक शिक्षक अबोध राम, दीपक कुमार ,जितेंद्र कुमार यादव एवं मुकेश कुमार शामिल थे।

## बरवाडीह थानाध्यक्ष के रूप में प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा ने पदभार संभाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बुधवार को बरवाडीह थाना परिसर में पुलिस प्रतिनिधि व पत्रकारों के बीच आगामी चुनाव व पर्व के मद्देनजर समन्वय स्थापित करने, परिचय प्राप्त करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि थानाध्यक्ष के रूप में 21 बेच के आईपीएस प्रशिक्षु ललित मीणा तीन महीने के लिए पदभार संभाल लिया है।इस बीच उन्होंने थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और पत्रकार बंधुओं से रुबरु होकर परिचय प्राप्त किया। आगे उन्होंने थाना क्षेत्र आने वाले इलाकों के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि बरवाडीह प्रखंड का हमेशा से शांतिप्रिय माहौल रहा है। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव जो लोकतंत्र का महापर्व माना जाता है वहीं आने वाले शिवरात्रि , होली, रामनवमी पर्व के मद्देनजर चर्चा की गई जिसपर प्रशिक्षु मीणा ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों के अलावा बुद्धिजीवी लोगों से अपील होगी आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इस दौरान कोई भी असमाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर पूर्व थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कांग्रेस के समन्वय समिति की बैठक में स्थानीय उम्मीदवार को टिकट देने की मांग की



संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र

**लातेहार :** शहर के सेलिब्रेशन इन में होटल में बुधवार को कांग्रेस पार्टी के द्वारा चतरा लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लातेहार जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद वीर साहेब, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, योगेंद्र साव व जय शंकर पाठक आशुतोष कुमार सिंह समेत कई बड़े नेता मौजूद थे।मौके पर आगामी चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी प्रखंड के अध्यक्षों से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में संगठन की मजबूती से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र के निर्देश पर सभी प्रकार की समीक्षा की गई है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कार्यकर्ता मंडल स्तर, प्रखंड स्तर, जिला स्तर एवं लोकसभा स्तर तक संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वर्तमान समय में देश की राजनीति हालात चल रही है। वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। आज लोकतंत्र की हद संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। इसके अलावा चुने हुए लोगों को ईडी, आईटी का दुरुपयोग कर उन्हें आतंकित करने का काम कर रही है। इसके अलावा उन्हें बरगला रही है ताकि उनके इशारे पर वह काम कर सके। वहीं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय उम्मीदवार की मांग की। जिसपर प्रभारी ने विश्वास दिलाया कि इस बार कांग्रेस से स्थानीय प्रत्याशी ही चतरा लोक सभा से होंगे। इसके साथ ही अन्य सभी बातों को लेकर कार्यकर्ताओं को सभी चीजों से अवगत कराया गया है और आने वाले चुनाव को लेकर योजना पर तरीके से काम करने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर चतरा लोक सभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष व चतरा लोक सभा क्षेत्र के तीन जिलाध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में अपने गोद लिए हुए गांव बानपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम प्राधिकारी नवल किशोर प्रसाद मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए गोद लिए हुए गांव बानपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। सक्रिय भूमिका निभाते हुए मैहर आरा प्रतिमा कुमारी मानसी कुमारी खुशी कुमारी संध्या कुमारी खुशबू कुमारी प्रतिमा कुमारी सक्रिय भूमिका निभाई।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के माको डाक बंगला में महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह के अध्यक्षता में एवम नारी शक्ति वंदन अभियान के जिला संयोजक सह जिला महामंत्री बंशी यादव के मार्गदर्शन में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण हुआ। जहां सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश पाण्डेय ने की।मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा सीतामणी तिर्की जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कल्याणी पांडेय युवा मोर्चा लोहरदगा जिला प्रभारी रघुवीर यादव ओबीसी जिला महामंत्री विष्णु गुप्ता युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्विनी सिंह,जिला कार्य समिति सदस्य आनंद सिंह मनोज कुमार अमलेश सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी सह जिला कार्य समिति सदस्य आशा देवी, ग्रामीण मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी रानी देवी, विद्या देवी, अंजु देवी मंजू देवी रिशा देवी, उषा देवी, संध्या पांडेय, संगीता तिवारी, नीलम देवी, मीरा देवी, समेत सैकड़ों महिला शामिल रहीं।

## जल जंगल जमीन को बचाना झारखंड आंदोलकारियों का कर्तव्य : अलीहसन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड के सैदूप खेल मैदान मे बुधवार को झारखण्ड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप झारखंड आंदोलनकारी के संस्थापक सह प्रधान महासचिव पुष्कर महतो, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय उपाध्यक्ष झारखंड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा के भुनेश्वर केवट, और केंद्रीय सचिव अलीहसन अंसारी मुख्य से उपस्थिति रही । सभा को सम्बोधित करते हुए अलीहसन ने कहा कि झारखंड अलग करने के लिए हमारे सैकड़ो पूर्वजों ने बलिदानी दिया है।है तब हमे झारखंड मिला तब। उन्हों ने कहा कि हमारा लड़ाई जल जमीन और जंगल की लड़ाई है हम इसे लुटने नहीं देंगे। वन अधिकारी हमे जंगल जाने से रोकती है हमारे पालतू जानवर को जंगल मे चरने नहीं देते है। हम एक होकर अपना हक अधिकार के लिए जहा भी लड़ना पड़े हमारा आंदोलन कारी सेना लड़ कर अपना अधिकार लेगी। वही महतो ने कहा कि हमारा लड़ाई किसी व्यक्ति बिशेष की लड़ाई नही बल्कि अपना अधिकार की लड़ाई है। जल जंगल और जमीन की लड़ाई है उन्हों ने कहा की हमारा झारखंड खनीज सम्पदा से परिपूर्ण है लेकिन झारखंड के लोगो को एक समय के अच्छा भोजन की नसीब नही होती,यहां के लोग अत्यंत पिछड़ा है यहां के लोग गरीबी के करण अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा नही दे पाते है। वही केंद्र सरकार झारखंड के खनीज सम्पदा को ढोने मे लगी है। हम सभी आंदोलंकारियों का कर्तव्य है कि हम सब मिलकर झारखंड की खनीज सम्पदा को नही ले जाने की शपथ लेते है जो भी हमारा कच्चा माल है वह झारखंड मे ही उद्योग लगाकर कच्चे माल को तैयार कर झारखंड के बजारों में बिक्री हो। तभी हमारा झारखंड के लोगो का बिकास होगा। मौके पर सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भगवान की प्रतिमा का कराया गया नगर भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श नगर में आयोजित हो रहे सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के तहत बुधवार को प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भगवान शिव की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया ।नगर भ्रमण के तहत आदर्श नगर स्तिथ मंदिर स्थल से ढोल बाजा व बैंडबाजों के साथ सैकड़ों महिला-पुरुष जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण में शामिल हुए। नगर भ्रमण कार्यक्रम में मुरपा मोड,थाना चौक,महावीर मंदिर रोड,टमटम टोला होते हुए विभिन्न मंदिरों का भ्रमण करते हुए प्रतिमा को वापस मंदिर में लाया गया। जहां उसकी स्थापना की गई।नगर भ्रमण के दौरान माहौल पूरी तरह से भक्ति के रंग में डूबा दिखा। हर ओर से सिर्फ हर-हर महादेव के जयघोष ही सुनाई दे रहा था। वहीं नगर भर्मण के दौरान लोगों ने भगवान शंकर का आशीर्वाद लेते हुए सुख शांति व समृद्धि की कामना की। शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ एवं नगर भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राम दर्शन तिवारी,महामंत्री रवि सिंह, सचिव अखिलेश भोक्ता, मंदिर निर्माण समिति निर्मल सिन्हा, संयोजक रंजीत जायसवाल, महामंत्री प्रदीप गंझु, मंदिर समिति गजेंद्र चौबे, विनोद बिहारी गुप्ता, लालदेव गंझु, विनोद साव, दिलीप कुमार, विवेक सिंह, रंजय सिंह, अजीत ओझा, रामकुमार भगत, अनुज जायसवाल, अशोक साव, धनुषधारी गंझु, उपेंद्र साहू, शशि भूषण गुप्ता, दीपांशु कुमार, आशीष ओझा, रविंद्र गुप्ता, संजीव सिन्हा, रविंद्र सिन्हा, रति गंझु, अवधेश भगत, देवेंद्र सिन्हा, संजय प्रसाद, जगनारायण पाठक, सुनील पांडे, शंभू प्रसाद सिन्हा, संतोष यादव, रवि रजक, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र साव, लालदीप कुमार, ललन सिंह, गोविंद यादव, बृजभूषण मिश्रा लाल, अरुण नाथ शाहदेव समेत कई लोग सरहणीय भूमिका निभा रहे है ।

## लातेहार आजसू जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुदेश महतो से मुलाकात की

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो से जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय ने शिष्टाचार मुलाकात कर लातेहार में चल रहे हल्ला बोल कार्यक्रम कि विस्तृत रूप से जानकारी दी। जिलाध्यक्ष श्री पांडेय ने बताया कि भूमि संरक्षण विभाग में फर्जी पानी पंचायत का गठन कर बिचोलियों एवं अधिकारियों के द्वारा ओवर स्टीमेट बना कर सरकारी पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है जो घोर अन्याय है।वहीं केंद्रीय अध्यक्ष ने लड़ाई जारी रखने और आम जन कि आवाज को बुलंद करने को कहा।भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने बताया कि हमारे विभाग में कोई फर्जी पानी पंचायत का गठन नहीं हुआ न ही किसी योजना में ओवर स्टीमेट बना है यह सब गलत आरोप है।

# सर्वजन पेंशन योजना व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान सह अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सर्वजन पेंशन योजना (50 से 60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किश्त भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का सम्मान सह अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 6 मार्च को नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त ने बड़ी संख्या में आए महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार ने पेंशन योजना में महिलाओं के लिए विशेष रूप से संशोधन करते हुए पेंशन योजना के लाभ के लिए सभी वर्ग की महिलाओं के लिए तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरुषों के लिए आयु सीमा 50 वर्ष कर इन वर्गों के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाई है। अब इस वर्ग के महिला और पुरुष 50 वर्ष की आयु में पेंशन के हकदार होगें। आज के कार्यक्रम में पेंशन योजना के नए लाभुकों को प्रथम किस्त की राशी हस्तांतरित की जायेगी। उपायुक्त ने उपस्थित महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। उन्होंने आज से प्रारंभ हो रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ की जानकारी दी और बताया की प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के माध्यम गर्भवती महिलाओं को अच्छा पौष्टिक भोजन खाने और स्वस्थ रहने के संबंध में जागरूक किया जाता है। उन्होंने सावित्री बाई फुले



किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से बच्चियों के पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले स्कॉलरशिप योजना से बड़ी संख्या में लाभुकों को जोड़ा गया है। पूर्व में यह योजना का लाभ एक माता पिता के दो बच्चियों के लिए था,लेकिन वर्तमान में इस योजना का लाभ 2 से अधिक बच्चियों के लिए भी सुलभ हो गया है। उन्होंने जिले के दूर दराज क्षेत्रो से आए सहायिका, सेविका एवं लाभुकों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री विधवा पुर्नविवाह योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत मैट्रिक, इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृत्तीय स्थान प्राप्त करनेवाली बालिकाओं को सम्मानित किया जा रहा है।सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक निवेदिता राय ने बताया कि सवर्जन पेशन योजना के तहत अब तक 4 हजार लाभुकों का पोर्टल पर ऑनलाईन प्रविष्टि की गई है, जिसमें तीन हजार लाभुको को प्रथम किस्त का लाभ दिया गया है।

# बरही विधायक ने पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला ने देश के पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री दिग्गज नेता यशवंत सिन्हा से हजारीबाग लोकसभा चुनाव को लेकर शिष्टाचार मुलाकात किया। कांग्रेस विधायक अकेला ने कांग्रेस के आला कमान के इशारे पर बरही विधान सभा के सभी प्रखंडों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड स्तरीय बैठक पर लोकसभा का सीट को हासिल करने का रणनीति तैयार कर लिया है। उन्होंने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा था कि लोकसभा में भाजपा को हराने के लिए एक तरफ गठबंधन और दूसरी तरफ पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री दिग्गज नेता यशवंत सिन्हा को हजारीबाग लोकसभा सीट का उम्मीदवार बनाना होगा। इसी उद्देश्य से आरसी प्रसाद मेहता, जिला परिषद सदस्य भाग 2 रविशंकर अकेला, चंदवारा 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह, संजय यादव सहित कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्षों के साथ मुलाकात कर चुनाव की रणनीति पर मुहर लगवाने पहुंचे थे। इस मुलाकात से चौपारण में एक बार फिर राजनीति गरमाने लगा है।



# बादम में इकरा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का हुआ शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम में उम्मत हेल्प संस्था के द्वारा इकरा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया गया। उम्मत हेल्प संस्था के सदस्यों ने बताया के दो सालों के अथक प्रयास के बाद स्कूल का शुभारंभ हो पाया है। बादम में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से स्कूल का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुफ्ती दिलशाद अकरम, जामा मस्जिद के इमाम रहमत उल्लाह ग्यावी, पत्रकार आरिफ वकार, इरशाद आलम ने लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व को समझाया। शिक्षा पर बात करते हुए कहा के मुसलमानो के शिक्षा की स्तिथि बेहद खराब है। सच्चर कमिटी के रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया के मुसलमानो के शिक्षा का स्तर दलितों से भी कम है। उच्च शिक्षा के लिए मुसलमानो को आगे आना होगा। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। माजिद अकरम ने बताया के अभी नर्सरी से लेकर कक्षा 5 तक की पढ़ाई होगी। अभी बच्चों का नामांकन फ्री है। मौके पर मुख्य रूप से प. स. स. राजा खान, हाजी शाकिब अजीज, मोदस्सर अकबर, सफदर हसन, नदीम अहमद, शारीक अशरफ, वासिद, मुन्ना खान, नौशाद, अफरोज, शोएब, सोनू, फसीह, लड्डन, नाजिम, फैसल सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# संजय कुमार दास बने सूचना अधिकार विभाग के कांग्रेस जिला चेयरमैन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एडवोकेट संजय कुमार दास को कांग्रेस के प्रति निष्ठा और समर्पण की भावना को देखते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना विभाग के प्रदेश अध्यक्ष टी एन मिश्रा द्वारा संजय कुमार दास को सूचना अधिकार विभाग का हजारीबाग जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया। जो तत्काल प्रभाव से लागू है साथ ही इन्हें निर्देश दिया गया है की यथा शीघ्र जिला कमेटी बनाकर प्रदेश कार्यालय को समर्पित करेंगे एवं कांग्रेस पार्टी का संगठन की मजबूती हेतु आवश्यक जनहित कार्य संपादित करते रहेंगे ताकि पार्टी एवं जनता को मजबूती से कार्य कर सके। जनहित कार्य हेतु राइट टू इनफार्मेशन से संबंधित हजारीबाग जिले के सभी व्यक्तियों का कार्यो का निशुल्क निष्पादन करेंगे एवं निष्पादन करने में सहयोग करेंगे।



संजय कुमार दास मूल रूप से टाटीझरिया प्रखंड के खैरा ग्राम के रहने वाले हैं जो अभी दीपूगडहि हजारीबाग के निवास में रहते हुए हजारीबाग न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं इनका सूचना अधिकार विभाग में मनोनियां होने पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कांग्रेसियों ने बधाइयां दी मुख्य रूप से ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ,कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ,वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ,डॉ आरसी मेहता, एडवोकेट सुनील कुमार, टी एन मिश्रा ,डॉ दीपक सिंह ,साजिद अली खान इत्यादि थे।

# कलश शोभा यात्रा पर फुटपाथ व्यवसायी संघ ने की पुष्प वर्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एक सौ आठ कुण्डीय राष्ट्र - जागरण गायत्री महायज्ञ स्थानीय गांधी मैदान,मटवारी में 6 से 9 मार्च 2024 तक हो रहा है।जिसका श्रीगणेश मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। ग्रामीणों के द्वारा भक्ति भाव के साथ भगवा ध्वज लेकर ढोल – ताशा की गड़गड़ाहट के साथ नगर भ्रमण किया गया। मंगल कलश शोभा यात्रा गांधी मैदान से प्रारंभ होकर पीटीसी चौक, डिस्ट्रिक बोर्ड चौक, इंद्रपुरी चौक होते हुए सदर अस्पताल पहुंची जहां पर फुटपाथ व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सह प्रदेश संयोजक जैविक कृषि प्रकोष्ठ किसान मोर्चा, भाजपा,झारखंड के अनूप भाई के सौजन्य से फुटपाथ व्यवसायी संघ के बैनर तले तमाम श्रद्धालुओं का सदर अस्पताल रोड पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया।इनके द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पीने के लिए बोतलबंद पानी की व्यवस्था किया गया। मौके पर अनूप भाई ने कहा कि गायत्री महायज्ञ विश्व कल्याण हेतु सर्वश्रेष्ठ माना गया है,गायत्री महायज्ञ से मनुष्य के अंदर ऊर्जा का विकास होता है । यह यज्ञ गायत्री शक्तिपीठ हजारीबाग के देखरेख में कराया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर



108 गर्भवती बहन - बेटियों का गर्भोत्सव संस्कार करने के साथ हीं 9 मार्च को निशुल्क 108 सामूहिक विवाह संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में नीरज वर्मा, युवा समाजसेवी अजीत चंद्रवंशी, फुटपाथ व्यवसायी संघ से विनोद केसरी, अशोक साव, रंजीत गुप्ता ,अजीत गुप्ता, टुन्नू गुप्त,पप्पू रजक, पंकज वर्मा, शंभू ठाकुर, टीपू सुल्तान, पप्पू अंसारी, बबलू साहू, राजेश मेहता, सुधीर मेहता ,कुसुम देवी, सरिता देवी ,राजू मेहता ,हरि मेहता, घनश्याम मेहता, संगीता देवी समेत संघ के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## डीएमएफटी मद जिले के पांच सरकारी विद्यालयों में स्टेम लैब का हुआ अधिष्ठापन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएमएफटी मद से विभिन्न विद्यालयों में उन्नयन कार्य के साथ साथ स्टेम लैब का अधिष्ठापन की ओर हजारीबाग जिला तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। स्टेम लैब के माध्यम से विधार्थियों में कुछ नए सीखने की ओर प्रेरित करता है साथ ही तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती है। इस प्रकार के नवाचार से छात्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति उत्सुकता जागृत होती है। डीएमएफटी मद से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निश्चय ही एक महत्त्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि यह प्रयास युवाओं को कई क्षेत्रों में भविष्य के करियर के लिए सहायक होगें। प्रयोग और अन्वेषण के माध्यम से छात्रों में रचनात्मकता और नवीनता विकसित होगी। आज के वर्तमान परिदृश्य में नित नए आयाम स्थापित हो रहे है उनमें सामंजस्य बिठाने के लिए ऐसे नवाचार को अंगीकृत करना अनिवार्य है। स्टेम लैब सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है ताकि छात्रों के लिए सीखना अधिक आकर्षक और प्रासंगिक हो सके। हज़ारीबाग जिले में, सरकारी स्कूलों में कुल 05 स्टेम लैब विकसित किए गए है। जिनमें +2 उच्च विद्यालय बड़कागांव, हिंदू +2 हाई स्कूल, सदर,केएन +2 हाई स्कूल ईचाक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय आन्गो, 5.+2 उच्च विद्यालय, बरही प्रमुख है।

## कांग्रेस पार्टी ने किया पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा का स्वागत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी पिपरवार नगर कमेटी के कार्यकर्ताओ ने पिपरवार थाना के नए थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा से औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पिपरवार थाना के नए थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा का बुके देकर स्वागत किया।इस दौरान पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने और क्षेत्र की समस्या पर चर्चा की गई।इस दौरान थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने भी थाना क्षेत्र में कानून एवं विधि व्यवस्था स्थापित करने में सभी लोगों से सहयोग करने की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,सुभाष साव,गुरूदयाल सिंह,मंगल सिंह,संतोष यादव,उमेश यादव,रामनंदन राम,बैजू सिंह,बसंत गुप्ता,गुड्डु गंझू, हीरा राम,प्रेम गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजुद थे।



# बरही में युवा कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय हुई बैठक

## हजारीबाग लोस चुनाव में कांग्रेस की जीत पर बनाई रणनीति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही ब्लॉक परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में युवा कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय बैठक आहूत की गई। जिसमें चौपारण, पदमा एवं बरही के युवा कांग्रेस अध्यक्ष शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश यादव एवं जोनल कॉर्डिनेटर इकलाख अहमद, रघुनंदन गोप उपस्थित हुए। बैठक में हजारीबाग आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत जिताने पर विचार विमर्श किया गया। इसके लिए बूथ कमेटी एवं यूथ को बूथ से जोड़ो पर विशेष रूप से बल दिया गया। कहा कि इस बार हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस को विजय



पताका फरहना है। क्योंकि लंबे समय से बीजेपी के झोली में यह सीट रहा है। इस अवसर पर उपस्थित युवा साथियों ने संकल्प लिया कि इस बार देश में बढ़ रहे बेरोजगारी और महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस को मजबूत करना है और कांग्रेस के प्रत्याशी को जीता कर दिल्ली के सदन में भेजने का काम करें। बैठक में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, कॉर्डिनेटर इखलाक अहमद, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनोहर कुमार यादव, वरिष्ठ रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार, जमुना यादव, निजामुद्दीन, शरीफुल हक, ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, बरही युवाध्यक्ष मनजीत यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, विधानसभा कॉर्डिनेटर आकाश भारती, लालू कुमार, मुकेश कुमार, दशरथ यादव, वीरेंद्र गोप, नरेंद्र कुमार, बबलू, सुशील कुमार, प्रयाग गोप, मो इरशाद, मो तसलीम, प्रमोद सिंह, पुरंदर कुमार, विनोद कुमार, मो हुमायूं, मोहन प्रजापति, आकाश भारती, रितेश भुइया, जूनियर कपिल, कालेश्वर प्रसाद, मनजीत कुमार, रामसेवक भारती, अरुण कुमार, अमित ,कुमार दीपक, रंजीत कुमार, राजेश कुमार यादव, रवि कुमार, धर्मेंद्र भारती, बादल ठाकुर, छोटी ठाकुर, बीरेंद्र कुमार खरवार, सुनील कुमार, नरेश यादव एवं युवा कांग्रेसी मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का बरही चौक पर हुआ स्वागत



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोकसभा से दुबारा भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद बुधवार को रांची पहुंची।वहां से कोडरमा के लिए रवाना हुए, इस बीच बरही चौक पर भाजपाइयों ने पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर भाजपाइयों ने कहा कि फिर से भारी मतों से अन्नपूर्णा देवी की जीत होगी और इस बार मोदी सरकार 400 के पार का नारा बुलंद होंगा। स्वागत करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा नेता रितेश गुप्ता, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, वरिष्ठ समाज सेवी सुरेंद्र रजक, विहिप प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, राहुल राणा, पंकज वर्णवाल, आकाश जायसवाल, संतोष निषाद, बासुदेव साहू समेत भारी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

## वार्ड सदस्यों एवं एसएचजी ग्रुप के सदस्यों का जल जीवन मिशन पर दो दिवसीय हुआ प्रशिक्षण



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चूरचू प्रखंड के चरही पंचायत भवन सभागार में जल जीवन मिशन का दो दिवसीय प्रशिक्षण जन जागरण केंद्र संस्थान हजारीबाग के द्वारा दिया गया प्रशिक्षण 2024 तक सभी घरों में नल से जल दी जा रही है वही योजना की जानकारी दी गई साथ ही साथ जल संरक्षण जल बचाओ पानी की कम खपत हो इन्हीं विषयों पर चर्चा किया गया प्रशिक्षण लेने में मुख्य रूप से चरही मुखिया संझली मुर्मु, उपमुखिया अभिजीत सिंह प्रशिक्षण के रूप में रंजन कुमार नरेश रजक उषा देवी अशोक यादव उपस्थित थे।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत बनने वाली तीन सड़कों का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत करोड़ों की लागत से बनने वाले तीन सड़कों का शिलान्यास किया। पहला चट्टी नरकोपी सड़क से बिल्टी गांव तक लगभग 3 किमी, दूसरा बेड़ो चट्टी रानी टोली भाया पांडेपारा खुराटोली तक पथ लगभग 3.73 किमी और तीसरा बेड़ो घाघरा चट्टी सड़क दिघिया भाया अम्बा टोली तक लगभग 2.2 किमी तक बनने वाली सड़क का आधार शिला रखी। इन सड़कों के बनने से लगभग बीस पचीस गांव के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सड़क काफी जर्जर हो चुके थे



जिसके कारण ग्रामीणों के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसकी जानकारी ग्रामीणों व कार्यकर्ता के माध्यम से मिलने के बाद विधायक ने इसे गंभीरता से लिया और विभाग से इन्हे पास कराया। शिलान्यास समारोह में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि निर्माण के उपरांत ये सड़क बहुत सारे गाँवो को एक साथ जोड़ेगी। आवागमन में सुविधा होगी। खेती किसानी सहित सभी क्षेत्रों का विकास होगा। मौके पर विधायक ने झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बतलाया और योजनाओं का लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने को कहा। मौके पर उप प्रमुख मोद्दसीर हक, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि शंभु बैठा, मो0 फहीम व सिल्वेस्टार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महादानी मैदान के झखरा कुंबा में जमीन को बचाने को लेकर आदिवासी समूहों की हुई बैठक

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के झखरा कुंबा में बुधवार को आदिवासियों के महतो, पहान, पुजार, भुयहारी, बकास्त, भंडारी, भूतखेता सहित अन्य धार्मिक जमीन को बचाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक में पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत उपस्थित थे। बैठक में जमीन से संबंधित कई मुद्दों को विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया गया कि कुछ बिचैलियों के द्वारा आदिवासियों के जमीन को बगैर जानकारी दिये हेरा फेरी किया जा रहा है। सभी समस्याओं से अवगत होने के पश्चात डॉ परमेश्वर भगत ने जमीन से जुड़ी कई बारीकियों को आम जनों से साझा किया। उन्होने कहा कि आदिवासी अपने जमीन के हिफाजत को बड़ी जिम्मेदारी समझते हुए बिचैलियों से बचाएं। सभी लोग अपने संवैधानिक हक और अधिकार का जानकारी रखते हुए जल, जंगल जमीन को बचायें। साथ ही आर्थिक, समाजिक, आर्थिक व राजनीति रूप से जागरूक रहने की जरुरत है। बैठक के उपरांत जमीन की हेरा फेरी ना हो इसके लिए अंचल अधिकारी बेड़ो को ज्ञापन भी सौंपा गया। मौके पर महतो, पहन, पुजार, पनभरवा, हकवा करवा भंडारी व सहित कई लोग उपस्थित थे।



## मगध-संघमित्रा मे हुई त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा पर हुई चर्चा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र मे बुधवार को त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबधंक नृपेन्द्रनाथ ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर माइन्स सेफ्टी माईनिंग आफताब अहमद और विशिष्ट अतिथि में डायरेक्टर माइंस सेफ्टी इलेक्ट्रिकल विकास महेश्वरम,डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी माईनिंग अजेश मोहम्मद,पी हनुमन्ता राव,जीएम एसएंडआर हेडक्वाटर सुनील कुमार सिंह,आईएसओ मनीष मोहन उपस्थित थे।बैठक में महाप्रबंधक नृपेन्द्रनाथ ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।बैठक की शुरूआत राष्ट्रीय गीत एंव कोल इंडिया की कॉरपोरेट गीत के बाद सामुहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।बैठक के दौरान कोयला उद्योग में शहीद कामगारों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।जिसके बाद प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से कोयला खदानों के सुरक्षा से संबंधित बातों की जानकारी दी गई।बैठक में कोयला खदान और मजदूरों की सुरक्षा से संबंधित कई बातों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डायरेक्टर माइंस सेफ्टी आफताब अहमद ने कहा कि सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर सुरक्षा से संबंधित बातों की समीक्षा की जा रही है। कोयला खदान में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की जा रही है। कोयला खदान में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है,इसके लिए मजदूरों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## होम क्रेडिट इंडिया ने सेवा भारत के साथ मिलकर सक्षम 2024 लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक गैर-लाभकारी संगठन सेवा भारत के सहयोग से मशहूर ग्लोबरल कंज़्यूमर फ़ाइनैंस प्रोवाइडर की एक स्थानीय शाखा, होम क्रेडिट इंडिया (HCIN) ने अपने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम सक्षम 2024 के अगले संस्करण की शुरुआत की है, जिसके तहत यह हाशिए पर रहने वाली 20,000 महिलाओं और बालिकाओं को लाभार्थियों के रूप में शिक्षित करेगा।सक्षम वित्तीय साक्षरता पहल का मुख्य उद्देश्य हाशिए पर खड़ी महिलाओं और बालिकाओं को वित्त की मूलभूत समझ देना है, ताकि उन्हें होशियारी से वित्तीय निर्णय करने के लिए सशक्त बनाया जाए और उन्हें हर जानकारी दी जा सके। यह कार्यक्रम उन्हें डिजिटल पेमेंट के विकल्पों और उससे जुड़े जोखिमों और रिवॉर्ड्स के बारे में जानने में भी सक्षम बनाएगा। इस वर्ष, सक्षम 2024 का उद्देश्य मुख्य रूप से उत्तर (दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, पंजाब और राजस्थान) और पूर्वी भारत (बिहार) में आयोजित की जाने वाली 800+ वित्तीय साक्षरता कार्यशालाओं के ज़रिए 20,000 महिलाओं (महिला छात्रों, गृहिणियों, नौकरानियों और दैनिक वेतनभोगियों सहित) को शिक्षित करना है।

## एमजी मोटर इंडिया ने अपने ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमजी मोटर इंडिया ने एमजी ईवी को वॉव वैल्यू प्रोपोजीशन में अधिक सुलभ बनाने के लिए अपने ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने की घोषणा की। कार मैन्यूफैक्चरर ने 19.98 लाख रुपये की आकर्षक कीमत पर डुअल पेन पैनोरमिक स्काई रूफ के साथ अपने प्रमुख ईवी - एमजी जेडएस का एक नया वैरिएंट 'एक्साइट प्रो' पेश किया है। एमजी मोटर इंडिया ने फास्ट चार्जिंग' विकल्प के साथ एमजी कॉमेट को दो नए वैरिएंट्स एक्साइट और एक्सक्लूसिव में भी लांच किया है। स्मार्ट ईवी-एमजी कॉमेट की रेंज 6.98 लाख रुपये से शुरू होती है।एमजी जेडएस ईवी भविष्यवादी डिजाइन के अनुरूप है, जो अच्छी ऑन-रोड उपस्थिति, ड्राइविंग सुविधा, विशाल और लग्जीरियस इंटीरियर प्रदान करती है। यह एग्जीक्यूटिव, एक्साइट प्रो, एक्सक्लूसिव प्लस और एसेंस वैरिएंट्स में 18.98 लाख रुपये (एक्स शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जो इसे हमारे ईवी उत्साहियों के लिए आकर्षक मूल्य प्रस्ताव बनाता है। भारत की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी 75.से अधिक कनेक्टेड फीचर्स और सेगमेंट में सबसे बड़ी 50.3 किलोवॉट प्रिज़्मैटिक सेल आईपी69के रेटेड, एएसआईएल-डी और यूएल2580 बैटरी के साथ पावर-पैक्ड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अनुभव प्रदान करती है। यह सिंगल चार्ज में 461 किमी ' प्रमाणित रेंज प्रदान करती है, जो इसे लागत प्रभावी मोबिलिटी सॉल्यूशन बनाता है।

## जयनगर बीजेपी द्वारा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजन किया गया



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम के तहत पतरातू प्रखंड के संयुक्त तीनों मंडलों के कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में जयनगर पंचायत भवन में किया गया। जहां लगभग 100 से संख्या में महिलाओं ने बंगाल से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना तथा प्रधानमंत्री के नारे मैं मोदी के परिवार का समर्थन किया तथा 90 90 20 24 पर मिस कॉल किया।कार्यक्रम में आई महिलाओं का रजिस्ट्रेशन सरल एप पर किया गया तथा भाजपा के महिला मोर्चा रामगढ़ जिला के अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश के महिला सशक्त और मजबूत बन रही है आज महिला लोग घर से बाहर निकल कर आत्मनिर्भर हो रही है तथा महिलाओं को 33 त्न का आरक्षण भी मिल चुका है इसके साथ-साथ जेएसएलपीएस महिला समूह के माध्यम से महिला लोग एकजुट हो रही है और आर्थिक क्षेत्र में महिला लोग आगे बढ़ रही है इसलिए 2024 में हम सभी को मिलकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर पतरातू मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति,सतीश मोहन मिश्रा,अमिता सोनी,सरिता ठाकुर,किशोर कुमार, महतो,हेमंती देवी,सपना देवी,रेखा देवी,रेणु देवी,उर्मिला देवी,रुकैया देवी,पिंकी देवी,प्रीति देवी,सुनीता देवी,अनीता देवी,सीता देवी दर्जनों समूह सहित महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसपी विमल कुमार ने न्यायालय के सुरक्षा का लिया जायजा



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने रामगढ़ एससीडीपीओ,परिचारी प्रवर,कोर्ट सुरक्षा प्रभारी तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ का सुरक्षा ऑडिट किया। कोर्ट परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश रोकने हेतु एक्सेस कंट्रोल करने के लिए लगातार चेकिंग फ्रीसकिंग करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट रहकर सघन गश्ती करते हुए कोर्ट सुरक्षा प्रदान करने हेतु निर्देश दिया गयाद्य साथ ही न्यायाधीश आवासीय परिसर का भौतिक निरीक्षण कर एक संतरी पोस्ट तत्काल प्रभाव से स्थापित कर सुरक्षा हेतु निर्देश दिए गए।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. जीएसयूआरएनसी-ईएनजीजी-03-2024**, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य परियोजना प्रबंधक, राँची के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति/राँची के अधीन राँची मंडल की गति शक्ति यूनिट हेतु जनरल कन्सल्टेंट की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) । **निविदा मूल्य:** रु.3,20,83,174.92, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 29.03.2024 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मुख्य परियोजना प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, राँची-834003 के कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है। **(PR-1207)**

# सर्वजन पेंशन योजना एवं पोषण पखवाड़ा के तहत टाउन हॉल रामगढ़ में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत नए लाभुकों में 50 वर्ष से अधिक की महिलाएं एवं अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के 50 वर्ष से अधिक के पुरुषों को पेंशन योजना के तहत प्रथम किस्त के भुगतान तथा पोषण पखवाड़ा को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त चंदन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी सहित अन्य अतिथियों का स्वागत मिलेट बास्केट देकर किया गया। जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा चौधरी ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 50 से 60 आयु वर्ग की महिलाओं एवं अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति वर्ग के पुरुषों को पेंशन देने के संबंध में दिए गए निर्णय की तारीफ करते हुए सभी से पेंशन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के दौरान नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले सभी लकभुकों को शुभकामनाएं दी वहीं पोषण पखवाड़ा एवं मोटा अनाज के फायदे के प्रति भी उप निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सभी को जानकारी दी गई। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन में उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए सभी से उनके उनके क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने, मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने, दिव्यांग मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करने सहित अन्य कार्यों को लेकर अपील की।कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण देते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा पोषण पखवाड़ा एवं कुपोषण को दूर करने में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा किए गए कार्यों को लेकर सभी को विस्तार से जानकारी दी गई वहीं उन्होंने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं से निरंतर जिले के विकास में अपना योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सिंपल कुमारी, गौरी कुमारी, रिया कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रानी कुमारी एवं अंजली कुमारी को स्वीकृति पत्र सौपा गया।कार्यक्रम के दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत प्रथम किस्त प्राप्त करने वालों में सहेलियां देवी लीला देवी हमीदा बानो कीसुन करमाली तेजलाल राम रुनवा देवी मंजरी देवी सैफुन निशा को सांकेतिक रूप से जनवरी एवं फरवरी माह के पेंशन के रूप में ?2000 की राशि का डमी चेक प्रदान किया गया वहीं इस अवसर पर रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल 5205 लाभुकों को पेंशन राशि उनके खाते में डीबीटी की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन बेहतर तरीके से करने एवं इस दौरान सराहनीय कार्य करने के लिए कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं में सरिता देवी रेणु देवी रीता देवी किरण देवी विनीता देवी ललिता देवी चंदा देवी सरिता देवी रोहिणी वाला बालमनी देवी तुला देवी मंजू देवी सरिता देवी गीत देवी शुधनता देवी सबीना परवीन मो. सुशीला सोनमती देवी देवंती देवी सुकरो कच्छप कौशल्या देवी चिंता कुजूर एवं चिंता देवी को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पोषण पखवाड़ा के तहत अलग-अलग प्रखंडों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण उपयुक्त सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया वहीं बेहतरीन स्टॉल लगाने के लिए पतरातू प्रखंड को प्रथम चितरपुर गोला प्रखंड को द्वितीय एवं प्रखंड को द्वितीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## एक सप्ताह के अंदर बूथ एजेंट रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य : इंदिरा देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की प्रखंड के सभी 221 बूथो पर बीएलए बुथ एजेंट का पार्टी के लिंक पर लॉगिन रजिस्ट्रेशन को लेकर प्रखण्ड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल कि अध्यक्षता मे बैठक संपन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से बतौर मुख्य अतिथि बडकागांव विधानसभा प्रभारी इंदिरा देवी उपस्थित थी।बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी बूथो पर बुथ एजेंट का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य एवं आवश्यक है। जिसका कार्य प्रखंड में जोरो से चल रहा है। तथा उपस्थित सभी कांग्रेस जनो को बुथ कमेटी तक का कार्य जल्द से जल्द पुरा करने का आग्रह किया गया।वही प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि चुनाव से संबंधित सभी कार्यो का निष्पादन पतरातू प्रखंड के सभी कांग्रेसियों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है।बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रमाकांत दूबे,मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, डा.के के शर्मा, उपेंद्र प्रसाद यादव, अनिल कुमार अशोक प्रसाद, कमलेश कुमार, शम्स खान, मुकेश कुमार, राथो महली , वीरू सिंह, हरिदास साव, राजू प्रसाद , छोटू साव, लोकेश आनंद, वीणा देवी, मो इरफान, खुर्शीद आलम, रवि उराँव, मो.खलील, मों इम्तियाज, दिनेश दास, उज्जवल कुमार, पुनम सिंह, मो.हबीब, बलराम कुमार, खेमलाल तुरी, राकेश कुमार, लालु कुमार, सहित सैकड़े उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक दृष्टिकोण पर पांच दिवसीय कार्यशाला में ड्रोन शो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला, और अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग ÷ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक दृष्टिकोण÷ के विषय पर 04 मार्च से हो रही है। कार्यशाला के चौथे दिन में उड़ान टीम राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला द्वारा ड्रोन शो का आयोजन 11ः00 बजे किया जाएगा । इस शो में विभिन्न प्रकार के ड्रोनो का प्रदर्शन एवं उनका सफलता पूर्वक प्रशिक्षण किया जाएगा। ड्रोन शो में विभिन्न प्रकार के 10 ड्रोनो का प्रदर्शन किया जाएगा जो कि उड़ान टीम द्वारा प्रयोगशाला में ही निर्माण किया गया है। उड़ान टीम के सदस्य सुमेध गजघते,कुलदीप मंडल, स्वप्निल गायकवाड़, उमेश साहू,एवं बिप्लब् चक्रबर्ति इस ड्रोन शो का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यशाला के कॉर्डिनेटर डॉ अवनीश कुमार, डॉ संजय कुमार एवं डॉ चिकेश रंजन है।

# भव्य भंडारे के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुभाष नगर आरगड्डा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया. हरि कीर्तन के दौरान धार्मिक भजनों से आसपास के क्षेत्र में भक्ति कि बयार बहती रही. अखंड हरि कीर्तन के समापन पर मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए।मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि हनुमान जी कि सच्चे मन से अराधना करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं. हनुमान जी कि कृपा ऐसी होती है कि उनका आशीर्वाद उनके भक्त को सफलता कर शीखर तक़ पहुंचा देता है. जबकि मनोज कुमार महतो ने कहा कि हनुमान जी बहुत ही दयालु हैं और अपने भक्तों से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं. उन्होंने कहा कि हनुमान जी कि कृपा से लोगों को सफलता कि प्राप्ति होती है और जीवन में खुशहाली आती है. कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार महतो, उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, नितेश नायक, सचिव जयदेव, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, सह सचिव बिहारी सिंह, सरंक्षक सीताराम पासवान, कार्तिक पासवान, बांटी सागर, अमर सागर, शिवम पिल्ले, बबलू कुमार, तीरथ प्रसाद, सौरभ कुमार, राजेश कुमार, विकास कुमार आदि ने योगदान दिया।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भाव कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र के मुर्रामकला प्रखंड कार्यालय नायक टोला स्थित शिव मंदिर कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलश यात्रा का आयोजन हुआ । कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए । अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर एवं कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारम्भ किया । कलश यात्रा नायक टोला शिव मंदिर से आरम्भ होकर गांधी घाट स्थित दामोदर नदी तक गई । जहां श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा । कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं कि भीड़ कलश यात्रा के दौरान धर्म कि जय हो अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभावना हो, विश्व का कल्याण हो, हर हर महादेव, नमः शिवाय के गगनभेदी नारों से शहर के वतावरण हो भक्तिमय बनाते चल रही थी । श्रद्धालुओं द्वारा कलशों को मंदिर परिसर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि पूर्वक स्थापित किया गया । मौके पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का बहुत महत्व है । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों के बीच भक्ति कि भावना का प्रसार होता है । साथ ही लोगों के बीच भाईचारे को बढ़ावा मिलता है । विधायक ने कहा कि जहां भी ऐसे आयोजन होते हैं वहां प्रभु का वास होता है एवं वहां के लोगों के जीवन में खुशहाली आती है । जबकि विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से लोगों के जीवन में खुशहाली आने के साथ साथ वतावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो जाता है ।शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत गुरुवार को शिव जी कि हल्दी एवं शाम को नगर भ्रमण, शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्राभिषेक व शनिवार को हवन एवं भंडारा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन होगा ।प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, सचिव अजय करमाली, कोषाध्यक्ष तृप्ति केसरी, सरस्वती साहू, सीता देवी, मनोज कुमार, अनुपमा सिंह, कुलदीप वर्मा, नीरज मंडल, सुजीत नायक, नूतन शर्मा आदि योगदान दे रहे हैं ।

## आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र व निष्पक्ष तथा निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा स्वीप अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को टाउन हॉल रामगढ़ में मतदाता जागरूकता को लेकर मतदाता जागरूकता शपथ, वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड, रंगोली सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ के साथ-साथ जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य लोगों ने मतदाता जागरूकता शपथ के तहत लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।मतदाता जागरूकता शपथ के उपरांत उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप उनके फोन में डाउनलोड कराया गया वहीं उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप के फायदों की भी सभी को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने वोटर हेल्पलाइन डाउनलोड करते हुए अपने हाथों को हवा में लहरा कर आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मताधिकार का प्रयोग करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता को लेकर बनाई गई रंगोली का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी सेविकाओं की सराहना की।

## तालाब का जीर्णोद्धार कार्य से आसपास के ग्रामीणों को मिलेगा लाभ : सुनीता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा दुलमी प्रखंड के पंचायत सोसो स्थित ठुटुआ गांव में होने वाले तालाब का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का मंगलवार को मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिसद अध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, मुखिया उर्मिला देवी, पंसस गोपाल प्रसाद द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि, यहां तालाब का जीर्णोद्धार कार्य से आसपास के ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही लोगो को गर्मी में पानी की समस्या से राहत भी मिलेगी। बताते चले कि होने वाले गहरीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य के होने से ग्रामीणों में हर्ष है। इस संबंध में पूर्व जिप अध्यक्ष ने बताया कि काफी दिनों से ग्राम के लोगों ने रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी से आग्रह किया था कि उक्त तालाबों का गहरीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य कराया जाए। क्योंकि उक्त तालाब गांव के लिए काफी अहम तालाब है। यहां पहुँचे अथितियों का माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गयाद्यमौके पर लाभुक समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव गुलेश्वर महतो, पूर्व मुखिया नंदू महतो सहित राजेश महतो, महेंद्र महतो, गोविंद महतो, कालीचरण महतो, बृजलाल महतो, मनोज महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जल जीवन मिशन के तहत भुरकुंडा पंचायत में दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पंचायत भवन में बुधवार को जल जीवन मिशन के तहत वार्ड सदस्य, स्वयंसेवी महिला समूह और ग्रामीण महिलाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर अजय कुमार महतो और उर्मिला देवी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण के उपरांत जल संरक्षण को लेकर शपथ लिया गया और भ्रमण कर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। मास्टर ट्रेनर अजय कुमार महतो ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 में हर घर नल जल का लक्ष्य है। मुखिया के नेतृत्व में टीम गठित होगी जो सुनिश्चित करेगी की पंचातय के हर एक घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचे और लोग जल की बर्बादी न करें। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया अजय पासवान, उप मुखिया संजीत राम,वार्ड सदस्य रौशन पासवान, अमित पासवान रूपा कुमारी, सुकून देवी, विमला देवी जल सहिया खुशबू कुमारी,रेखा देवी, सीमा देवी, कालेश्वरी देवी, सबीता देवी, पूजा देवी, गीता देवी, कांति देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, चरकी देवी, उमापति देवी, सुरोमनी देवी, राजो देवी, पिंकी देवी, यशोदा देवी, पम्मी कुमारी, विजय पासवान, शिवकुमार दास,भोला कुमार, जुगेश राम, नरेश दास सहित अन्य शामिल रहे।

## उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के साथ किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन एवं निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार के साथ पतरातू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लेते हुए मतदान के दिन सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं उनके द्वारा मतदान केंद्रों के समीप ग्रामीणों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गई। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान




**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वही युवा - युवतियों को शपथ दिलाई गई। बुधवार को ज्वाला युवा क्लब, केंदुवागढहा में बेंगाबाद राष्ट्रीय युवा स्वमसेवक प्रतिभा कुमारी के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया।स्वमसेवक प्रतिभा कुमारी ने बताया कि हर भारतीय को मतदान करने का अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदान भविष्य का विधाता होता है। इधर पूर्व स्वमसेवक पप्पू कुमार वर्मा ने बताया कि ज्वाला युवा क्लब के द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उप मुखिया कृष्ण कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि फुटबॉल, वॉलीवाल, कब्बडी, दौड़ कराया गया। साथ ही प्रथम , द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को खेल मंत्रालय द्वारा दिल्ली से पुरस्कृत के किया जएगा।मौके पर क्लब अध्यक्ष रणधीर प्रसाद ज्वाला, राज कुमार वर्मा, सूरज वर्मा, विद्या भारती, मासूम प्रिया, अनुप्रिया कुमारी, कोमल वर्मा, रानी वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## निगम कार्यालय से निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बुधवार की सुबह निगम कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली का नगर आयुक्त रवि राज व सहायक नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम के कर्मचारियों ने नारे लगाकर लोगों को लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान करने के लिये जागरूक किया तथा एक एक वोट के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत नगर निगम कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकालकर कंबाइंड बिल्डिंग रोड होते हुए पूजा टॉकीज, कोर्ट रोड, रणधीर वर्मा चौक, लुबी सर्कुलर होते हुए वापस नगर निगम कार्यालय पहुंची। जहां से नगर निगम के द्वारा एक रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ब्राह्मण कर मतदाता जागरूकता रैली का संदेश देंगे। साथ ही सफाई कर्मचारी कचरा उठाओ करने के साथ-साथ घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता संदेश देने का कार्य करेंगे।

## रणविजय सिंह पहुंचे भाटडीह ओपी, नए प्रभारी से किया मुलाकात



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत भाटडीह ओ.पी के नए थाना प्रभारी बालमुकुंद सिंह से औपचारिक मुलाकात करने पहुंचे कांग्रेस नेता सह बिहार जनता मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह। मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता माजूद थे।

**महिला ने शिव कुमार सिंह के खिलाफ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया**

## पुलिस पर डराने व धमकाने का भी लगाया आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भूली ओपी क्षेत्र के पांडरपाला की रहने वाली महिला प्रगति कुमारी सिंह ने भूली ओपी में स्थानीय निवासी शिव कुमार सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। महिला प्रगति कुमारी सिंह का आरोप है कि एकरारनामा के बावजूद शिव कुमार सिंह जमीन की रजिस्ट्री को लेकर आनाकानी कर रहा है। इस बारे में और अधिक पता लगाने पर जानकारी मिली कि शिव कुमार ने धोखे से मांझी खाता का प्लाट उन्हें बेच दी है। प्रगति ने बताया शिव कुमार सिंह ने उन्होंने वर्ष 2020 में दो लाख रू में जमीन खरीदी थी। कुल जमीन 1080 वर्ग फीट है। इसमें एक लिखित एकरारनामा 7 जुलाई 2023 में हुआ था। जमीन पर पहले से कच्चा मकान भी बना हुआ था जिसमें तभी से रह रही है। जमीन का एक ओर हिस्सा सरोज कुमार सिंह को भी बेचा है और अब सरोज पूरा जमीन अपने नाम करना चाहता है ओर सरोज के इशारे पर शिव कुमार लगातार मुझे मेरे परिवार को प्रताड़ित कर रहा है। प्रगति ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। भूली ओपी प्रभारी भी उक्त लोगो के साथ मिलकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस हम सब का शिकायत नही ले रहा है और उल्टा मुझे डराया जा रहा है और किसी केस में फंसाने का धमकी दिया जा रहा है। जबकि इस मामले को पुलिस के द्वारा कोर्ट में भेजने का कार्य होता है। ऐसे में पुलिसिया धमकी से हम सब डरे और सहमे हुए है। आज ऑनलाइन शिव कुमार और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज किया हूँ।

## पेड़ से लटका शव बरामद, इलाके में फैली सनसनी

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीनोबली स्कूल के कोड़ाडीह जंगल मे एक पेड़ से लटका शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गयी। खबर फैलने के शव के समीप एक बाइक मिलने और उसके तफ्तीश के बाद शव की शिनाख्त फुलवार बस्ती निवासी सुमित कुमार रवानी उर्फ लालु के रूप में की गई। शव पूरी तरह सड़ चुका है, जिसकी बदबू मुख्य सड़क तक आने पर घटना की खबर लगी। मृतक घर से लगभग एक हफ्ते से लापता था। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुँच अपनी बाइक और शव का पहचान कर पाए। घटना से आहत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि सुमित कई बार अपने घर से लापता रहता था और कई दिनों बाद वापस लौट आता था। इसी कारण इस बार उसके गयाब होने की सूचना कतरास थाना में नही दी गयी। फिलहाल कतरास पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का पटाक्षेप हो पाएगा।

**धनबाद पहुंचे अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह**

# आगामी लोक सभा आम चुनाव के लिए की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला समाहरणालय सभागार में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में एवं ज़िला निर्वचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की उपस्थिति में नियमित जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के कार्यों, वर्तमान में चल रहे प्रशिक्षण को लेकर जिले के सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी, ईआरओ एवं एईआरओ के साथ बैठक की। इस दौरान नियमित जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के कार्यों, वर्तमान में चल रहे प्रशिक्षण एवं दिनांक 4 मार्च 2024 से प्रारंभ अभियान #IamVerifiedVoter आदि की प्रगति एवं समीक्षा की गई। साथ ही सभी कोषांगों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन नियमावली को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2023 में अद्यतन किया गया है। आवश्यकतानुसार नियमावली में कई बदलाव किए गए हैं। कई नई बातों को जोड़ा गया है। आयोग ने कई नयी आइटी एप को विकसित किया है। इस बार के निर्वाचन में इन आइटी एप (सी-विजील, वोटर हेल्प लाइन आदि) की अहम भूमिका रहेगी। इसलिए निर्वाचन नियमावली की पुस्तक को सभी अधिकारी ध्यान से पढ़ें। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ), सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी को इसे सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बार सभी बूथ मॉडल बूथ होंगे, जहां न्यूनतम सुविधा उपलब्ध होगी। खास करके सभी बूथों पर पानी की सुविधा, बिजली की सुविधा, शौचालय की सुविधा, रैंप, बेंच डेस्क, आवश्यकता अनुसार शेड की सुविधा समेत कई अन्य सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वही पोस्टल बैलट में सीनियर सिटीजंस, दिव्यांगों आदि पर विशेष फोकस करते हुए 85 वर्ष से अधिक उम्र के वोटरो के घर जाकर मतदान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि डिस्ट्रिक्ट ईलेक्शन मैनेजमेंट प्लान के अनुसार सभी कार्यों को तयसमय पर पूरा करेंगे।

## खोरीमहुवा एसडीपीओ ने ट्रांसफर से नाराज होकर सोशल मीडिया पर किया इस्तीफे का ऐलान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** ज़िले के खोरीमहुवा एसडीपीओ साजिद जफर ने इस्तीफा का एलान किया गया है। इधर झारखंड में ट्रांसफर-पोस्टिंग का दौर शुरू है। कई पुलिस पदाधिकारियों को एक जगह से दूसरी जगह भेजे जा रहे हैं। झारखंड सरकार ने मंगलवार को एक बार फिर कई पुलिस अफसरों का तबादला किया।

ट्रांसफर लिस्ट में गिरिडीह के खोरीमहुआ एसडीपीओ साजिद जफर का भी नाम है।ट्रांसफर से नाराज एसडीपीओ ने सोशल मीडिया में नौकरी से इस्तीफे का ऐलान कर दिया है।

इसकी सूचना एसडीपीओ ने अपने फेसबुक अकाउंट के जरिए दी है। फेसबुक बुक पोस्ट में लिखा-तबादले का अन्यायपूर्ण फैसला देख कर मैंने नौकरी से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। जीवन नौकरी से बड़ा है।

न्याय की जीत होनी चाहिए, जय हिन्द। हालांकि, अब उन्होंने फेसबुक पोस्ट डिलीट कर दिया है।

## जनता हॉस्पिटल में महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले के चैताडीह में संचालित जनता हॉस्पिटल में बुधवार को इलाज के दौरान एक महिला के मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने जोरदार हंगामा किया।बताया जाता है कि बेंगाबाद के छोटकी खरगडीहा जेरुवाडीह निवासी सरफराज की पत्नी खुशबू खातून को प्रसव पीड़ा के बाद बेंगाबाद के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां से उसे गिरिडीह रेफर कर दिया गया।एक सहिया के सहयोग से उसे जनता हॉस्पिटल लाया गया था। जहाँ उसकी बड़ा ऑपरेशन से इसे बच्चा हुआ। बताया गया कि प्रसव के दो दिन के बाद बुधवार को इसे गलत इंजेक्सन लगाने के बाद ताबियत बिगड़ गई और उसके बाद खुशबू खातून की मौत हो गई।घटना से कोहराम मच गया। परिजनों ने जोरदार हंगामा किया। इस दौरान परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।मोके पर झरखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष फरदीन इम्तियाज अहमद भी पहुचे और परिजनों को दिलासा दिया। फरदीन इंतियाज़ अहमद हॉस्पिटल के संचालक से मुलाकात किया और बातचीत किया और हॉस्पिटल में ताला लगा देने की बात कही। मौके पर पचबा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, एसआई राजीव सिंह भी दल बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल की।

## असर्फी कैंसर संस्थान में मुंह के कैंसर की हुई सर्जरी, मरीज को मिला नया जीवन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असफी कैंसर संस्थान में मुंह के कैंसर से ग्रस्त एक मरीज की सफल कमांडो सर्जरी आयुष्मान योजना के तहत की गई। इस संस्थान में आयुष्मान योजना के तहत भी कैंसर का इलाज हो रहा है। जिस मरीज की कमांडो सर्जरी हुई, वह इस संस्थान में आयुष्मान योजना के तहत कैंसर का इलाज कराने वाले पहले मरीज है। धनबाद के धांगी निवासी मरीज की आयु 75 वर्ष है। कमांडो सर्जरी असर्फी कैंसर संस्थान की नेक एंड हैड कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका गुप्ता के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने किया। टीम में राजस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवाजी सरकार समेत अन्य शामिल थे। सर्जरी के बारे में डॉ. मोनिका गुप्ता ने बताया कि करीब 8 घंटे तक सर्जरी कर मरीज के मुह से कैंसर को निकाल दिया गया। सर्जरी के बाद उन्हें नया जीवन मिला है। सर्जरी ज्यादा जटिल होने के कारण वक्त ज्यादा लगा। मरीज के मुह के नीचे का जबरा और तालू को काटकर हटाया गया। मुह से कैंसर को निकालने के बाद सीने से मास का टुकड़ा लेकर मुह के अंदर और चेहरे के बाहर डाला गया। मरीज की प्लास्टिक सर्जरी भी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज अब बिलकुल स्वस्थ्य है। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। डॉ. मोनिका गुप्ता ने बताया कि सर्जरी के बाद उन्हें दस दिनों के लिए डॉक्टर की देखरेख में अस्पताल में ही रखा गया है। सर्जरी जिस दिन हुई उसके एक महीना बाद असर्फी कैंसर संस्थान में ही मरीज को रेडिएशन दिया जाएगा।



रेडिएशन के बाद उनका इलाज पूरा हो जाएगा। बता दें की असफों कैंसर इंस्टीट्यूट में एक ही छत के नीचे सभी नैदानिक सुविधाओं (पीईटी-सीटी स्कैन) और उपचार सुविधाओं (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, कीमोथेरेपी) की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह संस्थान झारखंड और पूर्वी भारत के राज्यों के कैंसर मरीजों के लिए व्यापक कैंसर देखभाल केंद्र के रूप में वरदान साबित होने वाला है। ज्ञात हो की असर्फी कैंसर सस्थान मे रेडियोथेरेपी, केमोथेरपी, टारगेट थेरेपी एवं सभी प्रकार के कैंसर के सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। मरीज को एनेस्थीसिया देने वालों में डॉ. प्रिया भाटिया और डॉ. किशोर चक्रवती के अलावा नर्सिंग स्टाफ में अरुण कुमार, आदित्य कुमार, रेखा कुमारी आदि शामिल थी।

**व्यवसायियों ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित महासचिव विनय वर्मा व उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता का भव्य स्वागत किया**

## मेरा यह जीत पत्रकारों, शुभचिंतकों और स्वस्थ विरोधियों को समीर्पित है : विनय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** प्रेस क्लब कतरास के चुनाव में महासचिव पद पर विनय वर्मा और उपाध्यक्ष पद पर दीपक गुप्ता के शानदार जीत पर मछली पट्टी पचगढ़ी के व्यवसायियों एवं समाजसेवियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर महा सचिव पद पर जीते विनय वर्मा ने कहा कि मेरा यह जीत पत्रकारों, शुभचिंतकों और स्वस्थ विरोधियों को समीर्पित है। पत्रकारों के साथ साथ जन मुद्दा पर लोगों के लिए खड़ा रहेंगे। मौके पर स्वागत करने वालों में वार्ड संख्या 2 के पार्षद प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता मासूम खान, व्यवसायी सुरेश केडिया, फिरोज राजा, समाज सेवी चुन्ना यादव, अधिवक्ता ललन यादव, बलबीर सिंह उर्फ राजू सरदार, मनोज कुमार, मो बाबला, मो अमान, मो मेहबूब, सचिता यादव, नजीर, भोला राईन, प्रदीप गुप्ता, नफीस राईन आदि शामिल थे।

## झारखंड में लोकसभा का चुनाव भ्रष्टाचार बनाम विकास होगा : राज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार राज ने कहा कि अगला लोकसभा चुनाव झारखंड में भ्रष्टाचार बनाम विकास होगा श्रीराज ने कहा जहां झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार ने भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा पर कर दिया है वहीं नरेंद्र मोदी का विकास और विकसित भारत का संकल्प के लिए निरंतर प्रयास हो रहा है उसी कड़ी में झारखंड में पिछले दिनों 36000 करोड़ की योजनाओं का सौगात धनबाद में झारखंड को मिला इस तरह के निरंतर प्रयास चल रहे हैं कि झारखंड में भारत सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले वहीं दूसरी तरफ झारखंड की सरकार नित्य



प्रतिदिन ट्रांसफर पोस्टिंग कोयला पत्थर और लोहा के भ्रष्टाचार में संलग्न लोगों पर लगाम लगाने मे विफल साबित हो रही है बाहरी भीतरी का लड़ाई एवं विकास से लोगों का मन भटकने के लिए तरह-तरह की षड्यंत्र रच रही है वास्तविकता में झारखंड में हजारों की संख्या में नियुक्तियां हैं सरकार चाहे बिना भेदभाव के सारे पदों को भरा जा सकता है राज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी या मानती है कि जिस दिन झारखंड अलग हुआ उसके पहले जो लोग यहां रह गए वह पूर्ण रूपेण झारखंडी हैं और उनको स्थानीयता की लाभ मिलनी चाहिए 1932 के खतियान के नाम पर लाखों बेरोजगारों का शोषण करना झारखंड सरकार की नियति बन गई है दरअसल इनको रोजगार देना नहीं है इसलिए यह बहाना है राज ने कहा लोकसभा के चुनाव में 14 का 14 सीट एनडीए की झोली में जाएगी और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी 14 सीटों पर अपना विराट प्रचार करेंगे । राज ने कहा कि इसके लिए उन्होंने प्रभारी की घोषणा कर दी है वह स्वयं पूरे झारखंड का दौरा करेंगे।

## वासेपुर में खुला पहला स्वास्थ उपकेन्द्र, लोगों में खुशी की लहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लगभग तीन लाख की आबादी वाले इलाके मुस्लिम बहुल क्षेत्र वासेपुर में कल तक एक भी स्वास्थ केंद्र नहीं था। जिसका मुख्य कारण अफसरों की बेरुखी और जमीन का न मिलना सबसे बड़ी समस्या थी। जिस कारण बड़ी बीमारियों को छोड़ ही दीजिए लोगों को सर्दी-जुकाम तक के इलाज के लिए करीब सात किलो मीटर दूर सरायढेला में मेडिकल अस्पताल जाना पड़ता था लेकिन आजादी के 70 साल बाद यानी कल तक यहां के लोगों को यह स्वास्थ केंद्र एक सपना लगता था, जिसे वासेपुर के गैंगस्टर कहे जाने वाले फहीम खान की पत्नी रिजवाना परवीन ने जमीन दान देकर इसे हकीकत मे कर दिखाया है जिससे यहां के लोगों मे खुशी की लहर है। इसी क्रम मे दिनांक 6 मार्च 2024 को वासेपुर मे पहला स्वास्थ उपकेन्द्र खुला, जिसका उद्घाटन धनबाद सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन द्वारा फीता काट कर किया गया।

इस मौके पर फहीम खान के पुत्र इकबाल खान, सानु खान, निवर्तमान पार्षद निसार आलम, डॉक्टर मासूम आलम, वासेपुर अवेयरनेस सोसाइटी के अध्यक्ष अबु तारिक, मुमताज कुरैशी, सिकंदर आलम, बद्ररूद्दीन कुरैशी, इंजीनियर मशकुर आलम, अधिवक्ता शहबाज सलाम, अतीकुर रहमान, साजिद हुसैन, अबु तलहा, साबिर अंसारी, मोहम्मद अशफाक, इरशाद आलम, जाहिद आलम, नईम अंसारी, तन्नू आलम सहित अन्य कई गनमान्य लोग उपस्थित थे।

## घर में लगी आग, लाखों की सम्पत्ति जल कर हुई खाक



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को दोपहर 3 बजे के करीब ग्राम अरारी में जयराम पंडित के घर अचानक आग लग जाने से घर समेत लाखों की सम्पत्ति जल कर खाक हो गई। आग इतनी तेज थी कि देखते हीं देखते कुछ हीं समय में समूचे कच्चे मकान को आपने चपेट में ले लिया। हो हल्ला होने पर आए ग्रामीणों ने आग को बुझाने का अथक प्रयास किया परंतु असफल रहा। इस बीच घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा को दी गई। मुखिया प्रतिनिधि के माध्यम से प्रखंड विकास के द्वारा फायर ब्रिगेड को बुलाया गया तब जाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। इस बीच घर में रखा हुआ अनाज, नगदी, जेवर, बिचाली समेत कई कीमती समान जल कर राख हो गया। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है प्रशासन की ओर से उचित मुआवजा मिलनी चाहिए।

## एक ही परिवार के 2 बहुओं ने पति एवं ससुर पर लगया मारपीट का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत भरकट्टा निवासी बिजली देवी और रूबी देवी को इसके सुसराल वालो ने ही मारपीट कर घायल कर दिया।बुधवार को इसका इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल में चल रहा था। बताया गया कि दोनों महिला आपस में गोतनी बताया गया है। बिजली देवी नवीन माली की पत्नी है वही रूबी देवी विजय माली की पत्नी है। आरोप है कि इन दोनों के पति बहुत बड़ा शराबी हैं और शराब के नशे में ही उन्होंने घर के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इनके साथ मारपीट की जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गई। जिसके बाद दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। मार पीट का आरोप सुरेश माली, अशोक माली, रामेश्वर माली इत्यादि पर मारपीट का आरोप लगया गया है।

GOVERNOR`S SECRETARIAT
JHARKHAND, RANCHI-834008
Tel - 0651 - 2283465, 2283467, 2283466, Fax - 0651 – 2284870
E-mail – jhrgov@jhr.nic.in, www.rajbhavanjharkhand.nic.in

ADVERTISEMENT

Inviting online application for the post of Vice Chancellor, Kolhan University, Chaibasa.

The office of Chancellor invites online application from interested eligible candidates having scholarly pursuit, academic interest, administrative ability and other desired qualifications for the post of :-

1. Vice Chancellor, Kolhan University, Chaibasa.

All the instructions and link regarding submission of online application are available on website having URL www.rajbhavanjharkhand.nic.in or, Chancellor Portal (www.jharkhanduniversities.nic.in).

PR 321790 (Governor) 23-24 (D)

Governor Secretariat

**संक्षिप्त खबरें**

## एक बार फिर दिखा हथियों का तांडव, झुंड से बिछड़े हाथी ने तोड़े कई घर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के ओडगा ओ पी क्षेत्र में मंगलवार रात्रि झुण्ड से बिछुड़े अकेला जंगली हाथी ने काई घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान घर में रखे धान और चावल को भी जंगली हाथी ने खा गया। वही ओडगा महुआ टोली निवासी सुनील जोजो का घर ध्वस्त किया तथा घर में रखे अनाज खा गया। ओडगा गिरजा टोली निवासी विजय जोजो का मकान तोड़ा तथा अमर जोजो, पिता पवाल जोजो के बागान में लगे सब्जी को खो गया तथा रोंद दिया। कुटुगिया पंचायत के रामजाडी गांव नेल्सन कंडुलना तथा सरन कांडुलना का घर को जंगली हाथी ने बुरी तरह से क्षतिग्रसत कर गया है। पैतानो में गोस्नार लुगुन तथा कुलाओडा दर्जी टोली में सुगाड कंडुलना, पिता पतरास लुगुन का घर को भी रात्रि में ध्वस्त कर घर में रखा अनाज को खा गया।पिड़ित परिजनों ने अविलंब प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है।

# मनरेगा से प्रखंड में संचालित योजनाओं का लोकपाल ने किया निरीक्षण, कर्मियों को लगाई फटकार

**कहा मनरेगा के मजदूरों की मजदूरी भुगतान में लापरवाही पर होगी कारवाई : इंदू तिवारी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 मार्च को मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी के द्वारा प्रखण्ड में संचालित मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण, कर्मियों लगाई फटकार। लोकपाल इंदू तिवारी ने कूप निर्माण, बागवानी, फील्ड बण्ड कार्यस्थल का भ्रमण कर किया गहनता से जांच। वही लोकपाल ने कैरो गांव के मतीयस लकड़ा, पांडे महली के कूप निर्माण, जमाल अंसारी की बागवानी, सुकरा महली का फील्ड बण्ड को देखा। उन्होंने पांडे महली की कुआं की गहराई देखते हुए, इसके निर्माण में आने वाली परेशानियों को बारीकी से देखा। बरसात से पहले हरहाल के निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह दी। बागवानी में पौधे मरने व घेराबंदी ठीक नहीं होने के कारण नाराजगी जताते हुए मेठ, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक को फटकार लगते हुआ कार्य में पारदर्शिता लाने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने मजदूरी भुगतान सबंधी जानकारी भी लिया। मजदूरों के द्वारा मजदूरी भुगतान पिछ्ले 02 माह से नहीं होने की बात लोकपाल से कही। इस पर श्री मति तिवारी ने संचालित योजनाओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, पंचायत सेवक गुहा उरांव, विपिन उरांव, संदीप रविदास आदि मौजूद थे।

# शंख धारा महिला विकास मंडल द्वारा महिला महाअधिवेशन का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** बुधवार को स्थानीय कुडू मंगल बाजार में शंख धारा महिला विकास मंडल के द्वारा महिला महा अधिवेशन का आयोजन किया गया,ज्ञात हो की प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में शंख धारा महिला विकास मंडल के द्वारा महिला महा अधिवेशन का कार्यक्रम किया जाता है,परंतु इस वर्ष 8 मार्च को शिव रात्रि पर्व होने के कारण 6 मार्च को ही इस कार्यक्रम को किया गया। इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत शामिल हुई। उन्होंने इस कार्यक्रम को लेकर कहा की महिला आज के समय में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है साथ ही महिलाओं के द्वारा आज हर क्षेत्र में कंधे कंधे मिला कर कार्य किया जा रहा है,उन्होंने महिला मंडल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की आज महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा बहुत ही सहरानीय कार्य किया जा रहा है, सरकार के बहुत योजनाओं को महिला मंडल के माध्यम से शुरू किया जा रहा है। आज के इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी से नीरू शांति भगत के द्वारा भी महिला मंडल के सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा की आज महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं, आज महिलाएं सभी कार्यों में कंधे से कंधा मिला कर समाज में चल रही हैं,महिलाओं के बीच भेदभाव को खत्म करना है। इस मौके पर उप प्रमुख कुडू ऐनुल अंसारी ने कहा की आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं आज हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी एक महिला है,आज हम भी को मिल कर महिलाओं को आगे बढ़ाना है,आज कुडू प्रखंड में सरकार के मदद से बहुत कार्य शुरू किए गए हैं,जिसमें स्थानीय लोगों के साथ महिला मंडल के सदस्यों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने ये भी कहा अगर महिला मंडल के सदस्यों को कुछ अन्य योजनाओं की जरूरत है तो उसे भी शुरू करने का प्रयास जरूर किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित जे एस एल पी एस जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीता केरकेट्टा ने भी महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा बोली की आज सरकार की सभी मुख्य योजनाएं महिला मंडल के सदस्यों के माध्यम से होता है।

# पम्पापुर कॉलेज में तैयार होगा पढ़ाई का बेहतर माहौल : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा बुधवार को सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पंपापूर कॉलेज पालकोट पहुंचे। मौके पर विधायक ने कॉलेज की समस्याओ से रु ब रु होते हुए समस्याओं का समय पर निदान कराने का अस्वाशन दिया। विधायक ने कहा कि बहुत जल्द कॉलेज में हॉल का निर्माण,कॉलेज तक चलने के लिए कालीकरण पथ सहित अन्य सभी जन सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई के लिए कॉलेज परिसर में ही पढ़ाई की बेहतर माहौल तैयार कराई जाएगी। विधायक ने कहा कि आने वाले दिनों में पम्पापुर कॉलेज की पहचान दूसरे राज्यों तक भी दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने छात्रों को बदलते दौर के अनुसार कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने की नसीहत दी।



विधायक ने कहा कि आज हमारा भारत सबसे अधिक युवाओं की आबादी वाला देश है। पर अफसोस कि आज बेरोजगार युवाओं की काफी लंबी फौज खड़ी है। जिनको रोजगार देने के लिए केंद्र सरकार ने कोई तैयारी नहीं की। उन्होंने कहा कि सिर्फ डिग्रियां लेने मात्र से कुछ नहीं होगा। डिग्रियां के साथ साथ अपने अंदर हुनर पैदा करो। और उस हुनर को अपनी रोजी रोटी, स्वरोजगार का जरिया बनाओ। क्योंकि सरकारी नौकरियां सीमित है जबकि युवा फौज की आबादी सरकारी नौकरियों के मुकाबले कहीं ज्यादा अधिक है। विधायक ने कहा आज डिजिटल मार्केटिंग का दौर है। इसका मार्केट बहुत बड़ा है। यह वह क्षेत्र जिसमे आप घर बैठे ही आसानी से अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। आप इस ओर भी अपना ध्यान दें। उन्होंने सभी छात्रों को नशापान से दूर रहने की बार बार सलाह देते हुए कहा कि आज नशापान युवाओं को कमजोर करने एवं उन्हें भटकाने में सबसे बड़ी ताकत है। नशापान ही युवाओं को उनका उज्ज्वल भविष्य निखारने में रोड़ा बना है। अगर भविष्य में अपना जीवन खुशहाल एवं शांति के साथ गुजारना चाहते हैं तो इसे हर हाल अपने जीवन से त्याग करना होगा। मौके पर पालकोट राजा लाल दामोदर शहदेव, प्रिंसिपल मनोज जायसवाल, थाना प्रभारी पालकोट मो.जहागीर सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र शामिल थे।

# ग्राम सभा की बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखण्ड अंतर्गत बन्दरचुवां पंचायत के सेतासोया गांव में सुदर्शन कन्डुलना के अध्यक्षता में ग्राम सभा बैठक का हुआ आयोजन। ग्राम सभा बैठक में दिल्ली से देवनाथनजी,रांची से संजय बसु मल्लिक,कुन्दन कुमार एवं अश्विनी कुमार हुए शामिल। जिसमें प्रो. संजय बसु मल्लिक ने कहा कि आज हमारे गांव के जंगल में वनोपज का अपर भण्डार है परन्तु हम नहीं जानते कि वनोपज का संग्रह, विपणन कैसे और कहां करें, इसके बारे में प्रत्येक ग्राम सभा को जानकारी और उनके प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है साथ ही कहा कि जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों ने विरासत के रूप में दे कर गए हैं। जिसे हम सभी लोगों को सहेज कर रखना होगा क्योंकि हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए बड़ी आंदोलन के बदौलत ही हमें सुरक्षित रूप से मिली है। इसलिए सजग रहने की जरूरत है जरूरत पड़ी तो आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा। चूँकि अभी वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा वनाधिकार कानून 2006 को कमजोर करने के लिए नए कानून भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 2023 को लाकर हमें अपने अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे हम सभी कतई स्वीकार नहीं करेंगे। मौके पर डॉ देवनाथन ने अपने वक्तव्य में कहा कि ग्राम सभा जागरूक होगा तो जरूर आगे बढ़ाने के लिए हम अपने स्तर से सहयोग करने के लिए तत्पर है जिसके लिए जरूरी है कानूनी जानकारी, और व्यापार से संबंधित प्रशिक्षण की। इस अवसर पर कुन्दन कुमार गुप्ता, अश्विनी, समर्पण सुरिन, खुशीराम कुमार, सुबरदानी लुगुन, मूल्याणी डाँग ने भी अपने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में सुदर्शन कंडुलना, बलिराम मांझी, निश्तर कंडुलना, कोर्नरलयुस समद, दिलीप जोजो, तैयोफिल बुढ़, इंद्रावती देवी, अनिता देवी, सेलेस्टिन डाँग, बसंती देवी, मणौति कंडुलना, मुंजनी डाँग सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार युवक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित शिव मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में जे एच 07 के 7071 बुलेट पर सवार एक युवक घायल हो गया। घटना के तद्पश्चात पत्रकार के सहयोग से इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर एस आई मनोज कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना की जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त बुलेट को जब्त कर सुरक्षित थाना में रखा गया। वही घायल की पहचान गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई रोड करम डीपा निवासी संजू बाड़ा के पुत्र एमानबेल बाड़ा के रूप में किया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि गुमला से बुलेट पर सवार हो प्रदीप केरकेट्टा के पुत्र सुनील केरकेट्टा एवं एमानबेल बाड़ा चंदवा जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात ट्रक से टकराते हुए सड़क के किनारे जा गिरे जिससे एमानबेल बाड़ा को सिर पर गम्भीर चोटें आई है। फिलहाल घटना को लेकर स्थानीय पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। बुलेट सवार दोनो व्यक्ति को शराब के नशे में होने की बात बताई जा रही है।

## पेड़ से गिर स्कूली बच्चा हुआ जख्मी परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुर्की में संचालित सरकारी मध्य विद्यालय के पांचवी कक्षा के छात्र सुमित उराँव विद्यालय से निकल बेर खाने गया था। उसी दौरान सुमित उराँव पेड़ पर चढ़ कर बेर तोड़ रहा था। उसी क्रम में पैर फिसलने से नीचे गिर गया। जिससे माथा एवं बांया हाथ में गम्भीर चोटें आई है। बताया जाता है कि कोयनर टोली निवासी बालेश्वर उराँव के पुत्र सुमित उराँव नित्यदिन की तरह बुधवार को भी स्कूल गया हुआ था। लेकिन विद्यालय में गार्डिंग के अभाव में बच्चे स्कूल से निकल घूमते रहते है। जिसका परिणाम है कि आज यह हादसा हुआ। परिजनों ने बताया कि घटना की सूचना ग्रामीणों से मिलने के बाद पुत्र सुमित उरांव को घायल अवस्था में सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया।

## भाजपा कार्य समिति की बैठक आज, बैठक को संबोधित करेंगे सांसद सुदर्शन भगत व समीर उरांव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरूवार को लोहरदगा के बख्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में दिन के 11:00 बजे से भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा की एक विशेष कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई है। इस बैठक को मुख्य-अतिथि माननीय सांसद सुदर्शन भगत एवं लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव सम्बोधित करेंगे। इस कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के जिला कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला के सातों मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री, जिला के सभी मण्डल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सभी माननीय पूर्व विधायक लोहरदगा जिला से राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य, सभी पूर्व एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष उपस्थित होगें। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने दी।

# कूडू अस्पताल बना रेफरल भवन : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव कुडू में अवस्थित अस्पताल के कुव्यवस्था को लेकर सरकार और जिला प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा है कि यहां उपचार के नाम पर केवल रेफर किया जाता है। सरकार की ओर से दिए गए उपकरणों को एक रूम में सजाकर दिखावे के लिए रख दिया गया है। जिस उद्देश्य के लिए इसका निर्माण किया गया था उसके ठीक उल्टा काम होता है यहां। यहां के स्टाफ केवल उपस्थिति बनाकर वेतन लेने का काम करते हैं। अक्सर यहां देखा जाए तो यही पता चलेगा कि सिर दर्द से लेकर कमर टूटने वाले सभी को यहां से तुरन्त ही रेफर कर दिया जाता है। सरकार और जिला प्रशासन भी इस विषय पर कम्बल ओढ़ कर चैन की नींद सोए हुए हैं। उन दोनों से मांग करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था में तुरन्त सुधार करवाया जाए नहीं तो इसे यहां रखने नहीं दिया जाएगा। जो चीज उपयोगी नहीं उसकी कोई जरूरत नहीं है।

## मंदिर निर्माण को लेकर किया गया भूमि पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री सिद्धि विनायक मंदिर (गणेश भगवान का) निर्माण कार्य गणपति नगर लोहरदगा पूर्व में मेनका सिनेमा पास नीव पूजन, हवन कर मंदिर निर्माण कार्य चालू किया गया। मन्दिर निर्माण हेतु श्री शिव प्रसाद पोद्दार, श्री लालमोहन प्रसाद केशरी, प्रमोद पोद्दार, चांदमल पोद्दार, सूरज पोद्दार, संदीप पोद्दार, मनीष पोद्दार, हनुमान पोद्दार ने सामुहिक रूप से सभी दंपती सहित नीव पूजन किया और मंदिर निर्माण कार्य चालू कराया। मन्दिर निर्माण स्थल पर आशीष सिंह उर्फ पिंटू सिंह, डॉ एस के गुप्ता, दीपक साहू, मुरारी चौरसिया, दिनेश मोदक, अनूप दास, चंचल दास, राम जी प्रसाद, सुमित्रा पोद्दार, उषा पोद्दार, मंजू पोद्दार, रानू पोद्दार, नीतू पोद्दार, मोनिका पोद्दार, आशा पोदार, दीपिका पोद्दार, जानवी गोयल, छाया कुमारी, आदि ने अपना योगदान दिया है, मंदिर निर्माण करने के लिए ओम प्रसाद सिंह, चंद्रशेखर अग्रवाल, त्रिवेणी दास, सुषमा सिंह, डॉ टी साहू, बी के बालानिजप्पा, दिनेश पांडे, बबलू राय, मुकेश दुबे, सुमित राय, रामू साहू, दिनेश अग्रवाल, पीयूष केशरी, विक्रम पांडे, मुरारी साहू, राजेश सोनी, हिमांशु केशरी, रूबी ठाकुर, संजय पांडे, ऋ तु झा, मनोज साहू, आदि लोगों ने पूरा सहयोग करते हुए बधाई दी है।

## भाजपा का बूथ सम्मेलन हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी के सिमडेगा विधानसभा अंतर्गत पालकोट प्रखंड में मंडल अध्यक्ष गोपाल केसरी की अध्यक्षता में बूथ सम्मेलन संपन्न हुआ । इस सम्मेलन में 74 बूथ में से 70 बूथ के अध्यक्ष सम्मिलित हुए इस बैठक में अतिथि के रूप में सिमडेगा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा जी, सांसद प्रतिनिधि राम अवध साहू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि पालकोट सूर्यदेव सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य दीप नारायण दास जी जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू केंद्रीय मंत्री के पी.एस. शिवकुमार जी कैलाश गोस्वामी जी कृष्ण सिंह जी उपस्थित है भूत सम्मेलन में अपने विचार रखने के दौरान पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा जी ने कहा बूथ अध्यक्ष पार्टी के रन होते हैं भारतीय जनता पार्टी का हमेशा नारा रहा है बूथ की तो चुनाव जीतो भारतीय जनता पार्टी का विचारधारा हमेशा से राष्ट्रवाद के लिए समर्पित होता है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देश और राष्ट्र निर्माण के लिए काम करते हैं अन्य पार्टी के या अन्य दल के कार्यकर्ताओं के जैसे निजी स्वास्थ के लिए काम नहीं करते हैं हमारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का जगह और दूसरे दल के कार्यकर्ता नहीं ले सकते हैं इस बार दिन दुगनी रात चौगुनी क्षेत्र भ्रमण कर क्षेत्र की जनता से मिलजुल कर भारतीय जनता पार्टी के सांसद श्रीमान अर्जुन मुंडा जी को प्रचंड बहुमत से जीतकर आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी का हाथ को मजबूत करना है और नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत करना देश को मजबूत करना

## महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां में जुटे लोग

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है, वही सदर प्रखंड क्षेत्र के मंदिरो में भी तैयारियां शुरू हो चुकी है, मंदिरों व शिवालयों को सजाया जा रहा है। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों की सहूलियत एवं अन्य व्यवस्थाओं में लोग जुट चुके हैं।कई जगह कीर्तन, भजन, व सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। सदर प्रखंड प्रखंड क्षेत्र के पौराणिक खखपरता शिव मंदिर के साथ पंचायत के अन्य मंदिर तथा शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है वही जगह जगह पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए है। भंडरा प्रखंड स्थित अखिलेश्वर धाम, खखपरता शिव मंदिर इत्यादि मंदिरो में अखंड हरि कृतन का आयोजन किया जाएगा।

# एकजूट होकर राज्य के अस्तित्व को बचाने की आवश्यकता : अश्विनी कुजूर

- झारखण्डी पहचान व अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश : कयूम खान
- एकजुट रहें और संगठन की जिम्मेवारी निभाने के लिए तैयार रहें : प्रो. विनोद भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड आन्दोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय मैदान में कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, केन्द्रीय समिति सदस्य सह जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत, महिला संयोजिका सीता उरांव, केन्द्रीय सदस्य चैतू मुंडा मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर संबोधित करते हुए वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि आज आदिवासियों, मूलवासियों के अस्तित्व इसलिए खतरे में हैं, क्योंकि इनकी रक्षा के लिये बनी तमाम कानून व अधिनियम ठण्डे बस्ते में डाल दिये गये। इन्हीं की रक्षार्थ आज सभी आदिवासी, मूलवासी संगठन, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों को जनमुद्दों पर एकजूट होकर राज्य के अस्तित्व को बचाने की आवश्यकता है। प्रधान महासचिव कयूम खान ने झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मंत्री दीपक बिरूआ जी एवं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से से मुलाकात कर हुई वार्ता में आंदोलनकारियों की समस्याओं में सहानुभूति पूर्वक कार्य करने की बात बताई गई। श्री खान ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने आजादी के पूर्व, आजादी की लड़ाई के समय एवं आजादी के बाद भी शोषण के खिलाफ लम्बी संघर्ष किए। हमारे अमर पुरोधाओं ने अपनी कुर्बानी दीं। लंबे संघर्ष के बाद राज्य का गठन हुआ। जिसके बुनियाद में जल-जंगल-जमीन, भाषा, संस्कृति, परंपरा व महान जीवन प्रणाली की रक्षा अर्न्तनिहित थी। झारखण्डी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही राजिश के खिलाफ आन्दोलनकारियों का त्याग एवं बलिदान आज बेकार साबित हो चला है। प्रो. विनोद भगत ने कहा कि एकजुट रहें और संगठन की जिम्मेवारी निभाने के लिए तैयार रहें। उन्होंने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन स्वयं झारखंड आंदोलनकारी हैं। वे झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए मान-सम्मान, नियोजन,पेंशन और हक अधिकार देने के लिए के सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द आंदोलनकारियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। संबोधित करने वालों में सीता उरांव, जिला सचिव विशेषण भगत, सुखदेव उरांव, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, चैतू मुंडा, सुशीला लकड़ा आदि शामिल थे। बैठक में अनुप उरांव, दशरथ उराँव, मनोज उराँव, सोमनाथ उराँव, रामधनी भगत, प्रकाश नायक, दामोदर महतो, तारा खलखो, सूरज मोहन लकड़ा, दीपक वर्मा, आरिफ खान, जगदीश उराँव, गंगा उराँव, सीता उराँव, रूदन उराँव, पिरिस्का कुजूर, हलीम खान आदि समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे। आगामी बैठक को किया जाएगा। मंच संचालन जगदीश उरांव लोकसभा चुनाव के एक सप्ताह बाद करने का निर्णय हुआ है। धन्यवाद ज्ञापन दीपक वर्मा ने की।

# नगर भवन में सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों को किया प्रथम किस्त का भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के निर्देश पर आज दिनाक 06 मार्च, 2024 को नगर भवन लोहरदगा में सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह, विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पोषण अभियान अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन करने वाले आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को स्पेशल इंसेंटिव के रूप में सेविका हो 5000/-एवं सहायिका को 2500/- राशि प्रदान की गई तथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृधि योजना एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान की गई, राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 02 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान की गई, साथ ही गोदभराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम भी आयोजित किया गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे सर्वजन पेंशन योजना (50-60 वर्ष) एक महत्वपूर्ण योजना हैं जिसका आज प्रथम किस्त का भुगतान किया गया हैं जिससे जिले के अनेक वृद्ध लाभुक लाभान्वित होंगे, पोषण के बारे में जन जन तक जागरूकता फ़ैलाने हेतु लोगो को आह्वान किया क्यूंकि सही पोषण से ही सशक्त भारत का निर्माण होगा। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा बताया गया कि कुपोषण मुक्त जिला बनाने की लिए हमें जन जन तक लोगो को सही पोषण के लिए जागरूक करना होगा जिसमे सभी की भागीदारी होनी चाहिए ताकि हम अपने लोहरदगा जिले को कुपोषण मुक्त जिला बना सके। साथ ही उन्होंने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन,2024 में अधिक से अधिक लोगो को अपना मताधिकार का प्रयोग करना हैं लोहरदगा ने यह ठाना हैं 90 त्न से अधिक मतदान कराना हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षका एवं जिला के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### महिला की हत्या मामले में सौतन और उसके भाई को उम्रकैद

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने बुधवार को महिला की हत्या के दोषी भाई-बहन सुभाष महतो और मिमता देवी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत में मृतका के पति धनराज महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि कांके थाना क्षेत्र में धनराज महतो की दूसरी पत्नी अंजू देवी की हत्या धनराज महतो की पहली पत्नी मिमता देवी ने अपने भाई सुभाष महतो के साथ मिलकर कर दी थी। धनराज महतो की दोनों पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। 13 जनवरी 2001 को पहली पत्नी ने अपने भाई के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। मामले को लेकर मृतका के पिता ने अपने दामाद धनराज महतो, उसकी पहली पत्नी और उनके भाई के खिलाफ कांके थाना में एफआईआर दर्ज कराया था। अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही हुई। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया था।

### निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने किया आरोप पत्र दायर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से दो करोड़ की ठगी करने वाले निवेश कुमार के खिलाफ ईडी ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को आरोप पत्र दाखिल किया है। निवेश कुमार दिनेश गोप का आर्थिक सलाहकार रहा है। ईडी ने यह जानकारी दी है कि निवेश दिनेश गोप का फंड मैनेज करता था और पीएलएफआई द्वारा लेवी के रूप में वसूली की गई राशि को अलग-अलग जगह इन्वेस्ट करने में मदद करता था। विदेशी हथियार दिलाने के नाम पर निवेश कुमार ने दिनेश गोप से दो करोड़ों की ठगी की थी। विदेशी अत्याधुनिक हथियार की तस्वीर वीडियो कॉल के माध्यम से दिखाकर निवेश कुमार ने दिनेश गोप से ठगी की थी। उल्लेखनीय है कि छह जनवरी 2022 को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान निवेश कुमार को धुर्वा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### शाहजहां मामले में सीबीआई ने दर्ज की तीन प्राथमिकी

**कोलकाता :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में छापेमारी करने गई प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की टीम पर हमले के सिलसिले में दो और प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने अब तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। सीबीआई ने उच्च न्यायालय के आदेश पर तीन प्राथमिकी दर्ज की लेकिन राज्य पुलिस ने मामला न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देते हुए शेख की हिरासत नहीं सौंपी। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 29 फरवरी को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था और इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी। सीबीआई की टीम मंगलवार को अर्धसैनिकों बलों के साथ कोलकाता में स्थित सीआईडी के कार्यालय शेख की हिरासत लेने गई लेकिन पश्चिम बंगाल पुलिस ने उसे नहीं सौंपा। बुधवार को भी शाम छह बजे तक ऐसा ही हुआ है। एजेंसी के एक उप निदेशक ने पांच जनवरी की शाम को शेख और कई अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बसीरहाट के पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास)को शामिल नहीं किया जबकि शिकायत में इसका उल्लेख था।

# फ्लाईओवर निर्माण में तेजी लाएं : चंपाई

## * जुलाई 2024 तक निर्माण हर हाल में पूरा करें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बुधवार को राजधानी रांची में बन रहे निर्माणाधीन कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाईओवर की कार्य प्रगति का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग एवं जुडको के अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य हर हाल में निर्धारित समय में पूरा करने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मौके पर मुख्यमंत्री श्री



चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण जल्द करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लाईओवर की सुविधा आमजनों के लिए है, इसलिए जरूरी है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरत पड़े, तो मानव बल बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण जुलाई 2024 तक हर हाल में पूरा कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता जुलाई 2024 से फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

### फ्लाईओवर निर्माण पूरा होने तक ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे। कहा कि कोई भी नया निर्माण दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। लम्बे अरसे तक राज्य की जनता इस फ्लाईओवर का उपयोग कर सके, इस निमित्त निर्माण से संबंधित सभी मापदंडों पर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाएं।

#### ये रहे उपस्थित

मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अरवा राजकमल, उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री चंदन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस की गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक स्थगित

**रांची :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की लोकसभा समन्वय समिति की बैठक के कार्यक्रम में मामूली फेरबदल किया गया है। इस संबंध में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि पूर्व निर्धारित गोड्डा लोकसभा समन्वय समिति की देवघर में आठ मार्च को प्रस्तावित बैठक को महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। अन्य लोकसभा क्षेत्र की बैठक निर्धारित तिथि पर ही होगी। गोड्डा लोकसभा के लिए नई तिथि की घोषणा नए सिरे से जल्द ही की जाएगी।

## न्यायिक जांच के लिये कांग्रेस ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

**रायपुर :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में हुये तथाकथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ की हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कांकेर जिले की पुलिस द्वारा 25 फरवरी को कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र में हुये तथाकथित पुलिस और नक्सली मुठभेड़ के संबंध में मुठभेड़ में मारे गये लोगों के बारे में उनके परिजनों तथा ग्रामीणों द्वारा गंभीर सवाल खड़ा किया जाना तथा कहना कि मारे गये तीनों लोग नक्सली नहीं थे उनके यह आरोप बेहद ही चौकाने वाले हैं तथा उन सभी के परिजनों ने मृतकों के बैंक पासबुक, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड सभी कुछ दिखाया है। मारे गये लोगों मृतक अनिल हिड़को, रामेश्वर नेगी, सुरेश तेता की पत्नियों, माता-पिता, परिजनों एवं ग्रामवासियों का कहना है कि वे सब चावल, दाल लेकर रस्सी लेने जा रहा हूं बोलकर निकले थे। अभी तेंदूपत्ता बूटा कटाई का समय है। अप्रेल में तेंदूपत्ता तोड़ाई होता है उसके लिए सब लोग अभी रस्सी जुगाड़ कर लेते है। उसी को लेने ये लोग जंगल गए थे, हमारे पति नक्सली नहीं है, और ये लोग जो समान दिखा रहे है, वैसा कुछ नहीं है। हमारे पति को नक्सली बता कर मारा गया है।ग्रामीणों की शिकायतें बेहद ही गंभीर और संवेदनशील है। आरोप पुलिस पर लगे है। आरोपों को गंभीरता को देखते हुये यह आवश्यक है कि इस मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की जानी चाहिये।

## स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत के बल पर ही देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त हुआ : मंत्री

### लेजर शो के साथ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार की संध्या लेजर शो के साथ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न हो गया। ज्ञात हो कि गढ़वा में गत तीन मार्च को आयोजित पांच बड़ी योजनाओं का लोकार्पण के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की ओर से चार



दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन कराया गया था। लेजर शो के माध्यम से सर्वप्रथम गढ़वा के वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद कई देशभक्ति गानों का लेजर शो के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। मंत्री श्री ठाकुर ने भी लेजर शो के माध्यम से वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की जीवनी का प्रदर्शन देखा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे वीर शहीद नीलांबर पीतांबर सहित अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत के बाद आज हम आजाद भारत में जिंदगी जी रहे हैं। जिन स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुर्बानी दे कर भारत मां को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराया है, ऐसे सभी वीर शहीदों को शत-शत नमन है।

इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमें अपने देश की गौरव एवं इतिहास को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त होता है।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## काफी सरल हो गया है राजभाषा हिन्दी में काम करना : कुमार संजय

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पत्रिका 'राजभाषा जोहार' के चतुर्थ अंक का लोकार्पण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक बुधवार को रांची के होटल रेडिशन ब्लू में हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय ने की। यह बैठक इस कलेंडर वर्ष की द्वितीय एवं नराकास की 26वीं बैठक थी। समिति के 97 सदस्य कार्यालयों में 130 सदस्य शामिल हुए, जिसमें 50 ऐसे कार्यालय थे, जिसके कार्यालय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष शामिल हुए।



बैठक का संचालन करते हुए समिति के सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने अध्यक्ष के साथ यहां उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण में उन्होंने नराकास बैठक की महत्ता एवं सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा भी की। कुमार संजय ने कहा कि ऐसी स्थिति आज नहीं रह गई है, जहां राजभाषा हिन्दी में काम करना कठिन हो। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है। उन्होंने राजभाषा नीतियों, नियमों एवं आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में कार्य करना व करवाना है तो हमें इस प्रकार से योजना बनानी पड़ेगी कि लोग हमारे पास आएं और कहें कि मैं हिंदी में कार्य करना चाहता हूं और हिंदी में कार्य करना भी सरल है।

इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पत्रिका 'राजभाषा जोहार' का चतुर्थ अंक का लोकार्पण भी किया गया। वर्ष 2022-23 के लिए नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रथम तीन पत्रिकाओं को अध्यक्ष ने स्मृति चिह्न प्रदान किया। कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र की तकनीकी अधिकारी (राजभाषा), अणिमा प्रभा ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष में एक भारतीय की मौत

**नई दिल्ली :** रूस और यूक्रेन संघर्ष में एक भारतीय की रूसी सेना में सहयोग के दौरान मौत हो गई है। मरने वाले की पहचान हैदराबाद के रहने वाले 30 वर्षीय मोहम्मद असफान के तौर पर हुई है। वे उन भारतीयों में शामिल हैं, जिन्हें धोखे से रूसी सेना में शामिल कराया गया है। रूस के भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने एक्स पर बताया कि हमें एक भारतीय नागरिक मोहम्मद असफान की दुखद मृत्यु के बारे में पता चला है। हम परिवार और रूसी अधिकारियों के संपर्क में हैं। मिशन उनके पार्थिव शरीर को भारत भेजने का प्रयास करेगा। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन और रूस के संघर्ष में कुछ भारतीयों के रूसी सेना से जुड़ने के समाचार आए हैं। इन लोगों को गलत जानकारी देकर और रूसी भाषा की जानकारी के अभाव में सीधे सैन्य संघर्ष से जुड़ना पड़ा है। आज पहली बार एक भारतीय की मौत की पुष्टि हुई है।

## नाबार्ड ने महिला किसानों व एसएचजी को किया सम्मानित

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका चलाने वाली तथा कृषि व लघु उद्योगों के क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं सम्मानित किया।इस मौके पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक रघुनाथ बी ने हरियाणा की महिला किसानों, एसएचजी सदस्यों, एफपीओ की महिला सदस्यों की उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता के लिए उद्यमिता, कौशल विकास, क्षमता निर्माण और क्रेडिट लिंकेज सबसे महत्वपूर्ण उपकरण हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कृषि, एमएसएमई, प्रौद्योगिकी और ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों के योगदान को मान्यता प्रदान करना और उनका सम्मान करना है। उन्होंने



कहा कि ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम एक सशक्त योजना है। हाल ही में नाबार्ड और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने ग्रामीण महिला एसएचजी को लाभ पहुंचाने के लिए एक एमओयू किया है। जिसके तहत लखपति दीदी योजना के अनुरूप परिपक्व महिला एसएचजी का क्षमता निर्माण, कौशल और उद्यमिता प्रशिक्षण, फिजिकल और ऑनलाइन मार्केटिंग, सतत आर्थिक गतिविधियों के लिए कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों में एसएचजी समूहों का उत्पादक संगठनों मे रूपांतरण, महिला एसएचजी के लिए जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना आदि शामिल है।

इस पर संस्था की संरक्षक हरजिंदर कौर, बालाजी एसएचजी की अध्यक्ष बनारसी देवी ने महिलाओं के कौशल विकास, डेयरी और कृषि में अपनी सफल यात्रा को साझा किया और ग्रामीण महिलाओं को चुनौतियों का सामना करने और कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्यम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संजय राऊत बोले

## जल्द होगा महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों में सीटों का समझौता

एजेंसी

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राऊत ने कहा कि महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों के बीच लोकसभा चुनाव के सीटों का समझौता बहुत जल्द हो जाएगा। आज सहयोगी दलों के नेताओं की बैठक में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत हुई है लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है।

मुंबई में बुधवार को महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों के नेताओं की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी की ओर से बालासाहेब थोरात, शिवसेना (यूबीटी) की ओर से उद्धव ठाकरे, राकांपा(शरद पवार) की ओर से शरद पवार, जयंत पाटिल और महाविकास आघाड़ी की ओर से प्रकाश आंबेडकर शामिल हुए। बैठक में सीटों के तालमेल पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका लेकिन बैठक समाप्त होने के बाद प्रकाश आंबेडकर ने बताया कि अगली बैठक में सब कुछ साफ हो जाएगा। पिछली बैठक में महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों की इससे पहले हुई बैठक में उद्धव ठाकरे की शिवसेना को 22 सीटें, कांग्रेस पार्टी को 15 और शरद पवार को राकांपा को 11 सीटें दिए जाने पर सहमति हुई थी। उस समय प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी को शिवसेना के हिस्से से सीट दिया जाना तय हुआ था लेकिन प्रकाश आंबेडकर ने इसे अमान्य कर दिया था।

प्रकाश आंबेडकर ने कम से कम 10 सीटों की मांग की है। इसी वजह से महाविकास आघाड़ी के नेताओं की फिर से आज बैठक आयोजित की गई थी। महाविकास आघाड़ी में 15 सीटों को लेकर मतभेद है। हालांकि, संजय राऊत और प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि इस मतभेद को आपसी चर्चा से सुलझा लिया जाएगा।

## अमेठी लोकसभा : कभी गांधी-नेहरू परिवार का था दबदबा, अब भाजपा काबिज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेठी लोकसभा सीट का सियासी इतिहास बेहद रोमांचक है. 2019 से पहले जब भी अमेठी को सियासत के फ्रेम से देखने की कोशिश की जाती थी, तो उस फ्रेम में ज्यादातर समय कांग्रेस के उम्मीदवार ही दिखते थे.लेकिन 2019 के आम चुनाव के बाद फ्रेम भी बदला और उसके अंदर की तस्वीर भी और अब नए फ्रेम में बीजेपी ही बीजेपी दिखती है. ये वही अमेठी है जिसे एक समय पर कांग्रेस का अभेद्य किला माना जाता था. साथ ही इसे दशकों से गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा. और ये वही अमेठी है जहां एक समय पर उस समय के सांसद राहुल गांधी के लापता होने के पोस्टर तक चसपा किए गए.उत्तर प्रदेश के 80 लोकसभा सीटों में से अमेठी सीट को नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है. हालांकि, इस सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को बीजेपी की स्मृति ईरानी ने बड़े अंतर से हरा दिया था. लेकिन अगर अमेठी में हुए आज तक के लोकसभा चुनाव के इतिहास को देखें तो ये बात साफ हो जाती है कि यह सीट ज्यादातर समय तक कांग्रेस के ही पास रही है. अमेठी को उत्तर प्रदेश के वीवीआईपी सीटों में से एक माना जाता है. 2019 से अमेठी की यह सीट भारतीय जनता पार्टी यानी बीजेपी के पास है. अमेठी लोकसभा सीट के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें आती हैं. इन विधानसभा सीटों के नाम हैं तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज, सालौन और अमेठी.बात अगर अमेठी में हुए लोकसभा चुनाव की करें तो 1967 के आमचुनाव में अमेठी लोकसभा सीट पहली बार अस्तित्व में आया. इस नई सीट पर कांग्रेस के विद्याधर वाजपेयी सांसद बने. तब उन्होंने बीजेपी के गोकुल प्रसाद पाठक को साढ़े तीन हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था. इसके बाद 1972 में विद्याधर वाजपेयी दोबारा अमेठी के सांसद बने. 1977 के चुनाव में पहली बार गांधी परिवार से किसी ने इस सीट से अपनी दावेदारी पेश की थी. कांग्रेस पार्टी ने गांधी परिवार से संजय गांधी को मैदान में उतारा था. लेकिन आपातकाल के दौरान सरकार द्वारा





उठाए गए कदमों की तीव्र आलोचना के चलते जनता ने संजय गांधी पर अपना विश्वास नहीं जताया. नतीजा यह रहा कि इस चुनाव में संजय गांधी की हार हुई. और जनता पार्टी के उम्मीदवार रविंद्र प्रताप सिंह यहां से सांसद चुने गए. 1980 में संजय गांधी की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में इंदिरा गांधी के बड़े बेटे राजीव गांधी ने अमेठी की बागडोर संभाली. इसके बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी को ही एक बार फिर अमेठी से मैदान में उतारा गया.1984 में इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई. तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने राजीव को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई. इसके बाद लोकसभा चुनावों की घोषणा हो गई. राजीव फिर अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए गए तो मेनका ने राजीव के मुकाबले निर्दलीय उम्मीदवार के तौर में पर्चा भर दिया.यह मुकाबला नेहरू-गांधी परिवार के दोनों वारिसों के बीच हो गया. जब नतीजे आए तो मेनका के सामने राजीव को प्रचंड जीत मिली. 1984 लोकसभा चुनाव में राजीव को 3,65,041 वोट जबकि उनके विरोध में उतरीं मेनका को महज 50,163 वोट ही मिल सके. इस तरह से मेनका को 3,14,878 वोटों से करारी हार झेलनी पड़ी. बात अगर 1989 और 1991 के लोकसभा चुनावों की करें तो यहां से एक बार फिर राजीव गांधी ही इस सीट से सांसद बने. 1991 के लोकसभा चुनावों के दौरान 20 मई को पहले चरण की वोटिंग हुई. 21 मई को राजीव गांधी प्रचार के लिए तमिलनाडू गए हुए थे. तब इस दौरान ही उनकी हत्या कर दी गयी.1991 और 1996 में अमेठी लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुआ जिसके बाद कांग्रेस के सतीश शर्मा सांसद बने. हालांकि, 1998 में कांग्रेस को दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा.जब भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह ने सतीश शर्मा को 23 हजार वोटों से हराया था.1999 में सोनिया गांधी ने जीता चुनाव. 1999 में कांग्रेस से राजीव गांधी की पत्नी सोनिया गांधी चुनावी मैदान में उतरीं और उन्होंने संजय सिंह को 3 लाख से भी अधिक वोटों से हराया. इसके बाद 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी पहली बार इस सीट से चुनाव लड़े, उन्होंने बसपा प्रत्याशी चंद्रप्रकाश मिश्रा को 2 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया. 2009 में भी राहुल ने अमेठी सीट से जीत दर्ज की.

**किस पार्टी ने कब दर्ज की जीतः** अब तक के हुए 16 लोकसभा चुनावों और 2 उपचुनाव में कांग्रेस ने 16 बार जीत का परचम लहराया. सिर्फ दो बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा जब 1977 में भारतीय लोकदल और 1998 में बीजेपी ने इस सीट पर जीत दर्ज की. अमेठी में हुए पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को 55 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था. स्मृति ईरानी को 4 लाख 68 हजार से ज्यादा वोट मिले थे. जबकि राहुल गांधी के हिस्से में 4 लाख 13 हजार से ज्यादा वोट गए थे. स्मृति ईरानी को कुल वोट का 49.71 प्रतिशत और राहुल गांधी को 43.86 प्रतिशत वोट मिले थे. तीसरे नंबर पर एक निर्दलीय प्रत्याशी रहे थे.

**क्या है अमेठी का जातिगत समीकरण?ः** अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 1967 में बनाया गया था. अमेठी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है. संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी के बाद राहुल गांधी इस सीट से सांसद चुने गए थे. 2013 में अमेठी की जनसंख्या 15,00,000 थी. जातिगत समीकरण के अनुसार यहां 66.5 प्रतिशत हिंदू हैं और मुस्लिम 33.04 प्रतिशत हैं.लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के लोगों तक पहुंचने के प्रयास तेज कर दिए हैं. वे उत्तर प्रदेश के इस जिले का लगातार दौरा कर रही हैं. सियासी गलियारों में चर्चा है कि स्मृति ईरानी के इस सीट से आगामी आम चुनाव लड़ने की संभावना है.